


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 176 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) अश्विन अमावस्या 2082 रविवार, 21 सितंबर-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## शिक्षा विभाग में 20.47 करोड़ की हेराफेरी

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। ईडी, इंदौर उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने कमल राठौर और अन्य आरोपी व्यक्तियों द्वारा ब्लॉक शिक्षा कार्यालय (बीईओ), कट्ठीवाड़ा, जिला अलीराजपुर, मध्य प्रदेश में फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। ब्लॉक शिक्षा कार्यालय में 917 फर्जी बिल लगाए गए। इसके जरिए 20.47 करोड़ रुपये की हेराफेरी कर 134 बैंक खातों में गबन की राशि जमा करा दी गई। गबन की राशि को सफेद करने के लिए वह पैसा कई जगहों पर निवेश कर दिया गया। ईडी ने बिलों की धोखाधड़ी से निकासी और सरकारी धन के दुरूपयोग के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 4.5 करोड़ रुपये मूल्य की 14 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।

# ‘चिप हो या शिप हमें बनाने होंगे’

## > पीएम मोदी ने विदेशी निर्भरता को बताया दुश्मन

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने ‘समुद्र से समृद्धि’ कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।



इसके बाद पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए आज इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत बहुत बधाई। 17 सितंबर को आप सबने अपने नरेंद्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं... व्यक्तिगत तौर पर सबका धन्यवाद करना संभव नहीं है, लेकिन भारत के कोने-कोने से, विश्वभर से ये जो प्यार मिला है, आशीर्वाद मिले हैं। ये मेरी बहुत बड़ी संपत्ति है, ये मेरी बहुत बड़ी ताकत है। इसलिए मैं आज सार्वजनिक रूप से देश और दुनिया के सभी महानुभावों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है।

सच्चे अर्थ में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वो है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता...। यही हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है और हमें मिलकर भारत के इस दुश्मन को हराना ही होगा। जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता... उतनी ज्यादा देश की विफलता। विश्व में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए... दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आत्मनिर्भर बनना ही होगा।

## वित्त मंत्रालय का निर्देश त्योहारों पर बंद करें गिफ्ट देना

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ. सुमंत्र पाल की एक सलाह, कर्मचारियों के बीच चर्चा का केंद्र बनी है। इस सलाह पर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसयू) के कर्मचारी हैरान और परेशान हैं।

दरअसल, आर्थिक सलाहकार की तरफ से 17 सितंबर को लोक उद्यम विभाग (डीपीई) को कहा गया है कि केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में दीवाली और दूसरे त्योहारों पर गिफ्ट देने की प्रथा पर रोक लगाई जाए। गिफ्ट से सरकारी खर्च बढ़ता है। अर्थव्यवस्था में जनता के संसाधनों का न्यायपूर्ण उपयोग हो, इसके लिए यह कदम उठाना जरूरी है।

## गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश : जस्टिस गवई

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं।



उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं। वे कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच एक विशिष्ट स्थान रखते हैं। उनके कई सदस्य प्रशासनिक सेवाओं से आते हैं जबकि अन्य न्यायपालिका से आते हैं। उन्होंने कहा कि यह विविधता एक ताकत है, जो न्यायिक कौशल और प्रशासनिक अनुभव को एक साथ लाती है। लेकिन सदस्यों को लगातार प्रशिक्षित करने की जरूरत है। साथ ही पात्रता और आचरण के समान मानकों का पालन कराना चाहिए। सीजेआई ने कहा, इससे न्यायिक सदस्य लोक प्रशासन की बारीकियों से परिचित हो सकेंगे, जबकि प्रशासनिक सदस्यों को कानूनी तर्क-वितर्क में प्रशिक्षण जरूरत होगी। मेरी बात को अन्यथा नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि आपको पता ही नहीं होता कि आप क्या कह रहे हैं और सोशल मीडिया पर क्या आ रहा है।

उन्होंने कहा, एक न्यायाधीश के रूप में मैंने व्यक्तिगत रूप से देखा है कि कुछ प्रशासनिक सदस्य या प्रशासन से आने वाले कुछ न्यायाधीश... यह नहीं भूलते कि वे प्रशासन से आते हैं और सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से कतराते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें इस पर विचार करना चाहिए।

## कांग्रेस ने कहा-रणनीतिक चुप्पी बन गई बोझ

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के एच-1 वीजा शुल्क बढ़ाने के फैसले को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। पार्टी ने मोदी को ‘कमजोर’ प्रधानमंत्री करार देते हुए कहा कि उनकी ‘रणनीतिक चुप्पी’ और ‘शोर-शराबे वाले दिखावे’ अब बोझ बन गए हैं। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एच1-बी वीजा पर हाल के फैसले से अमेरिकी सरकार ने भारत के सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली लोगों के भविष्य पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का साहस याद है, जब अमेरिका में एक महिला आईएफएस राजनयिक का अपमान किया गया था।

गोगोई ने आरोप लगाया कि अब प्रधानमंत्री मोदी की रणनीतिक चुप्पी और ‘शोर-शराबा’ की प्राथमिकता भारत और उसके नागरिकों के राष्ट्रीय हित के लिए बोझ बन गई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया कि आठ साल बाद, राहुल गांधी एक बार फिर निर्दोष साबित हुए। उन्होंने गांधी के 2017 के एक पोस्ट को उन मीडिया रिपोर्टों के साथ टैग किया जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच बातचीत में एच-1बी वीजा का मुद्दा नहीं उठा था। खेड़ा ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने 2017 में ही इस पर चिंता जताई थी और तब से कुछ भी नहीं बदला है।

## मोहनलाल को दादा साहब फाल्के अवॉर्ड मिलेगा



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड का ऐलान हो गया है। इस साल यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार और कंप्लीट एक्टर कहे जाने वाले मोहनलाल को दिया जाएगा। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को यह घोषणा की। मोहनलाल पिछले चार दशक से फिल्मों में सक्रिय हैं। मोहनलाल ने केवल मलयालम ही नहीं, तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। 1980 के दशक में ‘मंजिल विरिंजा पूक्कल’ से करियर की शुरुआत करने वाले मोहनलाल ने लगभग 350 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। मोहनलाल ने कहा यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरी मलयालम फिल्म इंडस्ट्री का है। इससे पहले मोहनलाल को 5 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुका है। वे पद्म भूषण और पद्मश्री से भी सम्मानित किए जा चुके हैं। सिनेमा के क्षेत्र में उनके योगदान के कारण उन्हें ‘द कंप्लीट एक्टर’ की उपाधि दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा-दशकों तक फैले अपने समृद्ध फिल्मी और नाट्य सफर से मोहनलाल ने न केवल मलयालम सिनेमा, बल्कि थिएटर को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

## ‘योग्यता के आधार पर ही नियुक्ति’

मुंबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने शनिवार को एक कार्यक्रम में नौकरशाही की पारदर्शिता को लेकर कई बाते कही। उन्होंने बताया कि सरकार ने शासन में आते ही चुपचाप कई सुधार शुरू किए थे। साथ ही उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार और राज्य संचालित कंपनियों में नियुक्तियों में विशेषज्ञता, योग्यता और प्रतिष्ठा को प्राथमिकता दी जा रही है। केंद्र सरकार की नियुक्तियों में अब वरिष्ठ नौकरशाहों और सार्वजनिक उपक्रमों में शीर्ष पदों पर तैनाती सिर्फ अनुभव के आधार पर नहीं, बल्कि डोमेन की विशेषज्ञता, योग्यता और साख को ध्यान में रखकर की जा रही है। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने मुंबई स्थित आईआईएम के दीक्षांत समारोह में यह बात कही।

मिश्रा ने कहा कि 2014 से कर्मियों के प्रबंधन में जो रणनीतिक बदलाव शुरू हुए थे। वे अब एक नए युग की सिविल सेवा के निर्माण की दिशा में ले जा रहे हैं। इस बदलाव से वरिष्ठ पदों जैसे संयुक्त सचिव, अतिरिक्त सचिव और सचिव स्तर की नियुक्तियां अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष हुई हैं। उन्होंने बताया कि 2016 में वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती के लिए मल्टी-सोर्स फीडबैक प्रणाली लागू की गई। इसमें वरिष्ठों, कनिष्ठों, सहकर्मियों और बाहरी हितधारकों से फीडबैक लेकर निर्णय लिए जाते हैं।

## वोट चोरी कर सत्ता में आए पीएम मोदी हमारे पास पक्के सबूत : राहुल गांधी



वायनाड (केरल), 20 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक ‘हाइड्रोजन बम’ सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा, हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं। हमारे पास सौ प्रतिशत जानकारी है कि जो कुछ हुआ है, वह सामने आने वाला है। उन्होंने अपने पिछली दो प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए कहा, हमने महादेवपुरा और आलंद में मतदाता की गलत तरीके से जोड़ी और हटाई गई जानकारी दिखाई है। हम इसे इस तरह दिखाएंगे कि भारत में कोई भी यह शक नहीं करेगा कि नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर चुनाव जीता है।



# पुलिस ने पकड़ी एमडी ड्रग 225 ग्राम की कीमत 34 लाख

नागपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस ने 34 लाख की एमडी ड्रग पकड़ी है। नागपुर पुलिस ने एमडी तस्करों के अंतराराज्यी रैकेट का पर्दाफाश किया है। आरोपियों से 34 लाख की एमडी बरामद की गई है और 4 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। नागपुर की कलमना पुलिस ने एमडी तस्करों के अंतर राज्यीय रैकेट का पर्दाफाश किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह तस्कर मध्य प्रदेश और राजस्थान से एमडी की खेप लाते थे। नागपुर जोन 5 के उपायुक्त निकेतन कदम ने बताया कि कलमना पुलिस को गस्त के दौरान मिनीमाता नगर इलाके में एक कर पर शक हुआ, पीछा करके तलाशी लेने पर कर के डेस बोर्ड में छुपाई गई एमडी ड्रग मिली। पुलिस ने कार चालक अमित शर्मा को गिरफ्तार किया, दूसरी कार की तलाशी में भी एमडी ड्रग मिली। इस तरह 225 ग्राम एमडी पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस के अनुसार 225 ग्राम एमडी का बाजार मूल्य 34 लाख रुपये बताई गई है। पूरे रॉकेट की सूत्रधार महिला की तलाश नागपुर पुलिस कर रही है। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें अमित शर्मा, मुकेश तराले, आयुष इंगोले, मयूर ठोवकर शामिल हैं।

ड्रग रैकेट की सूत्रधार महिला का पति पहले ही जेल में है। हालांकि, पति के जाने के बाद उसने इस धंधे में कदम रखा और अपने अन्य साथियों से भी आगे निकल गई। पुलिस के जाल बिछाने के बाद सभी आरोपई बचकर ड्रग की तस्करी कर रहे थे।

# नवरात्रि में पीएम मोदी का जम्मू-कश्मीर दौरा



जम्मू, 20 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह नवरात्रों के दौरान जम्मू-कश्मीर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर सकते हैं। नवरात्रे 22 सितंबर से शुरू हो रहे हैं, और इसी दौरान प्रधानमंत्री के दौरे की संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इस दौरे के दौरान पीएम मोदी हाल ही में जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों में हुई भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लेंगे। साथ ही, बाढ़ से प्रभावित लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। भाजपा के संगठन महामंत्री अशोक कौल ने पीएम मोदी के संभावित दौरे की पुष्टि करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नवरात्रों के दौरान जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। वे जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, यह दौरा एक दिन का होगा, लेकिन इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ केंद्र सरकार की एक उच्च स्तरीय टीम भी मौजूद रहेगी।

यह टीम विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों का विस्तृत आकलन करेगी। पीएम मोदी के दौरे में हवाई सर्वेक्षण (एरियल सर्वे) भी शामिल है, जिसके जरिए वे प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेंगे। दौरे और आकलन के आधार पर केंद्र सरकार की ओर से जम्मू-कश्मीर के लिए एक बड़ा राहत पैकेज घोषित किए जाने की उम्मीद है।

# जुड़वां बेटों को अपनी बाहों में लिए मलबे में मिली मां



चमोली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के चमोली जिले से करीब 50 किलोमीटर दूर कुंतरी लगा फाली गांव में बीते गुरुवार को बारिश से हुए भूस्खलन ने भयानक तबाही मचाई। जब रेस्क्यू टीम मलबे को हटाते हुए 38 साल की कांता देवी के पास पहुंची, तो एक दिल दहला देने वाला मंजर सामने आया। कांता देवी अपने 10 साल के जुड़वां बेटों को दोनों बांहों में लिए मलबे के नीचे दबी मिलीं। ऐसा लग रहा था जैसे आखिरी सांस तक वह अपने बच्चों को बचाने की कोशिश करती रहीं।

मां और दोनों बेटों की मौत ने पूरे गांव को गम में डुबो दिया है। इस हादसे का शिकार हुए लोगों के कुल 5 शव बरामद किए गए। कांता देवी का परिवार उनमें शामिल था। उनके पति कुंवर सिंह को गुरुवार को 16 घंटे की मशक्कत के बाद जिंदा निकाला गया था, लेकिन अब उनके पास न घर बचा है, न परिवार। उनका घर इस भूस्खलन में पूरी तरह तबाह हो गया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें पिछले 32 घंटों से मलबे में जिंदगी की तलाश कर रही थीं। कटर मशीनों की मदद से मलबे को काटकर रास्ता बनाया गया। दोपहर 1 बजे के बाद कांता देवी और उनके बेटों के शव मिले।

# बीएमसी की नहीं मानी चेतावनी

## कबूतरों को दाना डालने पर 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई के बांद्रा इलाके में कबूतरों को दाना डालने को लेकर 4 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इनमें 3 पुरुष और एक महिला शामिल हैं। आरोपियों की पहचान मेहताब अहमद शेख, निखिल हरिनाथ सरोज, सलाम दुर्गेश कुमार के रूप में हुई है। जबकि महिला की पहचान अभी तक पुलिस नहीं कर पाई है। बांद्रा पुलिस के मुताबिक, बांद्रा तलाव के पास बीएमसी के अधिकारी मौजूद थे। उन्हें देखा कि कुछ लोग कबूतरों को दाना डाल रहे हैं।

बीएमसी अधिकारियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की और कहा कि यह करना मना है। अधिकारियों ने बताया कि आप लोग कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं और इस पर कार्रवाई होगी। लेकिन आरोपियों ने उनकी बात नहीं मानी और दाना डालना जारी रखा। इसी दौरान एक महिला वहां आई और उसने भी कबूतरों को दाना डालना शुरू कर दिया। बीएमसी अधिकारियों ने महिला को बताया कि दाना डालना मना है। बावजूद इसके, महिला ने उनकी बाते अनसुनी कर दी और दाना डालना जारी रखा।

यहां तक कि उसने अधिकारियों से बहस भी की और फिर अपनी स्कूटी लेकर वहां से चली गई। बांद्रा पुलिस स्टेशन ने चारों लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 270, 271, 223 और 221 के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई बॉम्बे हाई कोर्ट के हालिया आदेश के बाद की गई है। अदालत ने निर्देश दिया था कि खुले में कबूतरों को दाना डालना रोकने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेड़कर का ड्राइवर गिरफ्तार, अपहरण में था शामिल

मुंबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने पूर्व प्रशिक्षु आईएएस पूजा खेड़कर के ड्राइवर को रोड रेज मामले में गिरफ्तार किया है। 13 सितंबर को नवी मुंबई में रोड रेज की घटना के बाद एसयूवी में सवार दो लोगों ने कथित तौर पर ट्रक चालक को अगवा कर लिया।। वह शख्स पुलिस को बाद में पूजा खेड़कर के घर से मिला था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में वांछित पूजा खेडकर के पिता दिलीप खेडकर अभी भी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान ड्राइवर की संलिप्तता सामने आने पर उसे हिरासत में लिया गया।

पुलिस ने सोमवार को बताया था कि पुणे पुलिस ने पूजा खेड़कर की मां मनोरमा खेड़कर के खिलाफ रविवार को चालक की तलाश में घर में घुसने की कोशिश कर रही पुलिस को कथित तौर पर बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज



किया था। इसके अलावा, नवी मुंबई पुलिस ने एसयूवी सवार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। पूजा खेड़कर पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी और ओबीसी व दिव्यांग कोटे का गलत लाभ उठाने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि कथित अपहरण शनिवार शाम को मुंबई से सटे नवी मुंबई टाउनशिप में मुलुंड-ऐरोली रोड पर उस समय हुआ, जब प्रह्लाद कुमार (22) यहां अपना कंक्रीट मिक्सर ट्रक लेकर जा रहे थे। रबाले पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन से टकरा गया, जिसके बाद कुमार और एसयूवी में सवार दो लोगों के बीच बहस हो गई। इसके बाद एसयूवी सवार लोगों ने चालक को पुलिस थाने ले जाने के बहाने जबरन अपनी गाड़ी में बिठा लिया और मौके से फरार हो गए।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने गाड़ी का पीछा किया और पीड़ित को पूजा खेड़कर के बंगले से खोज निकाला। शुरुआत में खेड़कर की मां ने कथित तौर पर पुलिस को घर में घुसने से रोका और उनसे झगड़ा किया। हालांकि, बाद में पुलिस टीम घर में घुसने में कामयाब रही। उन्होंने कुमार को वहां से बचाया और उन्हें वापस नवी मुंबई ले आए।

# सज गया होलीलॉज, चंडीगढ़ में कौन होंगे खास मेहमान

**कहां होगी रिसेप्शन? हो गया सब तय**

शिमला, 20 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं राज्य के छह बार मुख्यमंत्री रहे राजा वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह की शादी के लिए शिमला में होलीलॉज सज गया है। राजशाही परिवार में शादी की तैयारियों जोरों पर हैं। विक्रमादित्य सिंह के निजी आवास होलीलॉज को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।

विक्रमादित्य सिंह ने खुद इसका वीडियो अपने इंस्टाग्राम और फेसबुक पेज पर शेयर किया है। होलीलॉज रात के अंधेरे में इन लाइटों से खूबसूरत नजर आ रहा है। राजशाही परिवार रविवार को चंडीगढ़ के लिए रवाना होगा। विक्रमादित्य सिंह माता एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, बहन-बहनोई व कुछ दोस्तों समेत कल चंडीगढ़ जाएंगे। 22 सितंबर



को चंडीगढ़ में सुबह 10 बजे शादी की रस्में पूरी होंगी। विक्रमादित्य सिंह पंजाब की डॉ. अमरीन कौर से शादी करने जा रहे हैं। विवाह समारोह चंडीगढ़ स्थित अमरीन कौर के निवास हाउस नंबर 38, सेक्टर-2 में होगा। इसके बाद, दोपहर एक बजे लंच रखा गया है।

शाम को विक्रमादित्य सिंह दुल्हन लेकर चंडीगढ़ से शिमला लौटेंगे और शाम को होलीलॉज में वधु प्रवेश होगा। शिमला के मरीना होटल में 24 सितंबर को रिसेप्शन रखी गई है, इसमें कैबिनेट मंत्री, विधायक, अधिकारी सहित करीबी मौजूद रहेंगे।

# वैश्विक अयप्पा सम्मेलन: पिनरई बोले

## सबरीमाला पर झूठा प्रचार बंद हो, मंदिर की आमदनी से एक रुपया नहीं लेती सरकार



पठानमथिट्टा (केरल), 20 सितंबर (एजेंसियां)। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने शनिवार को कहा कि यह जानबूझकर झूठ फैलाया जा रहा है कि सरकार सबरीमाला में किसी अल्पसंख्यक बैठक की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, इस तरह का प्रचार केवल लोगों को गुमराह करने की एक राजनीतिक चाल है। पत्रकारों का काम है कि वह सच्चाई को ईमानदारी से सामने रखे , लेकिन कुछ लोग जानबूझकर झूठ फैलाते हैं। एक सुनियोजित झूठ कुछ लोगों को गुमराह कर सकता है, लेकिन सच्चाई हमेशा स्पष्ट रहती है। विजयन पठानमथिट्टा में वैश्विक अयप्पा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा, हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि 2031 तक केरल को कैसे आगे ले जाना है, खासकर जब हम केरल के एकीकरण की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इसी क्रम में अक्तूबर में 33 विभागीय सेमिनार होंगे, जिनकी मेजबानी संबंधित मंत्री करेंगे। इन सेमिनार से यह पता चलेगा कि केरल ने अब तक कितनी प्रगति की है और विकास की दिशा में आगे कैसे बढ़ना है। विजयन ने कहा, कोरोना संकट के समय में देवस्वम बोर्ड की रोजमर्रा की गतिविधियां भी मुश्किल में आ गई थीं। उस समय सरकार ने 140 करोड़ रुपये की मदद की।

इसके अलावा, 129 करोड़ रुपये मंदिरों की मरम्मत के लिए दिए। 2011-12 से अब तक सबरीमाला मास्टर प्लान के तहत करीब 148 करोड़ रुपये विकास परियोजनाओं पर खर्ज किए गए हैं। हाल ही में सन्निधानम और पांबा में भी कार्यों को मंजूरी दी गई है। 2016-17 से 2025 तक देवस्वम संस्थानों के आधुनिकीकरण और विकास के लिए 680 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है, जिसमें त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड के लिए 145 करोड़ रुपये, कोचीन देवस्वम बोर्ड के लिए 26 करोड़ रुपये, मालाबार देवस्वम बोर्ड के लिए 35 करोड़ रुपये, और पद्मनाभस्वामी मंदिर सहित अन्य संस्थानों के लिए अतिरिक्त राशि शामिल है। फिर भी यह झूठ फैलाया जाता है कि सरकार मंदिरों की आय ले रही है। सच्चाई यह है कि मंदिरों की आमदनी से सरकार ने एक भी रुपया नहीं लिया है। इसके विपरीत, सरकार लगातार मंदिरों की गतिविधियों को बनाए रखने, कर्मचारियों को वेतन देने और विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता देती रही है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा, कुछ लोग सवाल करते हैं कि अब इस तरह तरह के आयोजन क्यों किए जा रहे हैं। इसका जवाब आसान है- समय बदल चुका है और भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इसलिए अब व्यापक और उच्च स्तर की सोच की जरूरत है। कुछ लोग तो अदालत तक चले गए थे ताकि ऐसे आयोजन रुक जाएं, लेकिन यह स्पष्ट है कि उनका उद्देश्य भक्ति नहीं था। यह मांग करना कि मंदिरों का प्रबंधन केवल श्रद्धालुओं को सौंपा जाए, इतिहास को नजरअंदाज करना है। यही श्रद्धालु पहले देवस्वम बोर्ड की मांग कर रहे थे,क्योंकि उस समय मंदिर बुरी हालत में थे। इन बोर्डों ने मंदिरों को फिर से खड़ा किया, कर्मचारियों का वेतन सुनिश्चितकिया और पूजा स्थलों को टूटने से बचाया। उन्होंने कहा, सबरीमाला का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अद्वितीय है और इसे पूरी दुनिया के सामने पेश किया जाना चाहिए।

यह जरूरी है कि यह तीर्थस्थल पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुलभ बने और बिना पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए इसके विकास कार्य आगे बढ़ें। हमारा लक्ष्य है कि यात्रा कम थकाऊ हो और दुनियाभर के श्रद्धालु आसानी से यहां आकर पूजा करके सुरक्षित लौट सकें। इसके लिए ट्रांसपोर्ट सिस्टम से लेकर वर्चुअल कनेक्टिविटी तक हर संसाधन का इस्तेमाल होना चाहिए। हर भाषा में जानकारी और पंजीकरण सहायता केंद्र उपलब्ध होने चाहिए। अफसोस की बात है कि कुछ लोग इन प्रयासों को गलत तरीके से पेश करके समाज में भ्रम और विभाजन पैदा कर रहे हैं,जो सबरीमाला और उसके श्रद्धालुओं के हित के खिलाफ है।

# देहात पुलिस ने पकड़ा नशा तस्कर

## छह किलो हेरोइन और चार लाख रुपये ड्रग मनी बरामद



अमृतसर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। खुफिया जानकारी के आधार पर अमृतसर देहात पुलिस ने सीमा पार से सक्रिय नशा तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में गुरु की वडाली निवासी शंकर सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 6.286 किलो हेरोइन और 4 लाख रुपये ड्रग मनी बरामद की गई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी सीधे विदेशी तस्करों के संपर्क में था। पुलिस ने इस मामले में थाना लोपोके, अमृतसर देहाती में एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच जारी है और पुलिस नेटवर्क के बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज की पड़ताल कर रही है। एसएसपी देहाती मनिंदर सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपों से पूछताछ की जा रही है जल्दी इस मामले में और भी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए ऐसे ड्रग तस्करी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जाएगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# वडोदरा और गोधरा में बवाल

## विवादित पोस्ट के विरोध में पुलिस स्टेशन पर हिंसा, पुलिस ने किया लाठीचार्ज


वडोदरा, 20 सितंबर (एजेंसियां)। वडोदरा और गोधरा में देर रात दो अलग-अलग जगहों पर तनावपूर्ण हालात बने। वडोदरा के जुनी घड़ी इलाके में दो गुटों के बीच पथराव हुआ, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। वहीं, गोधरा के बी डिवीजन पुलिस स्टेशन पर एक ही समुदाय के लोगों ने हंगामा किया। दोनों ही घटनाओं के पीछे सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट और वीडियो को लेकर बढ़ी नफरत का हाथ बताया जा रहा है। पथराव के बाद वडोदरा में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सिटी पुलिस स्टेशन पहुंचे और घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को काबू में किया। घायल व्यक्ति को भी अस्पताल भेजा गया।

गोधरा में बी डिवीजन पुलिस स्टेशन पर हिंसक घटना हुई। पुलिस के मुताबिक, एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले विवादित वीडियो पोस्ट किए जा रहे थे। जब उसे पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया, तब एक समुदाय के लोग समर्थन में इकट्ठा हुए और पुलिस स्टेशन पर तोड़फोड़ की। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर हालात काबू में कर लिए। किसी के घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस समुदाय के बीच शांति बनाए रखने की कोशिश कर रही है। वडोदरा और गोधरा दोनों ही जगहों पर पुलिस की सक्रियता ने हालात को नियंत्रित किया।

वडोदरा में संयुक्त पुलिस आयुक्त लीना पाटिल और सिटी पुलिस के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया। गोधरा में भी बड़ी संख्या में रेंज आईजी और जिला पुलिस प्रमुख सहित पुलिस बल तैनात किया गया। दोनों ही शहरों में पुलिस ने स्थानीय नेताओं के साथ बैठक कर हालात की समीक्षा की। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि सोशल मीडिया पर संवेदनशील सामग्री साझा करते समय सतर्क रहें और किसी भी विवादास्पद स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें।

# सीसीटीवी फुटेज से बैंक जांच तक

## मनीषा हत्याकांड में 17 दिन बाद सीबीआई की पड़ताल कहां तक पहुंची




भिवानी, 20 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के भिवानी जिले में शिक्षिका मनीषा की संदिग्ध मौत मामले की जांच कर रही सीबीआई टीम लगातार साक्ष्य जुटा रही है। टीम एक बार फिर सिंघानी और मृतका के गांव ढाणी लक्ष्मण पहुंची। सबसे पहले टीम ने सिंघानी में ग्रामीण बैंक का निरीक्षण किया और वहां करीब सवा घंटे तक मौजूद रही। माना जा रहा है कि टीम ने बैंक परिसर और उसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके बाद सीबीआई टीम ढाणी लक्ष्मण पहुंची, जहां उन्होंने मनीषा के घर जाकर स्वजनों से बातचीत की और नए सिरे से कुछ जानकारियां जुटाईं। गौरतलब है कि गुरुवार को भी सीबीआई ने सिंघानी गांव में खाद-बीज दुकानदार देवेंद्र से पूछताछ की थी और उन स्थानों का मुआयना किया था, जहां-जहां सीसीटीवी फुटेज में मनीषा नजर आई थी।

पिछले 17 दिनों से सीबीआई टीम इस केस की गहराई से जांच कर रही है। टीम अब तक प्ले स्कूल संचालक, स्टाफ, नर्सिंग कॉलेज संचालक, बकरी पालक, खेत मालिक, खाद-बीज विक्रेता और लाइब्रेरी संचालक समेत कई लोगों से पूछताछ कर उनके बयान दर्ज कर चुकी है। टीम ने मौके पर सीन ऑफ क्राइम भी रीक्रिएट किया और हर पहलू से जांच की जा रही है। साथ ही सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री (सीएफएसएल) ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर वैज्ञानिक जांच की। अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले की तह तक जाने के लिए तकनीकी साक्ष्य और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों का मिलान किया जा रहा है।

# ' शिंदे की शिवसेना धीरे-धीरे बीजेपी में विलीन'

***उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत का बड़ा हमला***

मुंबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। शिवसेना (यीबीटी) सांसद संजय राउत ने एकनाथ शिंदे गुट पर एक बार फिर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा, "गद्दार हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं... राजेश मोरे कौन हैं, हमें पता भी नहीं है।" संजय राउत ने प्रताप सरनाइक और एकनाथ शिंदे की उपलब्धियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह सब सिर्फ ध्यान भटकाने की कोशिश है। उन्होंने दो टूक कहा कि वे ठाणे जाएंगे या नहीं, यह कोई सवाल ही नहीं है- वे कल ही ठाणे जाकर आए हैं।

संजय राउत ने कहा कि राजन विचारे पहले से ही पार्टी में हैं और अगर वह नहीं होते तो शिंदे भी नहीं होते। सतीश प्रधान के टिकट के मुद्दे पर उन्होंने शिंदे पर हमला बोलते हुए कहा कि "सतीश प्रधान को खुद बालासाहेब ठाकरे ने उम्मीदवार बनाया था।" उन्होंने दावा किया कि शिंदे गुट की मानसिकता बेहद निचले स्तर की है और अब इस पर बात खत्म हो चुकी है। संजय राउत ने आरोप लगाते हुए कहा, "हमने कभी शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के साथ किसी और का फोटो नहीं लगाया।

अरे पीएम मोदी से बड़ा फोटो लगाओ न आनंद दिघे का!" उन्होंने कहा कि शिंदे गुट धीरे-धीरे बीजेपी में विलीन हो रहा है और धमकियों से वह डरने वाले नहीं हैं। संजय राउत ने बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा, "बुलेट ट्रेन बनने दो... हमारा विरोध है, क्योंकि हमने इसकी मांग कभी नहीं की थी।

आपने दिल्ली से मुंबई क्यों नहीं जोड़ी? सिर्फ मुंबई को गुजरात से जोड़ने की जल्दी है।" मुंबई के ट्रैफिक और आधारभूत सुविधाओं पर भी उन्होंने राज्य सरकार को घेरा और पूछा कि क्या इस पर कोई जवाब है? राउत ने शंभुराज देसाई पर भी निशाना साधते हुए कहा कि "आप गद्दार हैं... आनंद दिघे जैसे सम्मानित नेता के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं।"

# यात्रियों के लिए अच्छी खबर, सस्ता हुआ रेल नीर



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय रेल में मिलने वाला पैक्ड पानी 'रेल नीर' अब सस्ता हो गया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि जीएसटी कम होने का फायदा सीधे यात्रियों को दिया जा रहा है। इसी वजह से रेल नीर की कीमत घटा दी गई है। अब एक लीटर बोतल की कीमत 15 रुपये की जगह 14 रुपये होगी और आधा लीटर बोतल की कीमत 10 रुपये की जगह नौ रुपये होगी। दरअसल, रेल नीर भारतीय रेलवे का अपना ब्रांड है, जो यात्रियों को ट्रेनों और स्टेशनों पर साफ और सुरक्षित पीने का पानी उपलब्ध कराता है। इसे आईआरसीटीसी (भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम) संचालित करता है। इसकी शुरुआत साल 2003 में इसलिए हुई थी क्योंकि उस समय स्टेशनों पर अक्सर घटिया क्वालिटी का पानी बिकता था। रेल नीर का मकसद यात्रियों को अच्छी गुणवत्ता और भरोसेमंद पैक्ड पानी देना है। रेलवे बोर्ड के नए आदेश (सर्कुलर संख्या 18/2025) के मुताबिक अब रेल नीर और रेलवे द्वारा चुने गए अन्य पैक्ड पानी के ब्रांड पहले से सस्ते मिलेंगे। इस फैसले से यात्रियों को सीधा फायदा होगा, क्योंकि अब वे ट्रेन या स्टेशन पर कम दाम में पानी की बोतल खरीद पाएंगे। बोर्ड ने साफ किया है कि, यह नई कीमतें 22 सितंबर 2025 से पूरे देश में लागू होंगी।

यानी इस तारीख के बाद ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में पानी की बोतलें नए कम रेट पर मिलेंगी। रेलवे बोर्ड ने यह फैसला यात्रियों की सुविधा और खर्च का ध्यान रखते हुए लिया है। कई साल से रेल नीर की कीमत नहीं बदली थी। गर्मियों में यात्रियों के लिए पानी सबसे जरूरी होता है। अब बोतल के दाम कम होने से उन्हें सीधा फायदा मिलेगा। खासकर लंबी यात्राओं में, जहां बार-बार पानी लेना पड़ता है, यह फैसला यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। दरअसल, रेलवे की पीएसयू आईआरसीटीस मुख्य रूप से चार तरह के कारोबार से पैसा कमाती है।

इनमें खानपान , रेल नीर, इंटरनेट टिकटिंग और पर्यटन शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा कमाई कपनी को पानी बेचकर होती है। कपनी ने वित्त वर्ष 2025 चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे मई 2025 जारी किए थे। इनमें ने पानी बेचकर मोटी कमाई की थी। इस तिमाही में कपनी को रेल नीर बेचकर 96 करोड़ की कमाई हुई थी। कंपनी ने 30 जून, 2025 को खत्म हुई तिमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजे जारी किये थे। कंपनी की कुल आय 11.8% बढ़कर 1,159.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान तिमाही में 1,117.5 करोड़ रुपये थी। यह ग्रोथ खानपान, रेलनीर, इंटरनेट टिकटिंग और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के योगदान से हुई थी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद
रविवार, 21 सितंबर, 2025 3

सु
वि
चा
र

सच्चे रिश्ते कुछ नहीं मांगते सिवाय साथ और समय के।

# भट्टी ने महिला सशक्तिकरण के लिए वित्तीय सहायता का वादा किया



हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए किसी भी राशि का आवंटन करने को तैयार है। उन्होंने यह बात शनिवार को हैदराबाद के जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत यूसुफगुडा में महिला स्वयं सहायता समूहों को ब्याज मुक्त ऋण वितरित करते हुए एक कार्यक्रम के दौरान कही। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब साहूकारों के पास जाने की कोई आवश्यकता नहीं है और महिलाओं को अब पूंजी के लिए ऊंची ब्याज दर वाले साहूकारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस सरकार के दौरान महिला समूहों की उपेक्षा की गई और पिछले 10 वर्षों से किसी ने भी महिला स्वयं सहायता समूहों पर ध्यान नहीं दिया। भट्टी विक्रमार्क ने कहा, हैदराबाद में स्वयं सहायता समूहों में 63 लाख सदस्य हैं, जिनमें से 5,09,957 सदस्य जीएचएमसी के अधिकार क्षेत्र में 30 मंडलों के 50,764 समूहों में कार्यरत हैं। राज्य सरकार आने वाले दिनों में इस संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करने की योजना बना रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद में कई गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपने घर चलाने के लिए अपने पतियों के साथ मिलकर छोटे व्यवसाय चलाने वाली महिलाओं पर निर्भर हैं। हालांकि, साहूकारों से लिए गए उच्च ब्याज वाले ऋण अक्सर उनके मुनाफे को खा जाते हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों और कुछ व्यक्तियों द्वारा सालाना 20,000 करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने की व्यवहार्यता पर संदेह के बावजूद, सरकार ने पहले ही वर्ष में 21,632 करोड़ रुपये वितरित कर एक रिकॉर्ड स्थापित किया है और अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। एमईपीएमए के माध्यम से, जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र की 8,130 महिलाओं को चेक के रूप में 41.51 करोड़ रुपये के ब्याज-मुक्त ऋण वितरित किए गए।

## पति ने की पत्नी की हत्या

कुमराम भीम आसिफाबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेबेना मंडल के नारायणपुर गांव में शनिवार सुबह पारिवारिक विवाद के बाद एक महिला की उसके पति ने कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 5 बजे पति तिरुपति ने गजेला श्रावंथी (38) पर चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। श्रावंथी खून से लथपथ हालत में मिली। बताया जा रहा है कि तिरुपति को पत्नी पर शक था। दंपति का एक बेटा और एक बेटी है। घटना की जानकारी मिलते ही आसिफाबाद के एएसपी चित्तरंजन, रेबेना इंस्पेक्टर संजय और सब-इंस्पेक्टर वेंकटकृष्ण ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कहा कि शिकायत दर्ज होने के बाद ही सही कारणों का पता चल पाएगा।

## वेंकटपुरम में माओवादियों के मिले पर्चे

### 21 से 27 सितंबर तक स्थापना सप्ताह मनाने की अपील

मुलुगु, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के वेंकटपुरम मंडल में शनिवार को माओवादियों के पर्चे मिले हैं, जिनमें लोगों से सीपीआई (माओवादी) के 21वें स्थापना सप्ताह समारोह को मनाने की अपील की गई है। ये पर्चे भद्राचलम-वेंकटपुरम राज्य राजमार्ग पर पत्रापुरम-टेकुला बोरु गांवों के पास मिले।

माओवादी संगठन ने जनता से 21 से 27 सितंबर तक देशभर में क्रांतिकारी भावना के साथ कार्यक्रम आयोजित करने की अपील की है। केंद्रीय समिति ने कहा है कि पार्टी और पीएलजीए की सुरक्षा, साथ ही 'ऑपरेशन कगार' का मुकाबला करने के लिए एक मजबूत आंदोलन की जरूरत है। समिति का कहना है कि पार्टी अपनी क्षमताओं को और बढ़ाकर तथा हुए नुकसानों पर काबू पाकर दुश्मन के लिए अजेय बनने की दिशा में काम करेगी।

## सूर्यापेट में पिता ने की मासूम बेटी की हत्या

### नशे की हालत में बेरहमी से पटकने से गई जान

सूर्यापेट, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सूर्यापेट कस्बे में शुक्रवार रात एक वर्षीय बच्ची भाविग्ना की उसके पिता वेंकटेश ने बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, घटना आधी रात के आसपास की है जब वेंकटेश नशे में घर लौटा। उसकी पत्नी ने उसे शांत करने और हंगामा करने से रोकने की कोशिश की, लेकिन मामला बिगड़ गया। जब उनकी बेटी फूट-फूट कर रोने लगी, तो गुस्से में आकर वेंकटेश ने कथित तौर पर उसकी टांगें पकड़ लीं और उसे बार-बार जमीन पर पटक दिया।

बच्ची के सिर और अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। उसे सूर्यपेट के सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद, शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कविता को उनके ही परिवार के सदस्यों ने निशाना बनाया : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बीआरएस एमएलसी कविता को उनके ही परिवार के चार सदस्य (केसीआर, केटीआर, हरीश राव और संतोष राव) संपत्ति और प्रभुत्व के मुद्दों को लेकर निशाना बना रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि जब कविता जेल में थीं, तब केसीआर, केटीआर और हरीश ने बीआरएस का भाजपा में विलय करने की कोशिश की थी। रेवंत ने मीडियाकर्मियों से बातचीत में भाजपा और बीआरएस पर किसानों को गुमराह करने और राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें दंडित करने के लिए यूरिया पर 'कृत्रिम नाटक' रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में स्थानीय निकाय चुनाव लंबित विधेयकों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ही होंगे। फोन टैपिंग मामले को सीबीआई को सौंपने की खबरों को खारिज करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय इसकी निगरानी कर रहा है।

## CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, 13987706Y HAV (MT) HARI KRISHNA ATLURI (RTD) My son name from A HARUN CHOWDARY to ATLURI HARUN CHOWDARY and my daughter's name from A BONITHA CHOWDARY to ATLURI BONITHA CHOWDARY For all Records.

### दिवाली मेला

दिवाली मेले के लिए स्टॉल बुकिंग, गिफ्ट आइटम, दीपक, रंगोली, चाट, साड़ी, कुर्ता, कैंडेल, ज्वेलरी, मिठाई स्टाल के लिए संपर्क करें : सपना गुप्ता 9347014699 स्थान गोशामहल, हिन्दी नगर स्पोर्ट्स ग्राउण्ड, बेगम बाजार पुलिस स्टेशन के पास।

### सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

जय श्री राम : श्री गणेशाय नमः : (स्थापना: दि. 13.01.2010) जय श्री राम
आज रविवार दि: 21-09-2025 को
सर्वपित्री-पितृपक्ष अमावस्या
यादेवी श्री आईजी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44, मेडचल रोड, कल्लाकल।
गौशाला प्रांगण में भोजन प्रसादी एवं भजनों का कार्यक्रम रहेगा।
गौशाला में चारा भेट करने वाले गौ भक्तों का दोपहर 1:00 बजे सम्मान किया जाएगा
गौशाला प्रांगण में पधार कर दान पुण्य कर दर्शन, पूजा, सेवा का लाभ लेवे।
सम्पर्क : नारायणलाल : 8712311785, सिरवी वी ताराराम पंवार : 9246368842
Gpay / phone pay : 9246368842
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES

।। श्री आई माताय नमः ।। ।। श्री गणेशाय नमः ।। ।। श्री खेतलाजी नमः ।।
श्री आई माता मंदिर (बडेर) जीडिमेटला
हैदराबाद (तेलंगाना) के तत्वावधान में
नवरात्रि महोत्सव
सोमवार, दि. 22-9-2025 से बुधवार, 1-10-2025 तक
-: कार्यक्रम :-
हवन : प्रतिदिन प्रातः 7-15 से 10-31 बजे तक
पूर्णाहुति : बुधवार, दि. 1-10-2025 प्रातः 7-15 से 11-00 बजे तक
भजन संध्या : सोमवार, दि. 22-9-2025 को रात्री 9-15 से सम्पूर्ण रात्री
भजन गायक : श्री अमरारामजी (आईजी भजन मंडली)
डांडिया नृत्य : मंगलवार, दि. 23-9-2025 से बुधवार, दि. 1-10-2025 तक समय रात्रि 9-15 से 11-30 बजे तक
विशेष : उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में केवल सीरवी समाज बन्धु ही भाग ले सकते है तथा अपने मोबाईल से फोटोग्राफी व विडियोग्राफी करना सख्त मना है
*:: हवन में बैठने के लिए ::*
मांगीलाल काग (9676147019), देवाराम बर्फा (9494252590) से संपर्क करें
निवेदन : समाज बन्धुओं से निवेदन है कि नवरात्रि महोत्सव में पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ, भजनों के कार्यक्रम में सपरिवार भाग लेकर माँ श्री आईजी के दर्शनकर पुण्य का लाभ लेवें एवं कार्यक्रम को सफल बनावें।
निवेदक : समस्त कार्यकारिणी समिति, सीरवी समाज, जीडिमेटला, हैदराबाद, तेलंगाना
अध्यक्ष : रावतराम बर्फा 9849829443 सचिव : प्रेम पंवार 9849486982
AAI MAA ADS

।। जय गौ माता।। जय जय रघुवीर समर्थ ।। श्री श्री सद्गुरु ।।
श्री समर्थ कामधेनु गौशाला
श्री सद्गुरु समर्थ नारायण आश्रम, शिवबाग, जियागुडा, हैदराबाद. फोन : 9296358630, 7013711317
आज रविवार, 21 सितम्बर 2025 को पितृ अमावस्या है
"गौ माता की सेवा से आयु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पापों का नाश होता है।" गौ-ग्रास सेवा से सुख-शांति, मंगलमय जीवन, सर्व दोष निवारण का लाभ उठाएँ। गौशाला में गौ दान की सुविधा उपलब्ध है।
Online गौ सेवा के लिये
(For Income Tax Exemptions u/s 80g)
SHREE KALPAVRUKSHA KAMDHENU WELFARE TRUST
SBI Bank King koti Branch A/c No. 10015542319 IFSC: SBIN0007054
SHRI SADGURU SAMRATH NARAYAN ASHRAM
SBI PPB, Red Hills A/c No. 20100020864 IFSC: SBIN0002790
PAYTM - 9296358630/GOOGLE PAY/PHONE PAY/7013711317
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GOPAL BALDAWA GROUP

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज रविवार 21 अगस्त 2025 प्रातः 11 बजे से
सर्वपितृ अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें। सभी भजनप्रेमियों, गौ-भक्तों से विनती है कि वे दान-पुण्य का कार्य गूगल-पे/फोन-पे द्वारा भी कर सकते हैं। समय निकालकर सपरिवार अवश्य पधारें।
दूरभाष : 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429
HDFC Bank, Kanajiguda Branch

आज रविवार दि. 21 सितम्बर 2025 पितृ अमावस्या है
चलिये, सत्यम् शिवम् सुन्दरम् गौनिवास, गगनपहाड
हजारों गौवंश एवं कबूतरों को अपने करकमलों से चारा-दाना अर्पण कर अपने प्रियजनों के प्रति हार्दिक श्रद्धा सुमन अर्पित कीजिये।
Scan & Pay VETINARY HOSPITAL
Scan & Pay GAUNIVAS
SATYAM SHIVAM SUNDARAM GAUNIVAS
7-4-117/3/1/1, Gagan Pahad, Rajiv Gandhi International Airport Road, R.R. Dist, Hyderabad - 500052
Cell : 9985385399, 9989403635, 9440437618, 9912142260, 9246522435, 9347211966, 9441210591, 9441422085

गावो विश्वस्य मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज रविवार, 21 सितम्बर 2025 को पितृ अमावस्या है।
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी गौ प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बने और हर्ष सहयोग राशी इस बैंक खाते में जमा कर सकते है।
गौमाता के नाम भजन-कीर्तन व महाप्रसादी
सीरवी गौ भक्त मंडल करमनघाट, हैदराबाद
9441231422, 8019106318, 9948742747
विशेष सेवा : गौभक्त अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, अपने पूज्य एवं प्रियजनों की याद में गौशाला में संपूर्ण एक दिन की सेवा हेतु 21,000/- देकर पुण्य एवं शांति का लाभ लेवे।
अन्य सेवा : एक कट्टा घास का प्रति दिन एक माह तक 500/-
एक गाय की मासिक सेवा 1100/-
गुड़ - दलिया या चुनिसा एक दिन की सेवा 3100/-
एक DCM गाड़ी घास या एक समय की संपूर्ण गोवंश की भोजन व्यवस्था 11,000/-
Scan To Pay
SRI GOPAL GOSHALA TRUST MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH, S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)
सम्पर्क सूत्र : तुलसीराम बंसल - 9247262215, सतवीर गर्ग - 9346098880, महावीरप्रसाद अग्रवाल - 9246340476, अर्जुन गोयल - 9390389055, विनोद गर्ग (ट्रस्टी-लेखा जोखा) - 9885237833
गोशाला व्यवस्थापक : राजूराम सेपटा - 8019106318, रमेश काबरा - 9290434314 एवं समस्त ट्रस्टीगण

श्री धर्मसाई गौशाला
धर्मगिरी, शमशाबाद, आरआर डिस्ट्रीक तेलंगाना-501218
सस्नेह निमंत्रण
आश्विन अमावस्या
आज रविवार, 21 सितम्बर 2025 को पितृ अमावस्या है
गौ माता पूजन : सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर गौ सेवा, दान पुण्य के भागीदार बने
C/o Sree Dharmasai Temple, Dharmagiri, Shashabad
SRI DHARMASAI GOW RAKSHA TRUST
A/c no-922020006836112
AXIS BANK, Shamshabad branch
IFSC code-UTIB0000867
Paytm, GOOGLE PAY, Phone pe-
9440828585
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

निवेदक : कार्य समिति
ॐ शिव मंदिर गौशाला पालमाकुल, शमशाबाद
OM SHIV MANDIR GOSHALA
MAHAVEER CO.OP.URBAN BANK LTD. Shamsherguni Branch
C/A No. 003103000000072 IFSC CODE: HDFC0CMCUBL
शिव मंदिर गौशाला शमशेरगंज, हैदराबाद
SHIV MANDIR GOSHALA
AP MAHESH BANK CO.OP.URBAN BANK LTD. Begum Bazar Branch
C/A No. 002001200018617 IFSC CODE: APMC00002
गौमाता को हरी घास की सेवा कर पुण्य के भागी बने।
आज रविवार, 21 सितम्बर 2025 को पितृ अमावस्या है।
जो पुरुष गौओं की सेवा करता है और सब प्रकार से उनका अनुगमन करता है, उस पर संतुष्ट होकर गौएँ उसे अत्यंत दुर्लभ वर प्रदान करती है। गौओं के साथ मन से भी कभी द्वेष न करे, उन्हें सदा सुख पहुँचाये, उनका यथोचित सत्कार करें और नमस्कार आदि के द्वारा उनका पूजन करते रहे। जो मनुष्य जितेन्द्रिय और प्रसन्नचित होकर नित्य गौओं की सेवा करता है, वह समृद्धि का भागी होता है।
Digital Donation are accepted on Google Pay/ Phone Pay 9959271866
FOR MORE DETAILS CONTACTS 9849710223, 9848097776, 9247888983, 7989734546
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GOPAL BALDAWA GROUP

# प्रशांत किशोर ने संजय जायसवाल को कहा औकात में रहो

## संजय जायसवाल का पलटवार, कहा-नटवरलाल से भी बड़े ठग साबित हो रहे पीके

पटना, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने जन सुराज पार्टी और प्रशांत किशोर (पीके) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि ठगी की दुनिया में बिहार की पहचान कभी नटवरलाल से थी, लेकिन अब प्रशांत किशोर उससे भी बड़े ठग साबित हो रहे हैं।

संजय जायसवाल ने आगे लिखा कि नटवरलाल ने आम लोगों को ठगा था, जबकि प्रशांत किशोर बिहार के बुद्धिजीवियों को ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे अब तक सात सवाल उठा चुके हैं, लेकिन जब उनमें से एक सवाल पत्रकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछ लिया तो प्रशांत किशोर समर्थकों की तरफ से पत्रकारों को धमकियां मिलने लगीं।





**14 करोड़ का चंदा और खर्चे पर सवाल**

संजय जायसवाल ने कहा कि, एक पत्रकार के सवाल पर पीके ने यह स्वीकार किया कि आंध्र प्रदेश के एक सांसद ने 14 करोड़ रुपए का चंदा दिया था। लेकिन, यह चंदा घाटे में डूबी एक कंपनी से क्यों दिलवाया गया, इसका जवाब अब तक नहीं मिला है। उन्होंने पत्रकारों से अपील किया कि वे इस तथ्य को खुद भी जांचें और चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध जन सुराज पार्टी के दस्तावेज देखें।

उन्होंने चुनाव आयोग की वेबसाइट से जन सुराज पार्टी का ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करते हुए आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि 2023-24 में पार्टी ने महज 35 हजार रुपए खर्च दिखाए हैं। जब पार्टी की गतिविधियों में सैकड़ों गाड़ियां चल रही थीं। फाइव स्टार टेंट और खाने-पीने की व्यवस्था थी।

हर जिले में 10 से ज्यादा कर्मचारी नियुक्त थे। यह सब महज 35 हजार में कैसे संभव है? संजय जायसवाल ने यह भी दावा किया कि 17 सितंबर 2024 तक चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में जन सुराज पार्टी के अध्यक्ष सरत कुमार मिश्रा और कोषाध्यक्ष अजीत सिंह थे। लेकिन 2 अक्टूबर 2024 को गांधी मैदान में पार्टी के गठन की घोषणा करते हुए अचानक उदय सिंह को अध्यक्ष बना दिया गया। उन्होंने पूछा कि महज 15 दिनों में अध्यक्ष पद का यह परिवर्तन कैसे हो गया?

# नौकरानी ने ट्रांसपोर्टर के घर से चुराए 70लाख के जेवर-कैश

मुरादाबाद, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मुरादाबाद में नौकरानी की बेटी ने मालकिन का मेकअप इस्तेमाल किया, तो मालकिन ने उसे और उसकी को थप्पड़ मारा और काम से निकाल दिया। नौकरानी ने इसका बदला लेने के लिए एक्सपोर्टर के घर से 70 लाख रुपए के जेवर और 40 हजार रुपए कैश चोरी कर लिए। एक्सपोर्टर ने चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने 16 घंटे के अंदर ही पॉश कॉलोनी में हुई इस चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने ममता नाम की नौकरानी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी किए गए कीमती जेवर और कैश बरामद कर लिया है।

# 'कभी मुंह में डाली नाल तो कभी कनपटी पर सटाया तमंचा'

## > बीवी छोड़ गई तो सिरफिरे ने बच्चों को बनाया बंधक

कन्नौज, 20 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। छिबरामऊ इलाके में सिरफिरे युवक ने शुक्रवार को अपनी पत्नी को बुलवाने के लिए उसके दो बच्चों को तमंचे के बल पर बंधक बना लिया। कभी खुद को तो कभी बच्चों को गोली मारने की धमकी देते हुए आठ घंटे तक पुलिस को छकाया। पुलिस ने किसी तरह बच्चों को मुक्त कराया। इसके बाद मुठभेड़ में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। सिरफिरे के फायर झोंकने से हाथ में गोली लगने से एसओजी प्रभारी भी घायल हो गए।




तालग्राम क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी दीपू चक ने छिबरामऊ निवासी महिला से चार माह पहले कोर्ट मैरिज की थी। महिला के पहले पति की मौत हो चुकी है। उसकी 13 साल की बेटी और आठ साल का बेटा नानी के घर में रहते हैं। कुछ दिन पहले महिला दीपू को छोड़कर कहीं चली गई। एएसपी अजय कुमार के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11:30 बजे दीपू पत्नी की तलाश में उसके मायके पहुंचा। दीपू ने उसके दोनों बच्चों को कमरे में तमंचा सटाकर बंधक बना लिया। लोगों की सूचना पर 12:30 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को समझाने लगी। मौका देखकर बेटी बाहर आ गई। एएसपी अजय कुमार दरवाजा खुलवाने के लिए घंटों दीपू से बात करते रहे लेकिन वह पत्नी को बुलवाने की जिद पर ही अड़ा रहा। एसओजी प्रभारी देवेश पाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शाम करीब 7:13 बजे एसओजी ने पत्नी को बुलवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद बेटे को कमरे से बाहर निकलवाया। एसओजी प्रभारी दीपू को पकड़ने लगे तो उसने तमंचे से फायर कर दिया। गोली एसओजी प्रभारी के हाथ को छूते हुए निकल गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली दीपू के पैर में लगी। शाम करीब 7:15 बजे पुलिस उसे गिरफ्तार कर सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# अयोध्या में सेक्स रैकेट, 11 लड़कियां पकड़ी गईं

## दुपट्टे से मुंह छिपाती रही, गेस्ट हाउस मालिक बाहर नहीं निकलने देता था



अयोध्या, 20 सितंबर (एजेंसियां)। अयोध्या में गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट चल रहा था। रात 11 बजे पुलिस ने छापा मारकर 11 लड़कियों को पकड़ लिया। गेस्ट हाउस मालिक और उसके दो सहयोगियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस के गेस्ट हाउस में पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई। कमरों में मौजूद लड़कियां भागने लगीं लेकिन बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस जब थाने ले जाने लगी तो लड़कियां अपना चेहरा दुपट्टे से छिपाती रहीं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गेस्ट हाउस मालिक लड़कियों को बिहार और गोरखपुर से लाता था। किसी को शक न हो इसलिए उन्हें गेस्ट हाउस से बाहर नहीं निकलने देता था। उनके खाने-पीने का सारा इंतजाम गेस्ट हाउस में ही करता था। एसपी सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया- एक लड़की के पास से 1.35 लाख रुपए कैश मिले हैं। पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र के रानी सती गेस्ट हाउस का है। गेस्ट हाउस, फतेहगंज पुलिस चौकी से महज 500 मीटर दूर है।

**5 गाड़ियों से 25 पुलिसवाले ने छापेमारी की**

शुक्रवार देर रात 11 बजे 4 थानों के 25 पुलिसवाले 5 गाड़ियों से गेस्ट हाउस पहुंचे। इसमें 6 महिला पुलिसकर्मी भी थीं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पुलिस वालों के पहुंचते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग जुट गए। सभी वीडियो बनाने लगे। कुछ पुलिसवाले गेस्ट हाउस के अंदर गए, जबकि कुछ बाहर ही खड़े थे। 2-3 लड़कियां भागकर बाहर आईं, लेकिन बाहर खड़े पुलिसवालों ने उन्हें पकड़ लिया।

इस दौरान आसपास के लोग वीडियो बनाने लगे। इसके बाद लड़कियों ने अपना मुंह दुपट्टे से ढांक लिया। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया- स्थानीय स्तर पर काफी समय से गेस्ट हाउस से लेकर सेक्स रैकेट चलने की शिकायतें मिल रही थीं। चार दिन पहले भी पुलिस ने शक होने पर वहां जाकर पूछताछ की थी। लड़कियां गेस्ट हाउस में गेस्ट बनकर रह रही थीं, इसलिए शक नहीं हुआ। पुलिस ने इस बार पुख्ता सूचना के आधार पर छापेमारी की। वहां सेक्स रैकेट चल रहा था। गेस्ट हाउस को सील कर दिया गया है। उसके मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

**स्थानीय बोले-सैक्स रैकेट चल था, हमें पता ही नहीं चला**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां सैक्स रैकेट चल रहा था, इसकी जानकारी नहीं थी।

लेकिन रात के समय काफी लोग यहां आते थे। गेस्ट हाउस के बाहर काफी चहल कदमी रहती थी। आज पुलिस ने छापा मारकर खुलासा किया।



# 'मिशन शक्ति-5.0' का शुभारंभ

## सीएम योगी ने एसओपी की पुस्तिकाओं का किया विमोचन

लखनऊ, 20 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में शनिवार को लोक भवन सभागार में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित 'मिशन शक्ति-5.0' का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सभी 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्री बेबी रानी मौर्या समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# रील डिलीट कराने पहुंचे दरोगा को चाकू दिखाया

## बोली-लड़की हूं...कुछ भी कर सकती हूं, बाराबंकी में डरकर उल्टे पैर लौटी पुलिस

बाराबंकी, 20 सितंबर (एजेंसियां)। बाराबंकी में 22 साल की लड़की ने थाने के सामने रील बनाई। रील वायरल हो गई। इसका पता चलते ही थाने में हड़कंप मच गया। गुरुवार दोपहर दरोगा तीन पुलिसवालों के साथ रील डिलीट कराने लड़की के घर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही लड़की मां और बहन के साथ छत पर चढ़ गई। दरोगा ने लड़की से रील डिलीट करने को कहा तो वह भड़क गई। चाकू दिखाकर बोली-लड़की हूं, कुछ भी कर सकती हूं। हमारा वीडियो मिलियन में चल रहा है, हम डिलीट नहीं करेंगे।

खुद को चाकू मारकर सुसाइड कर लूंगी। दरोगा उसे उतरने के लिए कहते रहे, लेकिन वह नहीं मानी। लड़की का ड्रामा देखकर आसपास के लोग जुट गए। पुलिसकर्मियों को डर लगने लगा कि लड़की सच में खुद को चाकू मार न ले। इसके चलते दरोगा पुलिसवालों के साथ उल्टे पांव थाने लौट गए। लड़की ने करीब एक घंटे तक ड्रामा किया। पुलिस के जाने के बाद लड़की ने एक और रील बनाई। इसमें वह कह रही है कि क्या हम वीडियो डिलीट करेंगे? योगी जी, मोदी जी हमको आपकी मदद चाहिए। पुलिसवाले आकर जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं, मदद कीजिए। मामला बड्डूपुर कोतवाली के बसंतपुर गांव का है।

# लेडी आईपीएस को हटाने के लिए 700 वकील एकजुट

## सीपी और डीएम ऑफिस के बाहर मुर्दाबाद के नारे लगाए, पुलिस फोर्स को ललकारा



वाराणसी, 20 सितंबर (एजेंसियां)। लेडी आईपीएस को वाराणसी से हटाने के लिए 700 से अधिक वकील एकजुट हो गए हैं। बनारस बार और सेंट्रल बार ने संयुक्त चर्चा के बाद शनिवार को मोर्चा खोल दिया है। साथियों पर केस के विरोध में वकीलों ने न्यायिक कार्य नहीं किया।

पुलिस कमिश्नरेट और डीएम कार्यालय पहुंचकर पुलिस-प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। साथ ही पुलिस वालों को ललकारा। वहीं वकीलों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस कमिश्नर और डीएम भी अपने कार्यालय नहीं पहुंचे। उधर, पुलिस अफसरों के खिलाफ कोर्ट में याचिका पर आज सीजेएम कोर्ट में सुनवाई होगी।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वरुणा जोन की एडीसीपी नीतू कादयान, एसीपी क्राइम विदुष सक्सेना और एसीपी कैंट नितिन तनेजा, थाना प्रभारी कैंट शिवाकांत मिश्र समेत 50 अज्ञात दरोगा व 50 अज्ञात सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की अपील की है।

# किडनैपर की तरह बेटे को ले गया पिता

## पत्नी को तमंचा लगाया, पीछे दौड़ी तो बाइक की स्पीड बढ़ाकर भागा

झांसी, 20 सितंबर (एजेंसियां)। झांसी में एक पिता किडनैपर की तरह अपने 3 साल के बेटे को उठाकर ले गया। बेटा मां की गोद में खेल रहा था। पिता अपने दो साथियों के साथ चुपचाप पत्नी के घर पहुंचा। बाइक बाहर खड़ी करके अंदर घुसा।

महिला की गोद से बेटा छीनने लगा, विरोध किया तो तमंचा दिखा दिया। बेटे को बचाने के लिए महिला चिल्लाती हुई पति के पीछे दौड़ी। उसने बाहर खड़ी बाइक स्टार्ट की। पत्नी ने हाथ पकड़ा तो बाइक की स्पीड तेज करते हुए बेटे को लेकर भाग गया। हड़बड़ाहट में उसके साथ आए दो साथी छूट गए। पड़ोसियों ने दोनों को पकड़ लिया। उन्हें पुलिस को सौंप दिया।

# अखिलेश यादव बोले-पीएम मोदी से आश्वासन दिलवाकर भी छुट्टा पशुओं की समस्या हल नहीं कर पाई भाजपा

लखनऊ, 20 सितंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनता को छुट्टा पशुओं से छुटकारा नहीं दिलवा सकी है जबकि इसके लिए मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आश्वासन दिलवाया गया था।

छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। गौशालाओं की दुर्दशा है। वहां पर भी गायें सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा के लोग गौशाला के लिए आने वाला चारा बेचकर घोटाला कर रहे हैं। उनका दूध और गोबर बेच रहे हैं। जब गायों की मौत हो जाती है तो उन्हें वहीं गड्ढा खोदकर दफना दे रहे हैं। जनता छुट्टा जानवरों से परेशान है पर सरकार आश्वासन देने के बाद भी उन्हें राहत नहीं दिला सकी है। उन्होंने कहा कि जो



हाल गायों का है वही नदियों का है। नदियों के लिए जारी होने वाला बजट साफ हो गया नदियों की हालत वैसी ही है।

**फिल्म में डायलॉग्स बीप के साथ हैं या नहीं**

अखिलेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर बनी फिल्म को लेकर तंज सकते हुए कहा कि ये तो फ्लॉप होने से पहले ही फ्लॉप हो गई...। फिर पूछा कि इसमें डायलॉग्स बीप के साथ हैं या नहीं? फिल्म में मुकदमा वापस लेने वाली बात है कि नहीं और जिस वजह से मुकदमे लगे वो दृश्य हैं या नहीं? बुलडोजर वाला सीन पता नहीं है कि नहीं? उसमें कार पलटने वाला सीन है या नहीं? इसमें डिप्टी सीएम के पर्दे के पीछे वाले डायलॉग हैं या नहीं?

**जब भाजपा जाएगी तभी एच1 बी वीजा वालों को राहत मिलेगी**

अखिलेश यादव ने अमेरिका में एच1बी वीजा की दरें बढ़ाने पर कहा कि केंद्र सरकार की विदेश नीति फेल है। इस सरकार की आर्थिक नीति फेल है। भाजपा के लोग नहीं चाहते हैं कि भारत के लोग पढ़ने या फिर नौकरी करने के लिए अमेरिका जाएं। ये लोग चाहते हैं कि सिर्फ बंदूक चलाने के लिए ही लोग बाहर जाएं। जब भाजपा की सरकार जाएगी तभी एच1बी वीजा वालों को राहत मिलेगी।

# सीएम नीतीश कुमार ने वर्चुअल रियलिटी थियेटर का किया शुभारंभ

पटना, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज तारामंडल, पटना में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर राज्यव्यापी भ्रमणशील विज्ञान बस सेवा का शुभारंभ किया। यह बस बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर छात्र-छात्राओं को विज्ञान के प्रति जागरूक करेगी तथा उन्हें वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराएगी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस क्रम में तारामंडल, पटना में एस्ट्रा पार्क के निर्माण कार्य की शुरुआत एवं स्मारिका बिक्री केंद्र का उद्घाटन किया गया।

# योगी को 25 सितंबर से पहले मार दूंगा

## पुलिस पकड़ने गई तो 6 राउंड फायरिंग की; कनपटी पर पिस्टल रखकर धमकाता रहा

मथुरा, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मथुरा में युवक ने पिस्टल लहराते हुए सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दी। खुद की कनपटी पर पिस्टल सटाकर कहा- मैं सीएम को 25 सितंबर से पहले मार दूंगा। खुद भी मर जाऊंगा। मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हरकत में आईं। एक घंटे के अंदर युवक की लोकेशन पता की और पुलिस फोर्स उसके घर पहुंची। पुलिस को देखते ही हाथ में पिस्टल लिए उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। कुछ देर बाद वह कमरे से निकला और छत पर भाग गया। वहां से भी पुलिस को धमकी देने लगा।

पुलिस ने उसके घर को घेर लिया और उसे सुरक्षित ही पकड़ने की कोशिश में जुट गई। उसने 6 हवाई फायर भी किए। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ा। घटना शुक्रवार दोपहर की मांट तहसील के हरदयाल गांव की है। युवक की पहचान सुनीत पुत्र भगवान सिंह के रूप में हुई है, जो मांट तहसील के गांव हरदयाल का रहने वाला है।

# दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग मामला : 11 सितंबर की रात अकेले बाइक से रेकी करने गया था रामनिवास




बरेली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। 11 सितंबर की रात करीब तीन बजे पहली बार पाटनी की गली में रेकी करने के लिए रामनिवास को ही अकेले स्प्लेंडर बाइक से भेजा गया। वह घबराया हुआ था और सही मकान को चिह्नित न कर सका। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गिरोह से जुड़े चार बदमाशों को शुक्रवार को दबोच लिया। दो बदमाशों को शाही थाना क्षेत्र में दुनका-बिहारीपुर रोड स्थित किच्छा नदी के पुल के पास पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने घेर लिया। मुठभेड़ के दौरान राजस्थान निवासी रामनिवास के दाएं पैर में गोली लगी है। दूसरा बदमाश हरियाणा का अनिल है। दोनों नेपाल भागने की फिराक में थे। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

उधर, 17 वर्षीय दो आरोपियों को शुक्रवार सुबह दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों बागपत के निवासी हैं। सोशल मीडिया के जरिये उनकी गिरोह में भर्ती की गई थी। दोनों नाबालिग शूटर मुठभेड़ में मारे गए बागपत निवासी अरुण को जानते थे।

# फिलिंग स्टेशन के लापता प्रबंध निदेशक की तलाश

## सुराग बताने वाले को मिलेगा एक लाख रुपये का इनाम



मथुरा, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मथुरा के सौंख के फिलिंग स्टेशन के लापता प्रबंध निदेशक का दस दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस और परिजन जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में उन्हें खोज रहे हैं। पंपलेट चस्पा किए गए हैं। पंप के मालिक ने सुराग बताने वाले को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

थाना मगोर्रा के गांव घनिया से दस दिन पूर्व धनीराम फिलिंग स्टेशन के प्रबंध निदेशक रोहित सिंह लापता हो गए थे। प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह ने चचेरे भाई का सुराग बताने वाले को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। वहीं एसओजी सहित पुलिस की अन्य टीमें युवक की तलाश में जुटी हुई हैं। जगह जगह पोस्टर लगाए गए हैं।

रोहित 9 सितंबर दोपहर करीब 12 बजे घर से फिलिंग स्टेशन जाने की कहकर पैदल घर से निकले और लापता हो गए। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि लापता प्रबंध निदेशक की बरामदगी के लिए एसओजी सहित पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं। सीसीटीवी कैमरों को चैक किया जा रहा है, जल्द ही युवक का सुराग लगाया जाएगा। परिवार ने एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है।

# हाईकोर्ट की फटकार पर बीडीए ने चुकाए 87.17 लाख रुपये, दो किसान भाइयों के खाते में आई रकम

बरेली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। रामगंगानगर आवासीय योजना के लिए दो दशक पहले किसानों की जमीन लेने वाले बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) को हाईकोर्ट में मुंह की खानी पड़ी है। उसे डोहरिया गांव के सगे भाइयों रामपाल व कालीचरन को ब्याज के 87.17 लाख रुपये चुकाने पड़े हैं। दोनों भाइयों की कृषि योग्य जमीन लेकर बीडीए ने 17 साल बाद उनको 96.71 लाख रुपये मुआवजा दिया था। इस पर अब मोटा ब्याज चुकाना पड़ा है। बीडीए की इस कार्यशैली से जहां सरकार की छवि धूमिल हुई। शासन को आर्थिक झटका भी लगा है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ से दो जनवरी 2024 को पारित आदेश का समय रहते अनुपालन नहीं करने पर बीडीए और विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलएओ) को न्यायिक अवमानना का सामना करना पड़ा है। 21 अगस्त 2025 को अवमानना वाद दाखिल हुआ तो आनन-फानन बीडीए ब्याज की भरपाई के लिए तैयार हो गया।

**एसएलएओ दफ्तर पहुंचा दिया चेक**

वाद की सुनवाई के लिए नियत तिथि से एक दिन पहले 10 सितंबर को ही 87,17,548 रुपये का चेक काटकर एसएलएओ दफ्तर पहुंचा दिया। साथ ही, धनराशि अदा करने का हलफनामा हाईकोर्ट में प्रस्तुत कर दिया। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 11 सितंबर को सुनवाई करते हुए आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने और हलफनामा दायर करने के लिए एसएलएओ को दो सप्ताह का मौका दिया है। अब 25 सितंबर को इसकी सुनवाई होगी।



इधर, हाईकोर्ट की नाराजगी देख एसएलएओ ने बीडीए की तरफ से मिले चेक को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के प्रबंधक भेजकर वादी पक्ष को भुगतान करने की तैयारी तेज कर दी है। कालीचरन के बेटे सुनील ने बताया कि हाईकोर्ट से उनको न्याय मिला है। इससे उनका परिवार बेहद खुश है। पिता और चाचा के बैंक खाते में ब्याज की धनराशि आ गई है।

# कोमटिरेड्डी ने 'बतुकम्मा युवा फिल्म निर्माता चुनौती' का पोस्टर जारी किया



हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क एवं भवन निर्माण तथा छायांकन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने शनिवार को बतुकम्मा युवा फिल्म निर्माता चुनौती के ब्रोशर और पोस्टर का अनावरण किया।

यह एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता है जिसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को लघु फिल्मों और संगीत वीडियो के माध्यम से तेलंगाना के इतिहास, संस्कृति और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। मंत्री ने इस पहल को नवोदित फिल्म निर्माताओं और रचनात्मक कलाकारों के लिए व्यापक दर्शकों के सामने अपने कौशल का प्रदर्शन करने हेतु एक "स्वर्णिम मंच" बताया। तेलंगाना छायांकन विभाग के मार्गदर्शन में, फिल्म विकास निगम (एफडीसी) इस चुनौती का आयोजन कर रहा है, जो युवाओं को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने और दुनिया को तेलंगाना की कहानी सुनाने का एक मंच प्रदान करता है।

उन्होंने इस आयोजन का नेतृत्व करने के लिए एफडीसी अध्यक्ष दिल राजू को बधाई दी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में, सरकार राज्य की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने और कल्याणकारी कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा, इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल तेलंगाना की परंपराओं को उजागर करती हैं, बल्कि नई प्रतिभाओं को भी सामने लाती हैं। इस प्रतियोगिता में तेलंगाना के त्योहारों, कला रूपों, विरासत और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, महा लक्ष्मी, गृहज्योति, इंदिराम्मा आवस, यंग इंडिया स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और यंग इंडिया रेजिडेंशियल स्कूल जैसी योजनाओं पर आधारित तीन मिनट तक की लघु फिल्मों और पांच मिनट तक के संगीत वीडियो की प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती हैं। प्रतिभागियों की आयु 40 वर्ष से कम होनी चाहिए, उन्हें 4के रिजॉल्यूशन में फिल्में प्रस्तुत करनी होंगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि सामग्री मौलिक और चुनौती के लिए विशिष्ट हो। शीर्ष तीन प्रविष्टियों को 3 लाख, 2 लाख और 1 लाख के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, साथ ही पांच प्रतिभागियों को 20,000-20,000 के सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भी दिए जाएंगे।

# अत्तापुर में पुलिस अभियान

## बेल्ट दुकानों, अवैध गैस केंद्र और गुटखा इकाइयों पर छापे

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार तड़के अत्तापुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के हसननगर में औचक निरीक्षण किया गया। राजेंद्रनगर के डीसीपी सीएच श्रीनिवास के अनुसार, इलाके में बेल्ट की दुकानों और संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही की शिकायतों के बाद यह अभियान चलाया गया। इसमें बारह तलाशी दल और पांच घेराबंदी टीमें शामिल थीं, जिनमें कुल 300 पुलिसकर्मी लगे।

चौधरी श्रीनिवास ने बताया कि दो बेल्ट की दुकानों, एक अवैध गैस रिफिलिंग केंद्र और दो गुटखा निर्माण इकाइयों पर छापे मारे गए और संपत्ति जब्त की गई। टीमों ने 55 दोपहिया वाहन भी जब्त किए और मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन करने तथा दस्तावेज़ न दिखाने के कारण छह ऑटो रिक्शा ज़ब्त किए। डीसीपी ने कहा कि वाहनों की पंजीकरण संख्या प्लेट के साथ छेड़छाड़ करने वाले मालिकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया जाएगा।

# हवाई अड्डे पर दुबई से आई महिला यात्री से 6 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद

## एनडीपीएस एक्ट के तहत महिला गिरफ्तार

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दुबई से आई एक महिला यात्री को शनिवार को आरजीआई हवाई अड्डे पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने 6 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा के साथ पकड़ा।

विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर, डीआरआई, हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने महिला यात्री को रोका और उसके सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान हरे रंग के ढेलेदार पदार्थ से भरे पैकेट बरामद हुए, जिनकी जांच में गांजा होने की पुष्टि हुई।

यात्री से पूछताछ में पता चला कि उसका एक अन्य चेक-इन बैग खो गया था, जिसकी पहले ही शिकायत दर्ज कराई जा चुकी थी। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को सामान हैदराबाद पहुंचा और जांच में 6 किलो हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुआ। कुल मिलाकर, लगभग 12 करोड़ रुपये मूल्य का 12 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया गया। महिला यात्री को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# रायचोटी में बारिश से चार लोगों की मौत

## दो अलग-अलग हादसों में महिला, बेटा, युवक और बच्ची बहे



रायचोटी, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अन्नामय्या जिले के रायचोटी कस्बे में बारिश से जुड़े दो अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब आठ बजे रायचोटी शहर के एसएम कॉलोनी इलाके में 28 वर्षीय महिला शेख मुन्नी और उसका नाबालिग बेटा भारी बारिश के पानी में बह गए। बताया गया कि बिजली गुल होने के कारण मुन्नी मोमबत्ती लेने बाहर निकली थी, तभी घर के सामने नाले के ऊपर बना पत्थर का स्लैब टूट गया और वह अपने बेटे के साथ तेज बहाव वाले नाले में गिर गई।

उन्हें बचाने के लिए पड़ोसी गणेश (25) ने कोशिश की, लेकिन वह भी पानी की तेज धारा में बह गया। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। इसी समय, रायचोटी शहर के चार नल क्षेत्र में एक और हादसा हुआ। यहां आठ वर्षीय बच्ची भारी बारिश के पानी में बह गई। पुलिस के अनुसार, वह ट्यूशन से लौट रही थी और ऑटोरिक्शा से उतरने के बाद अकेले ही पानी में उतर गई। ऑटोरिक्शा चालक ने बाकी छह बच्चों को सुरक्षित पहुंचा दिया था, लेकिन बच्ची की जान नहीं बच पाई। पुलिस ने शनिवार को बच्ची का शव बरामद कर लिया और दोनों घटनाओं के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# राज्यपाल ने तेलंगाना की महिलाओं को बतुकम्मा उत्सव की शुभकामनाएं दीं

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने बतुकम्मा उत्सव के शुभ अवसर पर तेलंगाना की सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। शनिवार को यहां एक बयान में, राज्यपाल ने कहा कि बतुकम्मा प्रकृति माता से जुड़ा एक विशेष त्योहार है और यह तेलंगाना की महिलाओं द्वारा जीवन का उत्सव है। उन्होंने कहा कि बतुकम्मा तैयार करने में इस्तेमाल किए जाने वाले रंग-बिरंगे मौसमी जंगली फूलों में औषधीय गुण होते हैं जो मौसम की प्रचुर वर्षा से भरे जलाशयों को शुद्ध करने में मदद करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि बतुकम्मा परिवारों के पुनर्मिलन और नौ दिनों तक चलने वाले इस त्योहार को मनाने के लिए धरती की बेटियों के घर लौटने का प्रतीक है। जिष्णु देव वर्मा ने कहा, बतुकम्मा तेलंगाना की मूल संस्कृति और परंपराओं के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है और बतुकम्मा के रूप में देवी गौरी (देवी पार्वती) की पूजा-अर्चना है। राज्यपाल ने बतुकम्मा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और देवी गौरी के आशीर्वाद से सभी के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि की प्रार्थना की।

# कुशाईगुडा में पत्नी की चाकू से हत्या की

## शक के कारण रात में धारदार हथियार से वार

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुशाईगुडा स्थित एक घर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, बंदा शंकर (40) को अपनी पत्नी मंजुला (35) की वफादारी पर संदेह था।

शंकर और मंजुला की शादी करीब 20 साल पहले हुई थी और दोनों भुवनगिरी के रहने वाले हैं। पिछले कुछ सालों से उनके बीच झगड़े चल रहे थे, और शंकर को शक था कि उसकी पत्नी किसी और के साथ है। कुछ दिन पहले मंजुला अपनी बहन रानी के घर कुशाईगुडा के महेश्वरनगर में रहने चली गई थी। शुक्रवार को शंकर घर आया और परिवार के बुजुर्गों ने दंपत्ति को समझाया। शंकर ने माफी मांगी और पत्नी का ध्यान रखने का आश्वासन दिया। कुशाईगुडा इंस्पेक्टर एल भास्कर रेड्डी ने बताया, रात में जब सब सो रहे थे, शंकर उठा और धारदार हथियार से अपनी पत्नी पर हमला कर दिया। इसके बाद वह घर से भाग गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# पूर्व सैनिकों के लिए ड्रोन प्रशिक्षण आयोजित




हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन (एडब्लूपीओ) ने मुख्यालय तेलंगाना और आंध्र उप क्षेत्र (टीएएस ए) के तत्वावधान में, 6 से 20 सितंबर तक आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के पूर्व सैनिकों के लिए ड्रोन पायलट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

सहयोग केयर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस पहल ने 32 पूर्व सैनिकों को व्यापक ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान किया। 10-दिवसीय कार्यक्रम में एडब्लूपीओ के सिकंदराबाद परिसर में चार दिनों का सैद्धांतिक प्रशिक्षण शामिल था, जिसमें ड्रोन तकनीक के मूल सिद्धांतों को शामिल किया गया था। इसके साथ ही, हैदराबाद के कीसरा में सिमुलेटर पर व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, जिसके बाद छह दिनों तक क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त, दो दिन ड्रोन तकनीक में उद्योग अनुप्रयोगों और उद्यमशीलता के अवसरों की खोज के लिए समर्पित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभावशाली परिणाम सामने आए, जिसमें चार कंपनियों ने रुचि व्यक्त की और उम्मीदवारों के साथ साक्षात्कार आयोजित किए। उल्लेखनीय रूप से, 12 उम्मीदवारों ने (इंडिया ड्रोन अकादमी) के साथ एक उद्यमशीलता मॉडल में गहरी रुचि दिखाई है, जहां कंपनी ड्रोन खरीद, उन्नत प्रशिक्षण और व्यवसाय विकास पर मार्गदर्शन प्रदान करेगी। तीन उम्मीदवारों ने उन्नत प्रशिक्षण का विकल्प चुना है, जबकि शेष उम्मीदवारों को तकनीकी और तकनीकी-प्रशासन पदों के लिए चुना गया है, जिनका साक्षात्कार दूसरे दौर में होना बाकी है। इस सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम ने पूर्व सैनिकों के लिए नए रास्ते खोले हैं, जिससे वे सेवानिवृत्ति के बाद ड्रोन उद्योग में अपने कौशल और अनुभव का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल वर्दीधारी सैनिकों की आकांक्षाओं का समर्थन करने और नागरिक जीवन में उनके परिवर्तन को सुगम बनाने के लिए एडब्लूपीओ की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# युवाओं को डिजिटल और व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षण

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी ने युवाओं को कौशल प्रदान करने और रोजगार के अवसरों तक उनकी पहुंच बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त गैर-लाभकारी संस्था 1एम1बी (वन मिलियन फॉर वन बिलियन) को अपना समर्थन दिया है।

इस पहल की शुरूआत शनिवार को डिजिटल साक्षरता और व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षित 20 नौकरी चाहने वालों के पहले बैच के साथ हुई।




# हैदराबाद में क्यूआर कोड के जरिए ड्रग्स का नया तरीका सामने

## नशीली दवाओं के तस्कर उपभोक्ताओं को डिजिटल माध्यम से जोड़ रहे

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नशा विरोधी प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा मादक पदार्थों के तस्करों और उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बीच, अवैध व्यापार में शामिल लोग नशीली दवाएं हासिल करने और बेचने के नए तरीके खोज रहे हैं। हाल ही में, तस्कर उपभोक्ताओं को ड्रग्स की उपलब्धता की जानकारी देने के लिए क्यूआर कोड का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये क्यूआर कोड स्टिकर चुनिंदा गोपनीय व्हाट्सएप ग्रुप, टेलीग्राम या अन्य एन्क्रिप्टेड संचार समूहों में साझा किए जाते हैं, जिनके माध्यम से खरीदार विभिन्न प्रकार की दवाएं खरीद सकते हैं। क्यूआर कोड स्कैन करने पर तस्कर तक पहुंच संभव होती है, जो खरीदार की पुष्टि करने के बाद उस शहर या कस्बे के बारे में जानकारी देता है जहां दवा प्राप्त की जा सकती है।

एक अधिकारी के अनुसार, उपभोक्ताओं को ड्रग्स की डिलीवरी लेने के लिए पड़ोसी राज्यों कर्नाटक, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश भेजा जाता है। राज्य में तस्कर कोकीन, एमडीएमए, हाइड्रोपोनिक गांजा, एक्स्टसी की गोलियां और अन्य प्रकार की दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। अमीर लोग सीधे जाकर या भरोसेमंद लोगों के जरिए ड्रग्स मंगवा रहे हैं। क्यूआर कोड के जरिए अवैध ड्रग्स का कारोबार पहले विदेशों, खासकर यूरोप में चल रहा था, और अब भारत में भी शुरू हुआ है। अब तक विभिन्न राज्यों में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि कुछ भारतीय शहरों में कुख्यात सार्वजनिक स्थानों पर क्यूआर कोड स्टिकर चिपके पाए गए हैं। इन्हें पहचानना मुश्किल है क्योंकि ये सामान्य ई-पेमेंट गेटवे क्यूआर कोड जैसे दिखते हैं। राज्य में पुलिस नवीनतम कार्यप्रणाली का उपयोग करके बार, पब और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कड़ी निगरानी रख रही है, ताकि अवैध कारोबार को अंजाम देने के किसी भी प्रयास को विफल किया जा सके।

# हैदराबाद में एसएकेकॉन 2025 सम्मेलन शुरू

## 'स्थायित्व और हरित स्वास्थ्य सेवा' पर मंथन

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद द्वारा मान्यता प्राप्त हेल्थकेयर संगठनों (सीएएचओ) के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय एसएकेकॉन (छात्र वार्षिक ज्ञान साझाकरण सम्मेलन) 2025 की शुरूआत हुई। इस सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवा, स्थिरता और शैक्षणिक क्षेत्रों के नेताओं और विशेषज्ञों ने 'स्थायित्व और हरित स्वास्थ्य सेवा' विषय पर चर्चा की।

कंसोर्टियम ऑफ एक्रीडिटेड हेल्थकेयर ऑर्गेनाइजेशन (सीएएचओ) के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि एसएकेकॉन भारत के विभिन्न हिस्सों में अस्पताल प्रशासन के छात्रों के लिए हर साल आयोजित किया जाने वाला सम्मेलन है।

# व्यक्तित्व विकास का पर्व नवरात्रि



अतुल कुमार

आध्यात्मिक पर्वों में शारदीय नवरात्रि महत्वपूर्ण पर्वों में एक है .नौ दिन मनाये जाने वाले इस पर्व को धूम धाम से मनाया जाता है . इसकी आस्थामय उत्सव धर्मिता से हर आयु वर्ग के साधक जुडते हैं . पूरे उल्लास ,उमंग और उत्साह से इसको मनाते हैं . वास्तव में यह शक्ति की आराधना का त्योहार है .मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की इन दिनों में पूजा होती है .अच्छी विद्या ,धन और सेहत को शक्ति के रूप में माना गया . तीनों शक्तियां मौजूदा समय की सबसे बडी शक्ति हैं .जिसे पाने के लिये भक्त सदैव उत्सुक रहते हैं . यही शक्तियां आज की बडी अमानत मानी गयीं .इनमें से एक भी शक्ति के न मिलने को कमज़ोरी के रूप में देखा जाता है .विद्या या हुनर वर्तमान की बडी शक्ति है जिससे आय और स्वास्थ्य इन तीनों से व्यक्तित्व विकास जुडा है . इसलिये नवरात्रि को शक्ति की आराधना का पर्व माना गया . जो साल में दो बार आती है एक वासंतिक नवरात्रि जो मार्च अप्रेल में आती है और दूसरी शारदीय नवरात्रि जो सितंबर – अक्तूबर में आती है . दर असल यह पर्व अज्ञान से ज्ञान की ओर अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है . किसी कवि ने खूब लिखा “ सारा जहां है जिसकी शरण में , नमन है उस मां के चरण में हम है उस मां के चरणों की धूल ,आओ मिल कर चढाएं श्रद्धा के फूल // “

मान्यता है कि इस दौरान पूजा करने से साधक की मनोकामना पूरी होती है और जीवन में आने वाले दुख और संकट दूर होते हैं . यह शक्ति और भक्ति का पावन पर्व है . जो जीवन में सुख शांति और समृद्धि प्रदान करता हैं .

मां दुर्गा को आदि शक्ति ,देवी ,जगदम्बा , शक्ति ,और पार्वती के रूप में संबोधित किया जाता है जो उनके विभिन्न रूपों और स्वरूपों को दर्शाते हैं .शास्त्रानुसार महर्षि व्यास द्वारा रचित अनेक पुराणों मे से एक “ श्रीमददेवी भागवत पुराण “ है जिसके अनुसार बताया गया है कि एक समय दुनिया में दुर्दांत महिषासुर नामक राक्षस का आतंक फैला हुआ था जिसका आधा शरीर असुर और आधा बफैलो का था उसने ब्रह्मा जी की तपस्या कर यह आशीर्वाद प्राप्त किया कि कोई भी देवता ,असुर और मनुष्य उसको नहीं मार सकेगा कोई स्त्री ही उसे मार सके .उसका भ्रम था कि जो स्वयं अबला है वह किसी को मारने में कैसे सक्षम हो सकती है . अमर होने के दंभ में उसने देवताओं और मनुष्यों को सताना और परेशान करना शुरु कर दिया .इससे तंग आ सभी देवता ब्रह्मा ,विष्णु और शिव जी के पास पहुंचे . विष्णु जी की राय से सभी देवताओं के तेज से एक नारी रत्न की उत्पत्ति हुई जिसका नाम “ दुर्गा “ रखा गया .

दुर्गा का अर्थ होता है यज्ञ रूपी दुर्ग की रक्षा करने वाली , दुर्गुणों का नाश करने वाली , दुर्गम कार्य को सरल करने वाली, दुर्गति नाश करने वाली और दुर्बुद्धि को खत्म करने वाली जो अदम्य शक्तियों से भरपूर है . सभी देवताओं ने अलग – अलग आयुधों से संबंधित अभिलेख और आभूषण उसे प्रदान किये . सज धज कर भगवती ने अपने मुख से वाणी निकाली जिसकी हुंकार सुन महिषासुर का सिंहासन डोलने लगा .इसका पता लगाने के लिये महिषासुर ने असुरों को भेजा .असुरों ने देवी को महिषासुर की शरण में आने को कहा जिसे मना कर देवी ने सभी को मौत के घाट उतार दिया सैकडों असुरों के मारे जाने के बाद महिषासुर स्वयं मैदान में आया और उनसे दार्शनिक बातें करने लगा जिसे सुन देवी ने उसको युद्ध के लिये ललकारा नौ दिनों तक भीषण युद्ध हुआ जिसमें वह मारा गया . पुराणों के अनुसार “ कलियुग ‘ का नाश मां दुर्गा ने किया . “ कलियुग “ नाश का अर्थ है कलियुग में उपस्थित राक्षसी वृत्तियों का नाश .सारी निग़ेटिव बातों और कार्यों का नाश . इनके नाश के बाद ही दैविक वृत्तियों का युग आया .

आज झूठ ,फरेब ,विश्वासघात , टाल मटोल ,चिड्चिडापन , बड बोलापन , चुगली , और निराश होने की प्रवृत्ति बड रही है तब नवरात्रि की प्रासंगिकता अधिक दिखायी देती है .यह मन , बुद्धि, और विचारों की शुद्धि का पर्व है . इसलिये इसमें नौ दिन के व्रत रखने का विधान है यह केवल अन्न का व्रत नहीं बल्कि दुराचारों , दुर्व्यवहारों और दुष्कर्मों को त्यागने के संकल्प का पर्व है . यह व्रत खान पान से भी जुडा है जैसे गुटका , तंबाकू और धूम्रपान आदि को छोडें जो सेहत के लिये हानिकारक हैं . अन्य वर्जित चीज़ों को भी त्यागने का पर्व है जो स्वास्थ पर गलत असर डालते हैं .

सवाल है पूजा पाठ करने के बाद भी बदले क्यों नहीं ? क्यों कि हमने हाथ तो जोडे पर मन को नहीं जोडा . दरअसल यह पर्व मन के अंदर ज्ञान का दीपक जलाने का है . मां दुर्गा अपने भक्तों को मां तुल्य स्नेह ,संस्कार और सभ्यता देती हैं मां ही होती है जो अपनी संतानों को ज्ञान कलश देती हैं .मां बच्चे को उससे ज़्यादा जानती है . देखती है



भक्तों की पीडा को .इस पीडा को शायद विकसित होते देखने के तरीके के रूप में देखतीं हों . इसलिये अपना दिल उनके लिये खोलें और उनकी स्तुति करें .सारी शक्तियों की दात्री वही हैं अतः इस श्लोक में खूब कहा गया “ दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजंतो स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि / दारिद्र्यदु;खभयहारिणि क्वातदन्या , सर्वोपकारकणाय सदाद्रृचित्ताः // “ अर्थात हे ! दुर्गा मां आपके स्मरण मात्र से आप सभी प्राणियों का भय दूर कर देती हैं . जो भी आपका स्मरण करते हैं उन्हें आप अत्यंत शुभ और कल्याणमयी बुद्धि प्रदान करती हैं .दरिद्रता ,दुख और भय को हरने वाली आपके समान कोई और नहीं है .क्यों कि आपका मन ( चित्त ) सदा सभी का उपकार करने के लिये व्याकुल रहता है //

नवरात्रि ऐसा पर्व है जो शक्ति ,भक्ति और त्याग और पासिटिव एनर्जी का संदेश देता है . जीवन की नयी शुरुआत करने और अपनी आंतरिक शक्तियों को पहचानने का यह पर्व है “ दुर्गा “ स्तुति में किसी कवि ने खूब कहा .” मां तुम कर्म योगीनी , हर संकट का हल करने वाली / धैर्य तुम्हारा बडा शस्त्र है, हर मुश्किल से लड सकती हो / करुणा का सागर हो ,हर दिल में घर कर जाती हो / जब होती हो क्रोधित , हर पापी में डर से होती है कंपन / हर शक्ति की स्रोत हो , इस दुनिया को चलाती हो , हर रूप में दुर्गा कहलाती हो / हे ! प्राण दायिनी ये सृष्टि है तुम से ,हर जगह वास तुम्हारा / करते हैं नमन तुम्हें ,तुम हर रूप में सबकी पालनहारी हो //

# काव्य कुंज

## नवरात्रि



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

आया नव रात्रि का त्यौहार।
बजते ढ़ोलक पायल की झंकार।
डांडिया खेले जोड़े,धूम मचाए।
प्रिय प्रीतम से बड़ता है प्यार।
सृष्टि की रचना करती है मैय्या।
धरती फूलों से भरती है मैय्या।
हर मंदिर में भीड़ भक्तों की, मैय्या ही तो है जीवन खिवैया।
संसार की दुर्गा माता है। पूजने सब कोई आता है।
जोत जलाऊं माता की,घर भी शुद्धि पाता है।
मन में रहे न कलह क्लेश। घर में सुबह शाम हो शेष।
कब दिन गुज़र गया,आती रातें बड़ी ज्येष्ठ।
कलश सजाऊं माता बिठाऊं। रंगोली बनाकर आंगन सजाऊं।
ये नव रात्रि के नौ दिन,माता को ही ख़ूब मनाऊँ।
अष्ट धान के बिरवा लगाकर। घर में सुख समृद्धि लाऊं।
कपूर से नित आरती करके, घर से काली छाया भगाऊं।
धूम मचाऊँ,दरबार सजाऊँ।
माता का जगराता करके, नौ नौ कंचक जिमाऊँ।
लंगूर आया धूम मचाया, उसका भी तो लाड लड़ाऊँ।
आशीष ले अखंड सुहाग का। पति संग ख़ूब इतराऊं।
अमर रहे सुहाग सबका, माता से आशीष ये पाऊं।

## मित्रता



गजानन पाण्डेय

मित्र अनमोल होता है
सुख - दुख में साथ देता है
दिल - जुबां एक होती है ।
खुदगर्जी से दूर
सच्चा मित्र
जीवन को संवार देता है ।
प्रेम से जुड़ता है
क़िस्मत से मिलता है
कांटों के वन में
फूलों सा महकता है ।
दोस्ती में सबसे अलग
कृष्ण - सुदामा सा साथ होता है ।

## धरती यह बलिदानियों की गाथा



संजीव ठाकुर,
रायपुर

धरती है यह बलिदानियों की,
गाथा है अमर शहीदों की,
माँ के आँचल तले सजी,
पवित्र माटी पावन वीरों की।
देश का तिरंगा ऊँचा लहराए,
गगन भी जयघोष से हर्षायेगा।
भारत माँ की संतति हम सब
अटूट विश्वास से जुड़े हम सब।
सीमा पर डटा हर सिपाही,
प्राणों का सहर्ष कर देता दान,
धरती है यह बलिदानों की,
मेरा भारत देश महान।
हल चलाता किसान यहाँ,
विज्ञान करता आविष्कार,
युवा उमंगों से भरता,
भारत देश का हर द्वार।
जाति, धर्म या भाषा से,
ऊपर उठकर सोचें हम,
एकता की डोर थामकर,
आगे और आगे बढ़ते जाएँ हम।

## अरमान



टी तारासिंह
हैदराबाद

सितारो से छोटे है अरमान
निले आसमान से ऊंचे है अरमान
आंधी हो या तूफान हो अरमान कम न होगे
सोने - चांदी से ज्यादा चमकते अरमान
आंसूओ के मोल से कम है अरमान
जुनून है ऊंचा उडने का
सारी दुनिया देख लेने का
हमारे अरमान नही है काबू मे
दिल है , प्यार है तो अरमान पनपते
किस्मत अच्छी हो तो
सब सपने पूरे कर लेते
वक़्त न रूके , जिंदगी न रूके
अरमान कभी भी न रूके
जिंदगी भरी पडी है अरमानो से ।।

## कलम...



डॉ डी डी देसाई

क्या करूँ मैं इस कलम का...?
ज़माने से छिपा रही है....
इसी जमाने का काला सच।
डरने लगी है शायद...
गरीब की वकालत करने से।
थरथराने लगी है शायद...
अमीरों का सच लिखने से।
क्या करूँ मैं इस कलम का...?
क्यों नहीं लिख सकती तुम...?
सच को सच और झूठ को झूठ।
किसका डर है तुझे...?
मतलबी सियासत का,
या बेमतलबी धर्म का....।
सत्य का दूसरा नाम ही धर्म है,
तो धर्म से क्या डरना....?
और सियासत तो नश्वर है,
आज है.... कल नहीं।
नश्वर से शाश्वत कब तक डरेगा..?
क्या करूँ मैं इस कलम का...?
जो एक के बाद एक झूठ
लिखती ही जा रही है...।
सच का बखान ही तेरा वजूद है।
वजूद मिटाकर तुम क्या करोगी...?
लोगों के सीने पर सजने से अच्छा,
मर – मिट जाना.. सच की राह पर।
सोचा...समझाने पर समझ जाओगी,
सच का साथ निभाओगी...।
परन्तु ऐसा नहीं हुआ....
तुम आज भी जरूरतमंदों को छोड़,
पूंजीपतियों के तलवे चाटती हो।
सच्चाई से जादा मसालेदार खबर से,
मुनाफखोरों की जेबें भारती हो।
क्या करूँ मैं इस कलम का...?
जो जमाने से छिपा रही है...
इसी जमाने का काला सच।
सच को झूठ बनाती है कलम...
सच के बिना बेजान है कलम...।
आख़िर कर ही दिया मैं ने,
इस कलम का...सर कलम।

## लौटने का ख्याल भी..



दर्शन सिंह
हैदराबाद

तेरे ख्यालों की जुस्तजू में
रात सारी गई ताकतें
सिरहाने की सिलवटें
तेरे दीदार की आरजू में
रात सारी गई सुनते
कदमों की आहटें
उलझते सुलझते कभी बुझते रहे
तुम्हारी सुनिश्चित जीत , मैं हारा
लौटने का ख्याल भी आए तो
बस चले आना
इंतजार आज भी,
बड़ी बेसब्री से है तुम्हारा
राहों में खड़े हैं कब से
इंतजार अभी बाकी है
आंखों से तो कितनी बार
वो हां कर चुके हम से
पर इजहार अभी बाकी है
करीने से सजाते रह गए सपनों को
रौशनी तो है लेकिन धूमिल किनारा
लौटने का ख्याल भी..
पहली मुलाकात वो मीठी बात
भूल से नहीं भूलता दिल
मिलता तेरा साथ होती जवां रात
रौनक होती महफ़िल
शमां को बुझा कर प्यार से
दिल को जगमगाए रखा
थी तो व्यथित धमनियां,
अनसुलझी पहेलियां
प्यासी थी शाम, प्यासा फसाना
लौटने का ख्याल भी..

## जुर्म



हेमंत सुराना,
उदयपुर

गुण की भी कीमत,
जुर्म की भी कीमत
गुण की कीमत मिलती,
जुर्म की चुकानी पड़ती
गलतियां कर लो,
मगर जुर्म नहीं
मंजिल दूर है, कह दो ,
मगर राही को गुमराह नहीं
सहना नहीं, आवाज उठाना,
सब्र की तोहीन ना समझना
छीनी गई ग़र खुशी है तेरी,
देना पड़ेगा उसको हर्ज़ाना
जुर्म करके कहां जाओगे,
जुर्मो का जवाब देना ही होगा
फैसला कभी तेरे हक में होगा,
फैसला कभी तेरे हक में होगा ।

## नैहर का श्रृंगार है बिटिया



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

नैहर की चौखट पर जब मीठी दस्तक,
कानों में मिश्री सी घोल जाती है,
रोम-रोम पुलकित हो उठता है,
चहुंओर नैहर में सुरीली सरगम सी बिखर जाती है।
याद आ जाती वो बचपन की नन्ही सी गुड़िया,
बनकर नित नई जादू की पुड़िया,
मधुमास के फूलों की खुशबू सी,
ओस की नाज़ुक बूंदों सी,
मोती की नज़ाकत जैसी सुंदर लड़ी सी,
घर के कण-कण में बस जाती है।।
नैहर का सज-धज, श्रृंगार वही,
रूप की अनुपम छटा, छवि,
मां बाबा के हृदय स्पंदन की घड़ी,
भैया के लाड़ दुलार में पली-बढ़ी,
घर के संस्कारों और संस्कृति की परिष्कृति,
मंत्र मुग्ध कर देती प्रतिक्षण,
है घर- आंगन-उपवन की वो अनूठी कृति।।
जैसे नैहर को खूब सजाया,
अपना हर पल रचा बसाया,
वैसे ही सजना के घर को भी,
अभिमंत्रित कर समृद्ध बनाया।
दो-दो परिवारों की हो मजबूत कड़ी,
है तुमसे समाज को उम्मीदें बड़ी।।

## मदिरा मरने का नाम



पी एन गुप्ता
हैदराबाद

मत पियो सुबह और शाम।
सुख और चैन को खा जाएगी,
आदत है यह बड़ी बदनाम।।
पीकर जब घर जाओगे,
पत्नी से आंख मिलाओगे,
वह तुमको गाली देगी,
तुम उसको गलियाओगे,
हाथ में लेकर छड़ी, करेगी
लाल तुम्हारा चाम।
मदिरा मरने का नाम --
भूखे ही सोना होगा, चैनो सुकूं खोना होगा,
संभले अगर नहीं फिर भी, जीवन भर रोना होगा,
नाव गृहस्थी की खेने को नहीं मिलेगा काम।
मदिरा मरने का नाम --
छोड़ा अगर नहीं पीना, मुश्किल हो जाएगा जीना,
लगी रही मुंह को तो फिर, छूटेगी बिल्कुल भी ना,
अगर कभी पी ली नकली,तो होगा काम तमाम।
मदिरा मरने का नाम --
चाहो अगर स्वस्थ रहना,
तो दूर सदा इससे रहना, यदि नहीं,तो बिक जाएंगे
ज़र,ज़मीन,घर और गहना,
इसी लिए मैं कहता हूं कि इसे दूर से करो सलाम।
मदिरा मरने का नाम --
पछताओगे फिर लाला, हाय मैंने क्या कर डाला,
पी पी कर यह हाल किया ख़ुद को भी तो पी डाला।
यह है शातिर बदनाम बड़ी इसके मत बनो ग़ुलाम।
मदिरा मरने का नाम

## मिथ्या और सत्य



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

आज मिथ्या का है प्रचलन
सब इसी से हाथ मिलाय,
सत्य बेचारी बैठ के
नैनन अश्रु बहाय ।
सत्य सदा ही पिसती
चक्की के दो पाट,
इसे मिटाने के लिए
तैयार रहे यार खाट ।
मिथ्या होती बेशरम वाणी में इसकी धार,
सत्य बेचारी ही हरदम
इज्जत की खाए मार ।
मिथ्या सीना ठोक कहे
हम हैं बड़े महान,
सत्य मुंह कम खोलती
ना ज्यादा गाए गान ।
हवा में उड़ती है मिथ्या
सौ- सौ पंख लगाय,
सत्य सदा धीमे चले
भू पर पांव दबाय ।
मिथ्या आकर्षित करती है
विविध रूप दिखलाय,
चकाचौंध अपनी देकर
नरक में हमें गिराय ।
सत्य सदा सीधी होती
ना मीठे बोले बोल,
मानव के व्यवहार से
ये लेती उसको तोल ।
मिथ्या की उमर ना होती है
इससे ना मिलाओ हाथ
करो मित्रता सत्य से
जो हरदम देगी साथ ।
मिथ्या ऐसी डाकिनी
जो काट कलेजा खाय,
हरदम झांसा दे देकर
बस मानव को भरमाय ।

## मेरी भाषा मेरा अभिमान



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

हिम शिखर के तुंग-सी
उच्च प्रखर हिंदी भाषा निराली है
सागर की लहरों के
जैसी सुंदर और सुहानी है
वेदों और पुराणों से निकली
संस्कृत की तनया कहलाती हैं।
कालिदास के कल्पना में
बसती मेघदूत बन जाती हैं
गीतिकाव्य की कलम बनकर कालजई कहलाती हैं
कबीर की सुंदर वाणी बनकर सीख कई दे जाती है
सूरदास की आँखें बनकर सूरसागर में बस जाती हैं
तुलसी की चौपाई में सजकर अमर काव्य बन जाती है
झाँसी की तलवार बनकर सुभद्रा को अमर कर जाती हैं
प्रेमचंद की प्रिय हंसिनी कथा-कुंज बन जाती है
अपभ्रंश पाली प्राकृत से आगे विस्तृत नदी बन जाती है
वीरों की गाथा बनती है
“पृथ्वीराज रासो” से सबको पहचान कराती है
शिवाजी के शुभ संस्कारों से सब का परिचय करवाती है
सावित्रीबाई फुले की बातें जन-जन तक पहुंचाती हैं ।
भाषा मेरी समृद्ध इतनी सुदूर दूर तक जाती है
देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी पहचान बनाती है
मृदु सरल समदर्शी सहज भावपूर्ण है हिंदी भाषा
नहीं कठिन है नहीं विकट है सुगमता से अपना बनाती है
हिंदी भाषा मेरी प्रिय भाषा मेरा अभिमान है मेरा स्वाभिमान है
एक दिवस की बात नहीं है सदियों की पहचान है ।।

## राष्ट्र भाषा भारत की



पद्मजा श्रीवास्तव

हिन्दी ,भारत देश की भाषा
राष्ट्र भाषा भारत की
भाषाओं की अनेकता में
एकता की कुँजी
संस्कृतियों की विभिन्नता में जुड़ाव की कड़ी
सरल ,सरस,मधुर, सजीव ।
सीधी- सादी हिन्दी ,लगाव जुड़ाव है सिखाती
समाहित है किया कितनी ही भाषाओं के शब्दों को स्वयंमे
जयशंकर,महादेवी,निराला प्रेमचंद जैसे महान लेखकों
की भाषा का भरा है जादू इसमें , मिठास है जिसमें
गंगा, यमुना के पावन देश की भाषा हिन्दी ।
आज बन गई गौरवशाली
संकोची थी पहले हो गई गौरान्वित आज
बदल गई है पूर्ण रूप से विश्व मंच पर बोली जाती
पहचान बना ली इसने विश्व की भाषा की
विश्व की भाषा की ।।

## हम अग्रवाल कहलाते हैं



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

महाराजा अग्रसेन के वंशज,
अग्रवाल कहलाते हैं।
एक रुपया एक ईंट से,
समाज खुशहाल बनाते हैं।
तेलंगाना अग्र समाज की,
अग्रसेन जयंती महिमा न्यारी ,
क्रिकेट,बैडमिंटन,शतरंज,
कैरम नारी उत्सव छटा निराली ,
मेडिकल,शिक्षा,एकल नारी, करें समाज की रखवाली
एक से एक जुड़ जाएँ, नई शाखाओं की ज्योत जला ली,
अग्र मंजूषा अमृत कलश में, नित नए आदर्श समाते हैं।
महाराजा अग्रसेन के वंशज, अग्रवाल कहलाते हैं।।
एक रुपया एक ईंट से, समाज खुशहाल बनाते हैं।
अग्रवाल जब दीप जलाते, रोशन समाज को कर जाते,
महालक्ष्मी वरदान मिला है, धन पात्र भरते जाते,
दुख का साया दूर रहे, सुखी, संपन्न के जगराते
हमसे तुम हो, तुमसे हम हैं, जोड़ रहे सबसे नाते,
अग्रवाल परिवारों में, महाराजा अग्रसेन ध्याये जाते हैं।
महाराजा अग्रसेन के वंशज,अग्रवाल कहलाते हैं।
एक रुपया एक ईंट से , समाज खुशहाल बनाते हैं।।
'गीता' खाली हाथ आए हम,खाली हाथ जाएँगे,
जिसके पास कुबेर खजाने,मदद को आगे आएँगे,
राम राज्य लक्ष्य जो है, अग्रजन साथ ही पाएँगे
सारथी जब 'अनिरुद्ध' हों तो आगे बढ़ते जाएँगे,
छूटे न कोई भी अग्र बंधु वो ऐसी कड़ी बनाते हैं।
महाराजा अग्रसेन के वंशज, अग्रवाल कहलाते हैं।
एक रुपया एक ईंट से ,समाज खुशहाल बनाते हैं।।
हम अग्रवाल कहलाते हैं।

## भारत माँ के माथे की है बिंदी



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

देश की एकता अखंडता,
सामाजिक समरसता का,
सांस्कृतिक समन्वयता का,
पथ प्रदर्शित करती है हिन्दी।
हिन्दी केवल भाषा मात्र ही नहीं,
राष्ट्र भाषा, राज भाषा भी,
संपर्क भाषा, संसर्ग भाषा,
आन बान मान पहचान की,
देश के अस्मिता की भाषा।
हिन्दीपढ़ना-लिखना और पढ़ाना,
ससम्मान निज प्रयोग करना,
राष्ट्र-राष्ट्रीय-राष्ट्रीयता का है
सशक्त माध्यम श्रेष्ठ भावना,
देश हो प्रथम, देश कार्य अहम,
जन-गण-मन की है भूषा।
हिन्दी तो किसी की नहीं विरोधी,
हिन्दी तो सभी से करती है संधी,
हिन्दी कभी न करती किसी को बंदी,
यह मेरे भारत माँ के माथे की है बिंदी।

## शीशों का नगर



वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा

एक दिन
सुगरी के महल
जैसे साफ सुथरे घर की
स्नेहिल हथेलियों में बैठ कर
तुम... शीशों का नगर
देख रहे होगे तब
कहीं दूर
किसी अंजाने वृक्ष की...
अंजानी डाल पर
टूटी डाल पर सोए किसी अंजान फूल की
चुटकी जैसी नमी... अगर तुम्हारी... सूखी
हथेली में उग आए तो...
सोफा के हत्थे पर...तुम अपनी
हथेलियों को पोंछ मत लेना...
उसकी छाप एक कागज पर उतार कर
कहीं अंजाने घर के... कहीं अंजाने पते
पर उसे भेज देना।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# भूटान से बहुत कुछ सीख सकता है भारत

## पहाड़ों में तो भूटान भी बसा है, लेकिन वहां हिमाचल कश्मीर व उत्तराखंड जैसी तबाही क्यों नहीं होती?

भारत में इस साल पहाड़ी राज्यों ने काफी बरसात देखी है। समान से ज्यादा मानसून ने कई इलाकों में तबाही मचाई है। बादल फटने से लेकर फ्लैश फ्लड तक, भूस्खलन से लेकर बाढ़ तक, मौसम की मार ने ना सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचाया है, कई लोगों की जान भी चली गई है। लेकिन भारत के पहाड़ी राज्यों के लिए ये एक ऐसा ट्रेंड है जो अब साल दर साल ऐसे ही रिपीट हो रहा है। बारिश होती है, बादल फटते हैं, लोग फंसते हैं और कई जिंदगियां हमेशा के लिए उजड़ जाती हैं।

हिमाचल प्रदेश में इस साल जून 20 से लेकर अगस्त तक भारी बरसात की वजह से 310 लोगों की मौत हुई है, राज्य को 2450 करोड़ का भारी नुकसान भी उठाना पड़ा है। इसी तरह उत्तराखंड में भी मौसम की मार ने कोहराम मचाया है। सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन के मुताबिक इस साल उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड की वजह से सड़कों को 1,163.84 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसी तरह एक अप्रैल से 31 अगस्त के बीच उत्तराखंड में 79 लोगों की मौत हुई है, 115 जख्मी हुए हैं और 90 मिसिंग भी बताए जा रहे हैं। उत्तराखंड सरकार ने भारी नुकसान को देखते हुए केंद्र से 5,702.15 करोड़ की मांग की है।

जम्मू-कश्मीर को भी इस साल मानसून का भारी दंश झेलना पड़ा है। 14 अगस्त को किश्तवाड़ में बादल फटने की वजह से 68 लोगों की मौत हुई, 300 से अधिक घायल हुए और 38 लोग तो आज भी लापता बताए जा रहे हैं। इसी साल जम्मू के रियासी और डोडा जिले में भी मौसम की मार ने काफी नुकसान पहुंचाया है। नीचे दी गई टेबल से इसे समझने की कोशिश करते हैं-

### भूटान में भी पहाड़, लेकिन वो सुरक्षित

अब इन आंकड़ों से पता चलता है कि तीनों ही राज्यों में इस साल सामान्य से काफी ज्यादा बारिश हुई है, इसी वजह से ज्यादा नुकसान भी देखने को मिला। अब इन तीनों राज्यों के लिए तो ये हर साल की कहानी है, लेकिन एक ऐसा देश भी है जो पूरी तरह पहाड़ों में ही बसा हुआ है, जहां मौसम की मार भी देखने को मिलती है, लेकिन फिर भी वो खुद को ज्यादा बेहतर तरीके से मैनेज करता है, वो चुनौतियों को खुद पर हावी होने नहीं देता, समाधान पर उसका फोकस रहता है। यहां बात हो रही है भूटान की जिसने पिछले कुछ सालों में ऐसे सख्त नियम बनाए हैं कि जिस वजह से उसका पर्यावरण बचा हुआ है, पर्यटक सीमित हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर भी सुरक्षित रहता है।

### भूटान की जनसंख्या भारत के पहाड़ी राज्यों से कम

यहां पर समझने वाली बात यह है कि भूटान की जनसंख्या कम है, इस पहाड़ी मुल्क में पॉपुलेशन कंट्रोल काफी बेहतरीन रहा है। वहीं जब हम भूटान की जनसंख्या की तुलना सिर्फ भारत के तीन राज्यों से करते हैं- यानी कि उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर, पता चलता है कि अंतर काफी ज्यादा है। भारत के पहाड़ी राज्य जनसंख्या विस्फोट से जूझ रहे हैं, वहां शहरीकरण काफी ज्यादा है, वहीं भूटान इस मामले में बेहतर स्थिति में दिखाई देता है। नीचे दी गई टेबल से इसे आसानी से समझा जा सकता है-

| क्षेत्र | अनुमानित जनसंख्या |
|---|---|
| हिमाचल प्रदेश | 75.18 लाख |
| उत्तराखंड | 1.23 करोड़ |
| जम्मू और कश्मीर | 1.58 करोड़ |
| भूटान | 0.79 करोड़ |

अब ऊपर दी गई टेबल से पता चलता है कि उत्तराखंड की जनसंख्या भूटान से लगभग 1.5 गुना अधिक है। वही जम्मू और कश्मीर की जनसंख्या भूटान से लगभग 1.6 गुना ज्यादा बैठती है। ऐसे में बढ़ती जनसंख्या एक बड़ा कारण है कि आखिर क्यों भारत के इन तीन पहाड़ी राज्यों में भूटान की तुलना में बारिश के मौसम में ज्यादा तबाही देखने को मिलती है।




अद्भुत रोमांच पैदा करती हैं, भूटान की खूबसूरत पहाड़ियां

### लगातार पेड़ों की कटाई

अब भारत के पहाड़ी राज्यों में ज्यादा तबाही का एक कारण पेड़ की ज्यादा होती कटाई भी है। जितने ज्यादा पेड़ काटे जाते हैं, पहाड़ उतने ही कमजोर होते चले जाते हैं। कभी निर्माण के नाम पर, कभी विकास के नाम पर उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में पेड़ काटे जाते हैं। लेकिन इस मामले में भी भूटान की नीति भारत की तुलना में ज्यादा मजबूत और असरदार है। सबसे पहले जानते हैं कि भारत के इन तीनों ही पहाड़ी राज्यों में कितने पेड़ काटे जा रहे हैं।

ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के पास 2020 तक राज्य के पास 1.59 Mha के करीब नेचुरल फॉरेस्ट था, इसे कुल लैंड एरिया का 29 फीसदी कहा जा सकता है। लेकिन 2024 आते-आते हिमाचल प्रदेश ने अपना 572 ha नेचुरल फॉरेस्ट गंवा दिया, इसे 181 किलो टन $CO_2$ उत्सर्जन के बराबर माना जा सकता है।

उत्तराखंड की बात करें तो 2020 तक उसके पास 1.66 Mha के करीब नेचुरल फॉरेस्ट था, इसे कुल क्षेत्र का 32 फीसदी कहा जाएगा। लेकिन 2024 आते-आते 998 ha के करीब वन क्षेत्र को उत्तराखंड ने गंवा दिया, इसे 412 किलो टन $CO_2$ उत्सर्जन के बराबर माना जाएगा। जम्मू-कश्मीर को लेकर एक दूसरी रिपोर्ट बताती है कि 2020 तक यहां 0.15 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र था, लेकिन 2023 तक 112 हेक्टेयर जंगल नष्ट हो गया। इसे 68.8 किलोटन कार्बन डाइऑक्साइड निकलने के समान माना जा सकता है।

### भूटान की पर्यावरण नीति बहुत सॉलिड

अब भूटान में तो एक कठोर पर्यावरण नीति चलती है, दुनिया का यह पहला कॉर्बन नेगेटिव देश भी है। यहां तो कानून चलता है कि जिसकी वजह से हर कीमत पर 60 फीसदी क्षेत्र में हमेशा जंगल ही रहेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में भूटान के पास 72 फीसदी क्षेत्र में जंगल है और यही जंगल हर साल लगभग 60 लाख टन $CO_2$ सोख भूटान के कानून के मुताबिक, देश की कम से कम 60% जमीन हमेशा जंगल बनी रहेगी। अभी यह हिस्सा 72% है, और यही जंगल हर साल लगभग 60 लाख टन $CO_2$ सोखते हैं। इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने पर भी भूटान का फोकस रहता है। प्रोजेक्ट सक्रिय रूप से चल रहे हैं। इन तीन योजनाओं की वजह से अकेले भूटान में 2,525,000 पेड़ लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा भूटान इकोलाजिकल सोसायटी की तरफ से भी इस अभियान को गंभीरता से लिया गया है और नियमित रूप से पेड़ लगाए जा रहे हैं।

### भूटान का विकास मॉडल उसे कैसे बचा रहा?

समझने वाली बात यह भी है कि भूटान का विकास मॉडल भी पर्यावरण को पूरी तवज्जो देता है, भारत में तो विकास का मतलब ही बड़े निर्माण, अच्छी सड़कें माना गया है, लेकिन शहरीकरण के इस युग में भूटान अब तक इस ट्रैप में नहीं फंसा है। भूटान का विकास मॉडल "ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस" पर आधारित है। ऐसे में यहां पर सिर्फ आर्थिक वृद्धि पर जोर नहीं दिया जाता है, इसके अलावा सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कल्याण को भी महत्व मिलता है।

भूटान की एक खास बात यह भी है कि यहां पर पर्यटकों को सीमित रखा जाता है, भारत में तो गर्मी की छुट्टियां आते ही लोग हिल स्टेशन की ओर भागते हैं, लंबे ट्रैफिक जाम तक देखने को मिल जाते हैं, लेकिन भूटान के केस में ऐसा नहीं है। भूटान तो अपने हर पर्यटक से रोज की एक Sustainable Development Fee चार्ज करता है। भारत के लिए यह फीस 1200 रुपये होती है, वहीं दूसरे मुल्कों के पर्यटकों के लिए यह 8,300 रखी गई है। अब इस एक योजना से दो चीजें हो रही हैं- पहली इस फीस की वजह से पर्यटक सीमित संख्या में ही भूटान पहुंचते हैं। दूसरी बात यह है कि इस फीस के कारण भूटान को पर्यटकों से अच्छा राजस्व भी मिल जाता है। इसे भूटान की High Value, Low Volume पर्यटन नीति के रूप में जाना जाता है।

अब इन्हीं कारणों से कहा जा सकता है कि पहाड़ों में तो भूटान भी बसा है, लेकिन अपनी नीति, अपने विजन और अपनी सख्ती की वजह से वहां पर मौसम की मार के बाद भी हिमाचल, उत्तराखंड या फिर जम्मू-कश्मीर जैसी तबाही देखने को नहीं मिलती है।

# चाबहार पोर्ट को मिली छूट वापस लेने से भारत को किन मोर्चों पर घाटा होगा ?



अशोक भाटिया

चाबहार बंदरगाह को प्रतिबंधों से छूट खत्म करने का अमेरिकी फैसला भारत को आर्थिक और रणनीतिक नुकसान पहुंचाने वाला साबित होगा। एक तरफ जहां भारत इस बंदरगाह के बुनियादी ढांचे के विकास पर 85 मिलियन डॉलर (749 करोड़ रुपये) का निवेश कर चुका है जबकि 120 मिलियन डॉलर (1057 करोड़ रुपये) की योजनाएं पाइपलाइन में हैं। वहीं यूरोप, रूस, अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया तक सीधी पहुंच के कारण इसे रणनीतिक स्तर पर चीन की बेल्ट एंड रोड पहल का जवाब माना जाता रहा है।

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ दोस्ती को लेकर शहद में डूबी बातें कहीं। उन्होंने खुद को 'भारत के करीब' बताया। खुद को 'भारत के पीएम के नजदीक' बताया। PM मोदी के साथ अपने रिश्तों को 'बहुत अच्छा' बताया। लगभग इसी समय अमेरिका ने भारत को झटका देते हुए ईरान के रणनीतिक चाबहार पोर्ट पर 2018 में दी गई प्रतिबंधों से छूट को रद्द कर दिया।

इस छूट के तहत भारतीय कंपनियों को चाबहार पोर्ट में काम करने की अनुमति मिल गई थी और ये कंपनियां अमेरिकी प्रतिबंधों की जद में नहीं आती थी। लेकिन इस प्रतिबंध के हटने से यहां काम कर रही भारतीय कंपनियों को सीधे सीधे अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। भारत ईरान स्थित इस पोर्ट को विकसित कर रहा है। यह पोर्ट भारत के लिए मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक व्यापार और कनेक्टिविटी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

यही सवाल आता है भारत के खिलाफ ट्रंप के डबल गेम का। ट्रंप भारत-अमेरिका रिश्तों को दुनिया की सबसे मज़बूत साझेदारी करार देते हैं। लेकिन दूसरी ओर कठोर आर्थिक और कूटनीतिक कदमों से भारत को दबाव में भी लाने की कोशिश करते हैं।

ट्रंप का यही विरोधाभास आज न सिर्फ भारतीय रणनीतिक हलकों में बल्कि आम जनमानस में भी गहराई से चर्चा का विषय बनी हुई है। सवाल यह है कि क्या ट्रंप वास्तव में भारत के साथ खड़े हैं या केवल अपना स्वार्थ साध रहे हैं। क्या ट्रंप विश्व पटल पर भारत की एक स्वतंत्र सत्ता के रूप में अंगडाई से असहज महसूस कर रहे हैं। क्या अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान ताकतवर भारत का स्वीकार नहीं कर पाता है इसलिए आर्थिक और कूटनीतिक कदमों से भारत को दबाने की कोशिश करता है।

रक्षा एक्सपर्ट डॉक्टर ब्रह्म चेलानी ट्रंप के इस डबल गेम की पोल खोलते हुए एक्स पर लिखा कि ट्रंप की भारत नीति स्पष्ट होती जा रही है, मोदी की लगातार प्रशंसा करते हुए उन पर शिकंजा कसते रहो। मोदी को ₹महान₹, ₹बहुत करीबी दोस्त₹ और ₹बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं₹ कहना ट्रंप की कड़वी बातों पर मीठा पर्दा डालने जैसा है। ₹ ब्रह्म चेलानी ने कहा ने कहा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए दूसरे चरण के प्रतिबंधों में सिर्फ भारत पर प्रतिबंध लगाना और जो चाबहार भारत के लिए ग्वादर का काउंटर था उस पर मिले छूट को खत्म कर देना अमेरिका की नीति को स्पष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि ट्रंप की 'द आर्ट ऑफ द डील'में चापलूसी दोस्ती नहीं है- यह लोहे की मुट्ठी पर मखमली दस्ताना है।

राजनीतिक मंच पर ट्रंप ने कई बार भारत को 'मजबूत साझेदार' बताया, लेकिन वास्तविक नीति में वे 'अमेरिका फर्स्ट' के कठोर पैमाने से ही चलते रहे। अमेरिका ने जब भारत पर टैरिफ बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया तो भारत अपनी विदेश नीति की स्वायत्तता दिखाते हुए चीन की अगुआई वाले SCO की बैठक में एक स्वावलंबी देश की तरह पहुंचा। यहां से आई तस्वीरों ने ट्रंप को परेशान कर दिया और वे यह कहने को मजबूर हुए कि मैंने भारत-रूस को चीन के हाथों में खो दिया।

लेकिन भारत से रिश्ते सुधारने के ट्रंप के एप्रोच कॉस्मेटिक ही रहे, इसमें ठोस भावना नहीं थी। यही वजह रही कि लगभग इसी दौरान ट्रंप के सलाहकार पीटर नवारो, अमेरिकी वाणिज्य मंत्री स्कॉट बेसेंट भारत के खिलाफ बयान देते रहे और रूसी तेल की खरीद बंद करने के लिए भारत पर दबाव बनाते रहे। इसी दौरान अमेरिका ने भारत के साथ रक्षा व्यापार में कीमतें बढ़ा दी, अमेरिकी बाजार में भारत की पहुंच को सीमित कर दिया और वीजा नियमों को कठोर बना दिया। दरअसल भारत-अमेरिका रिश्तों का जो चमकदार चेहरा ट्रंप ने प्रस्तुत किया, उसके भीतर प्रबल अमेरिकी महत्वाकांक्षा, व्यापारिक झगड़े और रणनीतिक दबाव की सच्चाई छिपी रही।

वहीं अमेरिका के साथ टकराव में भारत धैर्य से काम ले रहा है। भारत ने साफ किया है कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सस्ता तेल जहां से मिलेगा, खरीदेगा। साथ ही भारत जवाबी टैरिफ लगाने से बच रहा है क्योंकि अमेरिका भारत के साथ तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। एयरफोर्स वन में ट्रंप ने जब पीएम नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताया तो साथ साथ यह भी कहा कि भारत ने लगभग किसी भी देश की तुलना में अमेरिका पर ज्यादा टैरिफ लगाया है। लेकिन अब मैं जिम्मेदारी संभाल रहा हूं और ऐसा अब नहीं चल सकता। भारत जैसे देश के लिए यह संदेश साफ है कि ट्रंप का रवैया दोस्ताना कम और व्यापारिक अधिक है। इसे अवसरवादी भी कहा जा सकता है। ट्रंप भारत को अपनी वैश्विक रणनीति में एक मोहरे की तरह इस्तेमाल करना चाहते है। वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति में चीन का उभार संतुलित करने के लिए भारत के कंधे पर बंदूक रखकर चलाना चाहते हैं लेकिन ट्रंप भारत को वास्तविक साझेदार का दर्जा नहीं देना चाहते हैं।

# 7 लाख में हो रहा है बच्चों का सौदा

## दिल्ली-यूपी-उत्तराखंड-तेलंगाना-तमिलनाडु में गैंग एक्टिव; 6 बच्चे बरामद

पिछले महीने की 22 अगस्त की बात है। राजस्थान में ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करने वाले सुरेश के पांव तले तब जमीन खिसक गई, जब उनका 6 महीने का बेटा गायब हो गया। वो भी तब जब पूरा परिवार स्टेशन पर एक साथ सो रहा था। ये घटना देश की राजधानी दिल्ली की है। सुरेश अगले ही दिन परिवार के साथ राजस्थान के बहरोड़ काम करने जाने वाले थे, लेकिन इस घटना ने उन्हें और उनके पूरे परिवार को परेशान कर दिया।

सुरेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दिल्ली पुलिस जब बच्चे की खोजबीन में जुटी तो वो उत्तर प्रदेश में चाइल्ड ट्रैफिकिंग के एक गैंग तक पहुंची। ये गैंग नवजात बच्चों को डॉक्टर या किसी हॉस्पिटल के जरिए लाखों रुपए में बेचती थी। सुरेश का बच्चा भी इसका शिकार होने वाला था, लेकिन पुलिस की कार्रवाई के बाद वो बच गया।

दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुरेश के बच्चे के अलावा 5 और बच्चे बरामद किए। इन्हें लखनऊ, आगरा और नैनीताल बेचा गया था। पुलिस ने रैकेट से जुड़े 10 लोगों को अरेस्ट किया है, जिसमें डॉक्टर, मेडिकल स्टूडेंट और कस्टमर समेत दलाल शामिल हैं। ये गैंग बस स्टॉप और रेलवे स्टेशन पर बच्चों को टारगेट करती। इसका नेटवर्क दिल्ली और यूपी ही नहीं, तेलंगाना, तमिलनाडु और उत्तराखंड तक फैला है। सुरेश को परिवार के साथ राजस्थान के लिए बस पकड़नी थी, लेकिन रात में ही बस स्टैंड से उनका 6 महीने का बेटा गायब हो गया।

सुरेश मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के रहने वाले हैं। पिछले 7-8 सालों से राजस्थान के बहरोड़ में एक ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर रहे हैं। दिहाड़ी पर उन्हें मजदूरी मिलती है। उसी ईंट-भट्ठे पर पत्नी गुड़िया और चार बच्चों के साथ रहते भी हैं। 22 अगस्त को वे पूरे परिवार के साथ बांदा से बहरोड़ जाने के लिए निकले थे। पहले ट्रेन से दिल्ली में निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचे। फिर वहां से सराय काले खां बस स्टैंड गए।

23 अगस्त की सुबह उन्हें बहरोड़ के लिए बस पकड़नी थी। इसलिए खाना खाकर रात को बस स्टैंड के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर सो गए। रात करीब 11 बजे जब नींद खुली तो उनका सबसे छोटा बेटा गायब था। सुरेश और उनकी पत्नी ने बच्चे को आसपास काफी देर तक ढूंढा, लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर उन्होंने पीसीआर पर कॉल करके जानकारी दी। पुलिस ने पहले आसपास छानबीन शुरू की। घटना को याद करते हुए सुरेश बताते हैं, 'पहले हमने अनाउंसमेंट करवाई। पुलिस भी हमारे साथ बहुत देर तक ढूंढती रही, लेकिन बच्चा नहीं मिला। आसपास की झुग्गियों में जाकर देखा, फिर भी कुछ पता नहीं चला। इसके बाद हमने रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने टीम बनाकर जांच शुरू की। सीसीटीवी खंगालने शुरू किए।'

सुरेश के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम के दौरान वो कर्जदार भी हो गए। उन्हें बच्चे के मिलने तक दिल्ली में ही रुककर रहने-खाने का इंतजाम करना पड़ा। इसी दौरान उनके एक बच्चे की तबीयत भी बिगड़ गई। उसके इलाज में करीब चार हजार रुपए लग गए। इन तीन-चार दिन में उनके 10 हजार से ज्यादा रुपए खर्च हो गए। इसके लिए उन्हें एक रिश्तेदार से कर्ज लेना पड़ा।

साउथ-ईस्ट दिल्ली के डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी बताते हैं, सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो हमें उसमें दो संदिग्ध व्यक्ति बच्चे को साथ लेकर जाते दिखे। इसके बाद हमने स्पेशल स्टाफ की टीम को इस काम पर लगाया। इस टीम ने तकनीकी छानबीन शुरू की। तीन-चार ऐसे नंबर मिले, जो संदिग्ध लगे। हमने टारगेट करते हुए एक नंबर को फोकस किया तो हमें आगरा के फतेहाबाद कस्बे की लोकेशन मिली।'

फतेहाबाद कस्बे में छापेमारी करके पुलिस ने सबसे पहले वीरभान और कालीचरण नाम के लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, इन दोनों ने पूछताछ में पहले कुछ भी बताने से इनकार किया। जब उनके घर की तलाशी ली तो पुलिस को वो मोबाइल मिल गया, जिसकी लोकेशन घटनास्थल से मिल रही थी। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ कि तो दोनों ने बच्चा चोरी की बात भी कबूल कर ली।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने अपने रिश्तेदार रामबरण के कहने पर बच्चा चुराया था। उसके बदले पैसा देने की बात तय हुई थी। दिल्ली से चोरी के बाद उन्होंने बच्चे को आगरा के फतेहाबाद में ही डॉक्टर कमलेश के हॉस्पिटल (केके हॉस्पिटल) में दे दिया। हेमंत बताते हैं, 'पूछताछ के बाद पुलिस कमलेश के हॉस्पिटल पहुंची। स्पेशल स्टाफ के इंस्पेक्टर ने हार्ट अटैक का बहाना बनाया और अस्पताल में दाखिल हुए। जब डॉक्टर (कमलेश) देखने आया तो उन्होंने अपनी पहचान जाहिर की। पूछताछ हुई तो कमलेश ने बताया कि उसने बच्चे को एक मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सुंदर के पास बेच दिया।' सुंदर को छापेमारी का पता चल चुका था। वो राजस्थान की तरफ भागने लगा। हमने 50 किलोमीटर तक पीछा करके उसे पकड़ा।'

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। इस केस में एक के बाद एक किरदार सामने आते गए। सुंदर से जब पूछताछ शुरू हुई तो उसने बताया कि बच्चे को आगरा के राजनगर इलाके में रहने वाली कृष्णा शर्मा और प्रीति शर्मा के पास बेचा है। पुलिस के मुताबिक, ये दोनों बहन हैं और बीएएमएस(बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी) कर रही हैं। पुलिस की टीम ने इनके घर छापेमारी की और उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके घर से सुरेश के 6 महीने के बच्चे को बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक, दोनों बहनों ने पूछताछ में बताया कि वे रितु नाम की बिचौलिए के जरिए इस बच्चे को ज्योत्सना को बेचने वाली थीं। इसके बाद पुलिस ने रितु का घर ट्रेस किया और उसे भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं पूछताछ के लिए ज्योत्सना को भी हिरासत में लिया। पुलिस ने 48 घंटे में बच्चे को रिकवर कर लिया और परिवार को सौंप दिया। इसके बाद पुलिस मामले में अरेस्ट सभी 10 आरोपियों को दिल्ली ले आई। आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आगरा और लखनऊ में छापेमारी की। पुलिस ने गैंग के जरिए बेचे गए 5 और बच्चों को बरामद कर लिया। डीसीपी हेमंत बताते हैं, 'पूछताछ में पता चला कि डॉ. कमलेश, कृष्णा या इस तरह के दूसरे डॉक्टरों के जरिए आरोपी पूरा नेक्सस चला रहे हैं।' 'इसमें कई ऐसे मामले भी मिले, जैसे- शादी से पहले बच्चा होने या पैसों के लिए मां-बाप ने खुद अपने बच्चे बेच दिए। हमने जो बच्चे रिकवर किए हैं, उनमें से एक को साढ़े सात लाख रुपए में बेचा गया था।

डीसीपी ने बताया कि इसमें मुख्य आरोपी सुंदर, कृष्णा और प्रीति हैं, ये लोग करीब ढाई-तीन साल से इस काम में लगे हैं। हो सकता है कि इन्होंने और भी बच्चों को बेचा हो, अभी इसकी जांच चल रही है।

पुलिस ने जिन 5 और बच्चों को बरामद किया है, उनमें दो लड़कियां और तीन लड़के हैं। इनमें से एक 10 दिन का बच्चा भी है। इन सभी को दिल्ली सरकार के चलाए जा रहे स्टे होम 'निर्मल छाया' में रखा गया है। इनके पेरेंट्स की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

दो महीने के बच्चे को आगरा में किसी परिवार को बेचा गया है। दिल्ली पुलिस ने बच्चे को रिकवर कर लिया। वहीं आरोपी सुंदर के जरिए एक और दो महीने के बच्चे को बेचा गया था, उसे भी रिकवर किया गया। रचिता नाम की आरोपी के बताने पर आगरा से ही 10 दिन का बच्चा बरामद किया गया।

पूछताछ में सुंदर ने बताया कि निखिल नाम के एक व्यक्ति ने उसे एक साल की बच्ची दी थी, जिसे उसने अगस्त महीने में फतेहाबाद में एक परिवार को बेचा था। पुलिस ने उस बच्ची को भी रिकवर कर लिया है। वहीं, कृष्णा शर्मा और प्रीति शर्मा से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्होंने एक बच्चे को उत्तराखंड के नैनीताल में बेचा है। दिल्ली पुलिस ने नैनीताल से उस दूसरे बच्चे को भी रिकवर कर लिया है।

हेमंत का कहना है कि जांच में ये भी पता चला है कि दिल्ली, यूपी के साथ ही हैदराबाद, चेन्नई और उत्तराखंड में भी तस्करों का नेटवर्क काम कर रहा है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर ये गरीब परिवारों को टारगेट करते हैं और बच्चे चोरी कर बेचते थे।

मानव तस्करी के खिलाफ काम करने वाली संस्था 'आश्रय ट्रस्ट' के वकील गौरव कश्यप कहते हैं कि दिल्ली चाइल्ड ट्रैफिकिंग के लिए हॉट स्पॉट है, क्योंकि यहां हर जगह से बच्चे आते हैं। गौरव कहते हैं, 'बच्चों को चोरी करके संतानहीन कपल को बेचना तस्करी का नया ट्रेंड है। इसमें डॉक्टर समेत एक पूरा नेक्सस शामिल रहता है। ऐसे मामले अभी कम हैं। यात्रा के दौरान ऐसा अक्सर होता है। सरकार को ऐसे मामलों के लिए लोगों को जागरूक करना चाहिए।' गौरव बताते हैं कि इसके अलावा बाल तस्करी के दूसरे मामले भी आते हैं। तस्करी से आए बच्चे ढाबों, फैक्ट्रियों में काम करते हैं। वहीं लड़कियों को सेक्स वर्क और घरेलू कामों में धकेला जाता है।

पूरे देश के आंकड़ों को देखें तो बाल तस्करी की समस्या अब भी काफी बड़ी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक, 2022 में देश भर में 2,878 नाबालिग बच्चों की तस्करी की गई। इसी मामले पर अप्रैल में कोर्ट ने कहा था कि नवजात बच्चों की तस्करी जैसे केस की सुनवाई 6 महीने में पूरी हो जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश भी दिया था कि बाल तस्करी के पेंडिंग मामलों का डेटा रिव्यू करें और ट्रायल कोर्ट को 6 महीने में सुनवाई पूरी करने का निर्देश दें।

# सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाकिस्तान

## रक्षा मंत्री बोले– भारत से जंग हुई तो सऊदी साथ देगा, 2 दिन पहले हुई डिफेंस डील

इस्लामाबाद, 20 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान अपने न्यूक्लियर हथियार सऊदी अरब के साथ शेयर करेगा। दोनों देशों के बीच बुधवार को एक रक्षा समझौता हुआ था, जिसके तहत अगर किसी एक देश पर हमला होता है, तो इसे दोनों पर हमला माना जाएगा।

आसिफ ने पाकिस्तानी न्यूज जियो टीवी को दिए साक्षात्कार में कहा, हमारी परमाणु क्षमता पहले से अच्छी है। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे की रक्षा करने का वादा करता है। हमारे पास युद्ध के लिए ट्रेंड सेनाएं हैं। हमारे पास जो क्षमताएं हैं, वे इस समझौते के तहत निश्चित रूप से उपलब्ध होंगी।

जब आसिफ से पूछा गया कि अगर भारत और पाकिस्तान में जंग होती है तो क्या सऊदी अरब इसमें पाकिस्तान की तरफ से शामिल होगा? इस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा, बिल्कुल, इसमें कोई शक की बात नहीं है।" हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया।



आसिफ ने कहा कि इस समझौते का इस्तेमाल किसी हमले के लिए नहीं, बल्कि रक्षा के लिए किया जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब ने पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को आर्थिक मदद दी है। पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियार हैं, जो भारत के 172 हथियारों के लगभग बराबर हैं।

आसिफ ने आगे कहा कि न तो सऊदी अरब ने किसी खास देश का नाम लिया और न ही हमने किसी का नाम लिया। यह बस एक अम्ब्रेला है जो दोनों को मिला है, जिसमें नियम है कि किसी एक पर भी हमला होता है तो दोनों मिलकर उसका जवाब देंगे। आसिफ ने यह भी कहा कि यह कोई 'आक्रामक समझौता नहीं', बल्कि 'रक्षा व्यवस्था' है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि सऊदी अरब के साथ हुए ऐतिहासिक रक्षा समझौते के बाद कई देशों ने पाकिस्तान के साथ ऐसे ही रणनीतिक रक्षा समझौते करने में रुचि दिखाई है।

लंदन में पत्रकारों से बात करते हुए डार ने कहा कि अभी जल्दी है कुछ कहना, लेकिन इस समझौते के बाद अन्य देशों ने भी इस तरह की व्यवस्था की इच्छा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समझौते एक नियम के तहत ही तय होते हैं। सऊदी अरब के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में ही कई महीने लगे थे। डार ने समझौते को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि पाकिस्तान और सऊदी अरब दोनों इससे संतुष्ट और खुश हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सऊदी अरब ने हमेशा मुश्किल वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है, खासकर हालिया अंतर्राष्ट्रीय और आर्थिक संकट के दौरान।

बुधवार को हुए समझौते पर दोनों देशों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा।

# रोहिणी ने लालू, तेजस्वी और आरजेडी को किया अनफॉलो

## तेजप्रताप बोले–बहन का अपमान हुआ तो सुदर्शन चक्र चलेगा, संजय यादव पर लालू परिवार में बढ़ा विवाद

पटना, 20 सितंबर (एजेंसियां)। तेजस्वी के करीबी संजय यादव को लेकर लालू परिवार में बवाल बढ़ता जा रहा है। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने पिता लालू यादव, तेजस्वी यादव, राजद और परिवार के अन्य सदस्यों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अन फॉलो कर दिया है।

इधर, तेजप्रताप यादव बहन रोहिणी के बचाव में उतर गए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं उनकी गोद में खेला हूं। जो उन्होंने किया है वो किसी भी मां, किसी भी बहन और किसी भी बेटी के लिए बड़ी बात है। अगर मेरी बहन का किसी ने अपमान किया तो सुदर्शन चक्र चलाऊंगा।' उन्होंने ये भी कहा कि, रोहिणी पूरी तरह सही हैं।

संजय यादव को लेकर तेजस्वी और रोहिणी के बीच मतभेद बढ़ गया है। तेजस्वी के करीबी संजय यादव पर रोहिणी की आपत्ति सोशल मीडिया पर खुलकर सामने आई। उनके एक्स अकाउंट पर एक के बाद एक कई पोस्ट दिखे।

शुक्रवार रात भी उन्होंने दो पोस्ट किए और खुद को एक



जिम्मेदार बेटी और बहन बताया, लेकिन अगली सुबह शनिवार को अचानक उन्होंने अपने एक्स अकाउंट को प्राइवेट कर लिया। शनिवार की सुबह 8 बजे तक जो पोस्ट सार्वजनिक थे, वे 8 बजे के बाद अचानक से गायब हो गए, लेकिन शाम होते-होते रोहिणी ने एक्स अकाउंट को प्राइवेट की कैटेगरी से हटा दिया।

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और तेजस्वी यादव की बहन रोहिणी आचार्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लगातार दो पोस्ट साझा किए। इन पोस्टों में उन्होंने इशारों-इशारों में पार्टी और परिवार के भीतर चल रही खींचतान पर अपनी नाराजगी जाहिर की।

पहले पोस्ट में उन्होंने अपने पिता लालू यादव की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था कि, 'जो जान हथेली पर रखते हुए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने का जज्बा रखते हैं, बेखौफी-बेबाकी-खुद्दारी तो उनके लहू में बहती है।'

'मैं एक बेटी व बहन के तौर पर अपना कर्तव्य एवं धर्म निभाया है और आगे भी निभाती रहूंगी। मुझे किसी पद की लालसा नहीं है। न मेरी कोई राजनीतिक महात्वाकांक्षा है, मेरे लिए मेरा आत्म सम्मान सर्वोपरि है।' रोहिणी के इन इमोशनल पोस्टों ने पार्टी और सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी। आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इन दिनों 'बिहार अधिकार यात्रा' पर हैं। इसके लिए विशेष रूप से तैयार की गई एक बस को रथ का रूप दिया गया है। इस बस की फ्रंट सीट पर तेजस्वी यादव के बैठने की व्यवस्था थी।

लेकिन सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें उस सीट पर तेजस्वी नहीं, बल्कि उनके खास और राज्यसभा सांसद संजय यादव बैठे दिखे। यह तस्वीर देखते ही परिवार और पार्टी के भीतर विरोध की आवाजें तेज हो गईं। आलोक कुमार ने इस तस्वीर पर आपत्ति जताते हुए फेसबुक पर लिखा– आगे की सीट सदैव सर्वोच्च नेता के लिए निर्धारित होती है।

यदि कोई खुद को शीर्ष नेतृत्व से भी बड़ा समझने लगे तो यह और भी गंभीर बात है।

# यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक

## चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप, मैन्युअल चेक-इन कराया गया, कई फ्लाइट लेट या रद्द



ब्रसेल्स, 20 सितंबर (एजेंसियां)। यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुआ है। इनमें लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट, जर्मनी का बर्लिन एयरपोर्ट और बेल्जियम का ब्रसेल्स एयरपोर्ट शामिल है।

साइबर अटैक के चलते शनिवार को इन एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप हो गए। इसकी वजह से कई उड़ानों में देरी हुई। साथ ही कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी करना पड़ा है। चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप होने से यात्रियों को मैन्युअल तरीके से चेक-इन करना पड़ रहा है। इसकी वजह से फ्लाइट शेड्यूल पर असर पड़ा है।

शनिवार दोपहर तक हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 140 से ज्यादा उड़ानें लेट हुईं। ब्रसेल्स में 100 से ज्यादा और बर्लिन में 60 से ज्यादा फ्लाइट्स पर इसका असर पड़ा है।

ब्रसेल्स एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक शुक्रवार रात को एयरपोर्ट के चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पर साइबर अटैक हुआ। हैकर्स ने कॉलिन्स एयरोस्पेस कंपनी के सिस्टम को निशाना बनाया है। यह कंपनी इन एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम की सुविधा देती है।

कॉलिन्स एयरोस्पेस की पैरेंट कंपनी आरटीएक्स ने कहा है कि वे समस्या को जल्द ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। फ्रैंकफर्ट और ज्यूरिख जैसे यूरोप के बड़े एयरपोर्ट इस हमले से बच गए हैं।

**अमेरिका में 1800 से ज्यादा फ्लाइट लेट, सैकड़ों रद्द**

अमेरिका के डलास में भी दो एयरपोर्ट पर शुक्रवार को 1800 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। इन एयरपोर्ट्स पर टेलीकॉम सिस्टम में खराबी आई। इसके चलते फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने ग्राउंड स्टॉप जारी किया। एफएए ने बताया कि स्थानीय टेलीकॉम कंपनी के उपकरणों में खराबी आई है।

इस खराबी के चलते अमेरिकन एयरलाइंस ने 200 से अधिक उड़ानें रद्द कीं और 500 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। साउथवेस्ट एयरलाइंस की भी 1100 से अधिक उड़ानों में देरी हुई।

# दिवाली में पटना एयरपोर्ट को बड़ा गिफ्ट

## अब मेट्रो सिटी शैली में उठाइए एक्जीक्यूटिव लाउंज का लुत्फ

पटना, 20 सितंबर (एजेंसियां)। जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक, विश्वस्तरीय कार्यकारी लाउंज की शुरुआत के साथ अपने यात्री अनुभव को उन्नत कर रहा है, जिससे इसकी सुविधाएं दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे प्रमुख महानगरीय हवाई अड्डों के अनुरूप हो जाएंगी। हवाई अड्डा प्रबंधन ने नए टर्मिनल भवन में दो नए एक्ज़ीक्यूटिव लाउंज संचालित करने के लिए निविदा जारी कर दी है। इस साल दिवाली तक इन सुविधाओं के चालू होने की उम्मीद है।

नए लाउंज यात्रियों को एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करेंगे। सुविधाओं में आरामदायक बैठने की व्यवस्था, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं का संग्रह, उड़ान सूचना डिस्प्ले बोर्ड, और निःशुल्क चाय, कॉफ़ी और स्नैक्स शामिल होंगे। लाउंज में स्वच्छ और आधुनिक वातावरण में हाई-स्पीड वाई-फ़ाई, मोबाइल चार्जिंग पॉइंट और एयर कंडीशनिंग की सुविधा भी होगी।

# ट्रूडो के जाते ही बदलने लगे भारत-कनाडा संबंध

## एक्शन में एनएसए अजीत डोभाल, अब खालिस्तानियों की खैर नहीं



ओटावा, 20 सितंबर (एजेंसियां)। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद से भारत-कनाडा संबंधों में सुधार हो रहा है। कुछ दिनों पहले ही कनाडा ने खालिस्तानियों की सक्रियता और उनको मिल रही वित्तीय मदद को लेकर एक रिपोर्ट जारी कर चिंता जताई थी। अब कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नथाली ड्रोइन ने भारत का दौरा किया है। उन्होंने नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बैठक भी की है। इस बैठक में आतंकवाद विरोधी सहयोग, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान पर बातचीत हुई है। दोनों देशों के संबंधों में यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कनाडा यात्रा के बाद हो रहा है, जिस दौरान उन्होंने कनैनिस्किस में जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था।

**भारत-कनाडा संबंधों में नया अध्याय**

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि भारत और कनाडा द्विपक्षीय संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर सहमत हुए हैं, जिसमें आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए मिलकर काम करना शामिल है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और उनकी कनाडाई समकक्ष नथाली ड्रोइन ने नई दिल्ली में व्यापक मुद्दों पर वार्ता की है, जिसका मुख्य उद्देश्य 2023 में एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर हुए राजनयिक विवाद के बाद गंभीर तनाव से गुजर रहे द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना था।

विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए 'रचनात्मक' कदम उठाने पर सहमति जताई।

विदेश मंत्रालय ने डोभाल-ड्रोइन वार्ता पर कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी के बीच हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने का भी एक अवसर था। इसमें कहा गया है, दोनों पक्षों ने राजनीतिक नेतृत्व के उच्चतम स्तरों पर विश्वास के पुनर्निर्माण और सहयोग के विस्तार की स्पष्ट गति को स्वीकार किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर 'लाभकारी' चर्चा की, जिसमें आतंकवाद निरोध, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से निपटने और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान जैसे क्षेत्र शामिल थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''वे सुरक्षा सहयोग को सशक्त बनाने और जुड़ाव के मौजूदा तंत्र को और मजबूत करने पर सहमत हुए।'' दोनों एनएसए के बीच यह वार्ता भारत और कनाडा द्वारा एक-दूसरे की राजधानियों में राजनयिक नियुक्त करने के तीन सप्ताह बाद हुई है।

भारत-कनाडा के संबंध तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के उन आरोपों के बाद चरमरा गए थे जिनमें वर्ष 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े मामले से भारत का संबंध होने की संभावना जताई गई थी।

# ईरान के समर्थक देशों को ब्लैकमेल कर अमेरिका ने आईएईए में अपने खिलाफ नहीं आने दिया प्रस्ताव

तेहरान, 20 सितंबर (एजेंसियां)। ईरान ने गुरुवार देर रात संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से उस मसौदा प्रस्ताव को वापस ले लिया है, जिसमें इजरायल के साथ युद्ध के बाद परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमलों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया गया था। ईरान ने अंतिम समय में बदलाव के लिए अमेरिकी दबाव का हवाला दिया है। आपको बता दें कि जून महीने में इजरायन ने ईरान के खिलाफ भीषण हमले शुरू कर दिए थे और बाद में अमेरिका भी इजरायली हमले में शामिल हो गया था। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर अपने बी-2 बॉम्बर से जीबीयू-57 बंकर बस्टर बम गिराए थे।

ईरान ने बेलारूस, चीन, निकारागुआ, रूस और वेनेजुएला के साथ मिलकर संयुक्त राष्ट्र

## डर के मारे हाथ खींचे

परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के वार्षिक आम सम्मेलन में हमलों की निंदा करते हुए एक मसौदा प्रस्ताव पेश किया था। लेकिन ईरानी राजदूत रेजा नजफी ने आईएईए की बैठक में बताया कि मसौदा प्रस्ताव पर मतदान नहीं होगा। ईरान ने अचानक इस प्रस्ताव को वापस ले लिया, जो काफी चौंकाने वाला था। ईरानी राजदूत रेजा नजफी ने कहा कि कई देशों ने निजी तौर पर उन्हें बताया है कि उन्हें अमेरिका की तरफ से भारी दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।

ईरानी राजदूत ने दावा किया कि अमेरिका की तरफ से धमकी दी गई थी कि अगर प्रस्ताव पारित हुआ तो वह आईएईए को मिलने वाले अपने स्वैच्छिक आर्थिक योगदान को घटा देगा। कई राजनयिकों ने शुक्रवार को बताया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने संकेत दिया है कि यदि प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया तो वह आईएईए बजट में अपने स्वैच्छिक योगदान को कम कर देगा। रिपोर्ट के मुताबिक, उनमें से एक ने कहा, कई विकासशील देश, जिनकी एजेंसी के साथ तकनीकी सहयोग परियोजनाएं हैं, ऐसे खतरों को लेकर चिंतित हैं। प्रस्ताव में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर जून 2025 में किए गए जानबूझकर और गैरकानूनी हमलों की कड़ी निंदा की गई है और कहा गया है कि ये अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

मसौदा प्रस्ताव में इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया गया और कहा गया कि आईएईए की निगरानी में आने वाले परमाणु ठिकानों पर किसी भी प्रकार के हमले या धमकी की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। प्रस्ताव के मुताबिक ऐसे हमले न सिर्फ वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि परमाणु अप्रसार व्यवस्था की विश्वसनीयता और अखंडता को भी कमजोर करते हैं। दूसरी तरफ पिछले हफ्ते, इजरायल और अमेरिकी हमलों के बाद सहयोग निलंबित करने के बाद, ईरान ने आईएईए के साथ काम करने के लिए एक नए ढांचे पर सहमति दी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को तेहरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध फिर से लगाने पर मतदान करेगी।

# मुजफ्फरपुर जिले का कांग्रेस भवन होगा नीलाम

मुजफ्फरपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर नगर निगम ने शहर के तिलक मैदान रोड स्थित कांग्रेस भवन को 7.42 लाख के बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान न करने पर उसकी संपत्ति की नीलामी का नोटिस जारी किया है। निगम ने चेतावनी दी है कि यदि 30 सितंबर तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो कानूनी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस भवन की चल-अचल संपत्ति को कुर्क और नीलाम किया जा सकता है।

नगर निगम के अनुसार, वार्ड संख्या 23 में कांग्रेस की दो होल्डिंग दर्ज हैं। यह होल्डिंग जिला कांग्रेस कमेटी के नाम पर है। इस पर वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक का 1.91 लाख का बकाया है। चालू वित्तीय वर्ष की 71,911 की राशि मिलाकर कुल 4.12 लाख की डिमांड भेजी गई है।

# जापान को मिलेगी पहली महिला प्रधानमंत्री

## इतिहास रचने पर साने तकाइची की नजर, कही जाती हैं आयरन लेडी




टोक्यो, 20 सितंबर (एजेंसियां)। जापान को अगले महीने अपनी पहली महिला प्रधानमंत्री मिल सकती है। मजबूत छवि वालीं 60 साल की साने ताकाइची सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के नेतृत्व की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं। वह पार्टी की नेता चुनी जाती हैं तो जापान की नई पीएम बनेंगी। ऐसा हुआ तो वह जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री होंगी। जापान की राजनीति के लिहाज से ये एक बड़ी बात है कि क्योंकि देश में महिला नेताओं की संख्या काफी कम है।

साने ताकाइची बीते साल भी एलडीपी के नेतृत्व के लिए जोर आजमाइश कर चुकी हैं। पिछले साल ताकाइची एलडीपी नेतृत्व की दौड़ के दूसरे दौर में शिगेरु इशिबा से नजदीकी मुकाबले में हार गई थीं। शिगेरू ने इस महीने की शुरुआत में पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद नए नेता को चुनने की दौड़ शुरू हुई है। 4 अक्टूबर को एलडीपी के नेतृत्व के लिए मतदान होना है। इसमें शिंजिरो कोइजुमी और ताकाइची में मुकाबला है।

ताकाइची अगर पार्टी और संसदीय वोट जीत जाती हैं तो वह जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच देंगी। जापान में राजनीति में लैंगिक असामानता बहुत ज्यादा है। ऐसे में एक महिला का प्रधानमंत्री बनना दुनिया में जापान के प्रति दृष्टिकोण को बदलेगा। विश्व आर्थिक मंच के जेंडर गैप सूचकांक में जापान 148 देशों में 118वें स्थान पर है। वह सेनेगल और अंगोला जैसे देशों से भी पीछे है।

# बगराम पर कब्जा ही नहीं, अफगानिस्तान में सैनिकों की तैनाती के चक्कर में अमेरिका

वॉशिंगटन, 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अफगानिस्तान के बगराम हवाई अड्डे पर दोबारा कब्जे को लेकर तालिबान के साथ बातचीत कर रहे हैं। ट्रंप का यह बयान तब आया है, जब तालिबान ने उनकी योजना को पहले ही खारिज कर दिया है। तालिबान ने कहा है कि अफगान लोग अपनी जमीन पर कभी भी विदेशी सैनिकों की मौजूदगी को नहीं स्वीकारेंगे। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा, हमें इसे कभी नहीं छोड़ना चाहिए था। बगराम हवाई अड्डा अफगानिस्तान में अमेरिका का सबसे बड़ा

## क्या ट्रंप के ऑफर कबूलेगा तालिबान

मिलिट्री बेस रहा है। अमेरिकी सैनिकों ने तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन के आदेश पर 2021 में इस हवाई अड्डे को खाली कर दिया था।

इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल ने शुक्रवार को इस बातचीत की जानकारी रखने वाले सूत्रों के हवाले से बताया कि अमेरिका, अफगानिस्तान के बगराम एयरबेस पर आतंकवाद-रोधी अभियानों के लिए एक छोटी अमेरिकी सैन्य उपस्थिति को फिर से स्थापित करने के बारे में तालिबान के साथ बातचीत कर रहा है। जर्नल ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से यह भी बताया कि बंधक प्रतिक्रिया के लिए विशेष दूत एडम बोहलर की अध्यक्षता में हो रही इस बातचीत में संभावित कैदियों की अदला-बदली, एक संभावित आर्थिक समझौता और एक सुरक्षा समझौता शामिल है। ट्रंप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए तालिबान सरकार में अफगान विदेश मंत्रालय के अधिकारी जाकिर जलाल ने कहा कि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार इस विचार को पूरी तरह से खारिज करती है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अफगानिस्तान और अमेरिका को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है और वे आपसी सम्मान और साझा लाभ के आधार पर आर्थिक और राजनीतिक संबंध बना सकते हैं, वह भी अफगानिस्तान के किसी भी हिस्से में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी के बिना। जलाल ने कहा, अफगानिस्तान ने इतिहास में कभी भी सैन्य मौजूदगी को स्वीकार नहीं किया है, और दोहा वार्ता तथा समझौते के दौरान इस संभावना को पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था, लेकिन अन्य गतिविधियों के लिए दरवाजे खोल दिए गए हैं।

# इधर इजरायली हमले से गाजा में तबाही

## उधर पुर्तगाल समेत कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में

काहिरा, 20 सितंबर (एजेंसियां)। गाजा पर इजरायल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कई पश्चिमी देश अब खुले तौर पर फलस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बन सकता है।

गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में छह लोग एक ही परिवार से थे। इनमें शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सलमिया के रिश्तेदार भी शामिल हैं। एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई। राहत एजेंसियां कह रही हैं कि गाजा में हालात अकाल जैसी स्थिति तक पहुंच गए हैं। इजरायल के हमलों के बीच पुर्तगाल ने घोषणा की है कि वह रविवार को आधिकारिक तौर पर फलस्तीन राज्य को मान्यता देगा। इसके अलावा ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्ज़मबर्ग जैसे देश भी आने वाले दिनों में यह कदम उठा सकते हैं। पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है। इजरायल की सेना का कहना है कि उसका लक्ष्य हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह नष्ट करना है। हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अभियान महीनों तक चल सकता है। पिछले 23 महीनों में इस्राइली बमबारी से गाजा में 65,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है। गाजा सिटी में रहने वाले हजारों लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन कई लोग या तो कमजोर हैं, या फिर उनके पास संसाधन नहीं हैं कि वे बार-बार उजड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियां कह रही हैं कि इस तरह की जबरन निकासी से मानवीय संकट और गंभीर होगा।

यूनिसेफ ने शुक्रवार को खुलासा किया कि कुपोषित बच्चों के लिए भेजा गया जीवनरक्षक भोजन सशस्त्र लोगों ने लूट लिया।

# साइबर अपराधी गिरफ्तार, सात फरार

## 64 हजार रुपए, 4 मोबाइल और 2 वाहन बरामद

गोड्डा, 20 सितंबर (एजेंसियां)। गोड्डा जिले में पुलिस ने साइबर अपराध के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस निरीक्षक मधुसुदन मोदक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम ने शुक्रवार को सरबिंधा गांव में छापेमारी की।गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में सरबिंधा गांव निवासी अजय कुमार को पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान मौके पर मौजूद 6-7 संदिग्ध भाग निकले।

पूछताछ में अजय ने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ साइबर अपराध करता है। वह अवैध रूप से कमाए गए पैसे को एटीएम से निकालता है। इसके बाद पैसों को साथियों में बांटकर कमीशन लेता है।

पुलिस ने अजय से 25 हजार रुपए नगद और दो मोबाइल फोन बरामद किए। मौके से एक बुलेट बाइक और एक स्कूटी जब्त की गई। स्कूटी की डिक्की से दो मोबाइल फोन और 39,100 रुपए नकद मिले। पुलिस ने कुल 64,100 रुपए नगद, चार मोबाइल फोन और दो वाहन जब्त किए हैं। फरार अपराधियों की तलाश जारी है। गोड्डा हैडक्वाटर डीएसपी जेपीएन चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मामले की जानकारी दी।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें

द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in

**निविदा सूचना संख्या:2x25केवी-ओएचइ-केएमटी-केआई-17 दि.19-09-2025**

PUB/1159

कृते भारत के राष्ट्रपति भारतीय गणराज्य की ओर से व के लिए, मुख्य बिजली अभियंता (परियोजनाएं), सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदा (आनलाइन) आमंत्रित है।

निविदा संख्या:2x25केवी-ओएचइ-केएमटी-केआई-17, कार्य विवरण: दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे के तहत सिकंदराबाद डिवीजन के खम्मम (केएमटी)-कोण्डापल्ली (केआई) (आइएनसीएल) सेक्शन में फीडर एवं अर्थिंग कार्यों सहित फीडर सिस्टम पर मौजूदा 1x25केवी सिस्टम से 2x25केवी सिस्टम के ओएचइ अद्यतन या अपग्रेडेशन हेतु कमीशनींग तथा डिजाइन, आपूर्ति, इंरेक्शन, परीक्षण कार्य। कुल 85 आरकेएम /205 टीकेएम। अनुमानित मूल्य रु.123,48,60,109.52, आनलाइन में जमा की जानेवाली पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.63,24,300.00, निविदा प्रपत्र मूल्य रू. शून्य, कार्य पूरा करने की अवधि: 18 महिने (अठारह महिने), निविदा खोलने की जगह: सिकंदराबाद, ई-निविदा (आनलाइन) के माध्यम से निविदा बंद करने की तिथि व समय: 07-11-2025 के 15.00 बजे, ई-निविदा (आनलाइन) के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि व समय: 07-11-2025 के 16.00 बजे।

यदि निविदा खोलने की तिथि को तदनंतर तिथि पर अवकाश घोषित होता है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा।

निविदा नियम शर्तें/अधिक विवरण तथा निविदाओं की प्रस्तुति हेतु कृपया हमारे वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर जाएं।

टिप्पणी: यदि आवश्यक होने पर, निविदा दस्तावेजों/शुध्दिपत्रों/जोड के किसी भी परिवर्तनों या संशोधनों को उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।

**मुख्य बिजली अभियंता (परियोजनाएं), सिकंदराबाद**

PUB/1160

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुण्टकल द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा संख्या: टीजीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-44-2025-26, कार्य विवरण: एसडब्ल्यू-I -गुण्टकल डिवीजन-एचएक्स - केएनएलपी सेक्शन में मल्टिपल स्प्लाइसेंज सहित पैंटिनाएड कैटेनरी वायर का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेन्ट। एसडब्ल्यू-II-जीटीएल डिवीजन-जीटीएल डिवीजन के एसपी/एसएसपी/टीएसएस स्टेशनों पर जन सुरक्षा कार्य या पब्लिक सेफ्टी वर्क। अनुमानित मूल्य रू.1,13,89,289.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.2,07,000.00

निविदा बंद करने की तिथि व समय: 10-10-2025 के 15.00 बजे

टिप्पणी: 1. निविदाकार, निविदा दस्तावेज को वेबसाइट: www.ireps.gov.in से निःशुल्क रुप में डाउनलोड कर सकते हैं।

टेंडर बिड्डींग या निविदा बोली तथा अन्य विवरण हेतु httpt//www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुण्टकल**

**निविदा संख्या: जीटीएल-इएम-42-2025-26 दि.19-09-2025**

PUB/1161

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित है।

निविदा संख्या: जीटीएल-इएम-42-2025-26, कार्य विवरण: गुंटकल डिवीजन-I, राजमपेटा:एबीएस फेज II के तहत स्टेशन का प्रस्तावित अपग्रेडेशन या अद्यतन। 1) पीएफ सरफेसेज का सुधार कार्य, 2) सर्कूलेटिंग एरिया का सुधार कार्य आदि, 3) इलेक-एम कार्य, 4) डिजीटल डिस्प्ले बोर्डस, एसएण्डटी कार्य, 5) इलेक-टीआरडी कार्य, 6) दिव्यांग काउन्टर व शौचालय या टायलेट्स-बिजली व्यवस्थाएं, ताडीपत्री: अमृत स्टेशन्स के तहत तत्संबंधित प्रस्ताव कार्य (1) पीएफ नं.1 पर, नया अप्पर क्लास वेटिंग हाल, (2) पीएफ नं.1 के पुराने भवन को हटाकर, कम्पाउण्ड वाल की शिफ्टिंग करना। (3) पीएफ नं.1 पर, नया टायलेट ब्लाक, (4) डिजीटल डिसप्ले बोर्डस-बिजली व्यवस्थाएं। विज्ञापित मूल्य रू.4,00,93,036.08, बंद करने की तिथि व समय: 10-10-2025 के 15.00 बजे

टेंडर बिड्डींग या निविदा बोली तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदा दस्तावेज को वेबसाइट: www.ireps.gov.in से निःशुल्क रुप में डाउनलोड कर सकते हैं।

**--वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुण्टकल**

**निविदा संख्या: जीटीएल-इएम-25-2025-26 दि.19-09-2025**

PUB/1162

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुण्टकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा संख्या:** जीटीएल-इएम-25-2025-26, कार्य विवरण: गुण्टकल डिवीजन: 1. धर्मावरम स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट के प्रस्तावित निर्माण हेतु बिजली व्यवस्थाएं। 2. धर्मावरम: पुराने जर्जर हेल्थ युनिट बिल्डिंग के स्थान पर नये हेल्थ युनिट का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। विज्ञापित मूल्य रू. 37,53,669.10, बंद करने की तिथि व समय: 10-10-2025 के 15.00 बजे

टेंडर बिड्डींग या निविदा बोली तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदा दस्तावेज को वेबसाइट: www.ireps.gov.in से

टिप्पणी: इस ई-निविदा में सहभागित्ता/बोली लगाने हेतु निविदाकार के पास वैध डीएससी (डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुण्टकल**

**निविदा सूचना संख्या:06-एमइसीएच-टीओपी-आर1-टीपीटीवाय-25-26, दि.17-09-2025**

PUB/1163

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, डीवाय.सीएमइ/सीआरएस/टीपीटीवाय द्वारा तत्संबंधित निम्न विवरित निविदा संख्या, बंद करने की तिथि के 11.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदाता अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित तिथि एवं समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा किसी प्रकार के मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

निविदा संख्या:06-एमइसीएच-टीओपी-आर1-टीपीटीवाय-25-26,दि.17-09-2025, कार्य विवरण: टीपीवायएस तथा एलजीडीएस पर ईएमयु/एमइएमयु कोचेस में ट्रांसफार्मर आयल पाइप लाइन का परिवर्तन या माडिफिकेशन। अनुमानित मूल्य रू.79,48,480.00, बोली सुरक्षा रू.1,59,000.00, कार्य पूरा करने की अवधि:24 महिने, बंद करने की तिथि: 9-10-2025 के 11.00 बजे, वेबसाइट विवरण www.ireps.gov.in, निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थान: चीफ वर्कशाप मैनेजर, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति

निविदा नियम शर्तें/अधिक विवरण (निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध) तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग, शुध्दिपत्र हेतु कृपया हमारे वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर जाएं।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कैरेज रिपेयर शाप, तिरुपति**

**निविदा सूचना संख्या: 38/2025 दि.19-09-2025**

PUB/1164

भंडारण मदों की आपूर्ति ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना:

निम्न निविदाएं आनलाइन पर प्रदर्शित की गयी है। निविदाकारों से अनुरोध है कि, वे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं तथा अपने आफर्स को आनलाइन में प्रस्तुत करें। निविदा कार्य विवरण मात्रा, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा, एसडी को तत्संबंधित वेबसाइट पर देखा जा सकता है मैन्युएल रुप से प्रस्तुत आफर्स अस्वीकार्य हैं। डाक द्वारा प्रेषित आफर्स पर भी कतई विचार नही किया जायेगा। निविदा की निर्धारित तिथि की निविदा बंद करने का समय 14.30 बजे है। सभी स्वदेशी या इन्डिगेनस आफर्स व पूधरा, केवल वेबसाइट:www.ireps.gov.in पर उपलब्ध आनलाइन सिस्टम द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे।

| निविदा संख्या | संक्षिप्त कार्य विवरण |
|---|---|
| 90251041बी | माइल्डस्टील इक्वललेग एंगल 40एमएमx40एमएमx6एमएम,लम्बाई 6 मीटर्स |
| 91251125 | एल्युमिनियम चेकर्ड शीट 2.03x813x2960एमएम,डिजीगनेशन65032 टी6 |
| 79251448 | हैण्डलूम काटन बेड शीट्स |
| 30253448ए | स्टेनलेस स्टील लिट्टर बिन |
| 60256257 | स्पेशल फिश प्लेट टी-2572 |
| 45251528 | उच्च क्षमतायुक्त इन्टर व्हीकल कुपलर, जेडएस कपलिंग 500ए |
| 43251072 | 43251072 डिसकनेक्टिंग एवं एर्थिंग डिवाइस, 8 पोल, 2 वे |
| एलवाय255173ए | 25केवी एसी कन्वेन्शनल मेनू ट्रांसफार्मर 1050 केवीए |
| 56251200 | लीड एसिड स्टेशनरी सेकण्डरी सेल 300एएच |
| 66256618 | सर्कूट ब्रेकर आदि, ट्रैक मशीन का प्रोक्यूरमेंट |
| 60256234 | सिंगल स्लिप्स सहित 1 इन 8.5 डायमण्ड क्रासिंग की प्रोक्यूरमेंट |
| 56251199 | लीड एसिड स्टेशनरी सेकण्डरी सेल 200एएच |
| 29255018 | रूफ माउण्टेड एयरकंडीशनींग सिस्टम आदि की आपूर्ति स्थापना, कमीशनींग |

टिप्पणी: निविदा खोलने की निर्धारित तिथियां- क्रम सं. 01 दि.7-10-2025, क्रम सं. 02 से 04 दि.9-10-2025, क्रम सं. 05 से 06 दि.13-10-2025, क्रम सं. 07 दि.14-10-2025, क्रम सं. 08 दि.15-10-2025, क्रम सं. 09 दि.21-10-2025, क्रम सं. 10 दि.22-10-2025, क्रम सं. 11 दि.23-10-2025, क्रम सं. 12 दि.27-10-2025, क्रम सं. 13 दि.16-10-2025

शुध्दिपत्र / निविदा सूचना संख्या 34/2025 दि.21-08-2025, निविदा सं.56251190 निर्धारित तिथि 23-09-2025, संक्षिप्त कार्य विवरण: रेड, ग्रीन, यल्लो एसपेक्ट, मेन लेंड सिग्नल को, मौजूदा के स्थानपर, निर्धारित तिथि 08-10-2025 नुसार पढ़ा जाए।

उपरोक्त निविदाओं के अतिरिक्त रु.50 लाख मूल्य से अधिक, अन्य निविदाएं भी हैं, विस्तृत विवरण हेतु कृपया उपरोक्त वेबसाइट देखें।

A1464 **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सिकंदराबाद**

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी एवं निविदा दस्तावेजों की डाउनलोर्डिग हेतु कृपया हमारे वेबसाइट्स: www.ireps.gov.in अथवा http://www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# एटीएम कार्ड बदलकर 3.87 लाख की ठगी

## तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार झारखंड-बिहार में था सक्रिय



बोकारो, 20 सितंबर (एजेंसियां)। बोकारो की माराफारी थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शशि शेखर, लक्ष्मण कुमार और सूरज कुमार शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता के अनुसार यह गिरोह झारखंड और बिहार में सक्रिय था। इन्होंने बालीडीह थाना क्षेत्र की निखत प्रवीण के खाते से 3 लाख 87 हजार 999 रुपए निकाल लिए थे। घटना 22 जून की है।

कार्ड एटीएम में फंस गया

निखत प्रवीण बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से पैसे निकालने गई थीं। वहां उनका कार्ड एटीएम में फंस गया। मशीन पर दिए नंबर पर फोन करने पर उन्हें बांसगोड़ा एटीएम भेजा गया। वहां पहुंचते ही उनके मोबाइल पर खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। बैंक लौटने पर पता चला कि एटीएम में फंसा कार्ड उनका नहीं था।

पुलिस ने जिस खाते में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई थी, उसे फ्रीज कर दिया है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

# इंस्टाग्राम पर ज्योतिष ने छात्र से डेढ़ लाख ठगे

## भैरव की पूजा-भंडारा के नाम पर पैसे मांगे छात्र से कहा- इससे प्रेत बाधा दूर होगी

दुर्ग-भिलाई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। दुर्ग जिले में तंत्र विद्या और समस्या समाधान का झांसा देकर एक स्टूडेंट से करीब 1.59 लाख रुपए की ठगी हुई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखकर एस्ट्रो किन्नर गुरुमाता से जुड़ गया था। जिसके बाद पूजा कराने के नाम पर छात्र से बार-बार पैसे मांगे गए।

छात्र ने विश्वास करके अलग-अलग किश्तों में पैसे दे डाले। कभी वीडियो कॉल पर पूजा, कभी भैरव की पूजा, कभी भंडारा के नाम पर उससे पैसे मांगे गए थे और प्रेम बाधा दूर करने के लिए अतिरिक्त पैसे मांगा गया था।

10 दिन बाद जब उसे ठगी का एहसास हुआ तो थाने पहुंचा। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, छात्र घरेलू विवाद के समाधान के लिए पूजा करवाना चाहता था।

छात्र ने सुपेला थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह इंदिरा नगर सुपेला में रहता है और पढ़ाई कर रहा है।

8 सितंबर को उसने अपने मोबाइल से इंस्टाग्राम पर 'ज्योतिषी किन्नर गुरुमाता' नाम की आईडी देखी।

इसमें घर से जुड़ी समस्याओं का तंत्र विद्या से निवारण कराने का विज्ञापन दिया गया था। छात्र प्रभावित हुआ और उसने उस आईडी पर संदेश भेजा।

इसके बाद आरोपी ने छात्र को अपना मोबाइल नंबर दिया और कॉल करने के लिए कहा। फोन पर बातचीत में उसने पूजा कराने की बात कही और खर्च 2250 रुपए बताया। छात्र ने सहमति जताई और आरोपी द्वारा भेजे गए यूपआई आईडी पर 1300 और 1000 रुपए भेज दिए।

छात्र के मुताबिक, इसके बाद लगातार वीडियो कॉल पर पूजा दिखाकर उसे बार-बार पैसे डलवाए गए।

आरोपी ने कहा कि काम में बाधा आ रही है और प्रेत बाधा दूर करने के लिए अतिरिक्त पूजा करनी होगी।

इस तरह 8 से 17 सितंबर के बीच छात्र से कई बार रकम मंगाई गई। कभी उज्जैन में पूजा कराने का हवाला दिया गया, कभी भैरव पूजा व भंडारे का बहाना बनाया गया। यहां तक कि आरोपी ने सोने का चूड़ा भेजने का झांसा देकर गाड़ी का किराया भी छात्र से वसूला।

अलग-अलग बहानों के नाम पर आरोपी ने छात्र से बार-बार भुगतान लिया और कुल 1,59,900 रुपए हड़प लिए। लेकिन न तो किसी समस्या का समाधान हुआ और न ही वादे पूरे किए गए।

छात्र ने जब धोखाधड़ी का शक हुआ तो उसने पुलिस से शिकायत की।

उसने आरोप लगाया कि "किन्नर गुरूमाता" के नाम से इंस्टाग्राम और मोबाइल नंबरों के जरिए लोगों को झांसा देकर ठगी की जा रही है।

# 100 करोड़ की जीएसटी चोरी, मास्टरमाइंड फरार

## 26 फर्म से 822 करोड़ के बिल जनरेट, कारोबार 106 करोड़ दिखाया, 1.64 करोड़ कैश,गोल्ड बिस्किट जब्त



रायपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग ने 100 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़ किया है। जांच में सामने आया कि 5 राज्यों में 170 से ज्यादा बोगस फर्म बनाकर फर्जीवाड़ा किया गया। मास्टरमाइंड के घर से 1.64 करोड़ रुपए कैश और 400 ग्राम सोने के 4 बिस्किट मिले हैं।

इस मामले का मास्टरमाइंड मोहम्मद फरहान सोरठिया है। फरहान खुद को जीएसटी सलाहकार बताकर लंबे समय से कारोबार चला रहा था। फिलहाल, आरोपी फरहान फरार है। उसके नेटवर्क से जुड़े कई दस्तावेज जब्त किए गए हैं। आरोपी ने पंजाब, असम, मणिपुर और ओडिशा में भी फर्जीवाड़ा किया है। राज्य जीएसटी की बीआईयू टीम ने एक महीने से मामले की निगरानी रख रही थी। फरहान के दफ्तर पर 12 सितंबर को छापा मारा गया। यहां से 172 फर्मों का पंजीयन और बोगस बिलिंग के दस्तावेज मिले। फरहान ने अपने 5 स्टाफ को फर्जी पंजीयन, ई-वे बिल और जीएसटी रिटर्न दाखिल करने का जिम्मा दे रखा था। जांच में यह भी पाया गया कि फर्मों के नाम पर किरायानामा, सहमति पत्र और एफिडेविट जैसे कागजात फर्जी तरीके से तैयार किए गए थे।

जांच के मुताबिक सिर्फ 26 फर्मों से ही 822 करोड़ रुपए के ई-वे बिल जनरेट किए गए, जबकि रिटर्न में महज 106 करोड़ का टर्नओवर दिखाया गया। शुरुआती जांच के मुताबिक केवल इन फर्मों से ही राज्य को 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के जीएसटी का नुकसान हुआ है।

दस्तावेजों से यह भी खुलासा हुआ कि फर्जी पंजीयन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पंजाब, असम, मणिपुर और ओडिशा तक किए गए थे। इन फर्मों के माध्यम से बोगस सप्लाई बिल और ई-वे बिल जारी किए जा रहे थे।

जांच एजेंसी को सूचना मिली थी कि, फरहान ने कुछ अहम दस्तावेज अपने चाचा मोहम्मद अब्दुल लतीफ सोरठिया के घर छुपाए हैं। इस पर 17 सितंबर को वहां तलाशी ली गई।

अधिकारियों को 1.64 करोड़ रुपए कैश और 400 ग्राम सोने के 4 बिस्किट बरामद हुए, जिन्हें जब्त कर आयकर विभाग को सूचना दी गई है। राज्य जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस घोटाले में कई ब्रोकर, स्क्रैप डीलर और इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने वाली कंपनियां भी जांच के दायरे में हैं।

# बलरामपुर में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस का एक्शन

बलरामपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत जप्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया। यह कार्रवाई जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति की उपस्थिति में की गई।

पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर की अध्यक्षता में थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित ऑफिसर्स क्लब के पीछे यह कार्यवाही संपन्न हुई। पूरी प्रक्रिया का फोटो और वीडियो दस्तावेजीकरण किया गया।

**135 किलो गांजा, सिरप और टैबलेट्स किए नष्ट**

रामानुजगंज, बसंतपुर, पस्ता और रघुनाथनगर थाना क्षेत्रों के प्रकरणों का न्यायालय द्वारा निपटारा किया जा चुका था। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 135.180 किलोग्राम गांजा, 42 गांजा के पौधे शामिल थे।

साथ ही 1851 नशीली कफ सिरप की बोतलें, 1838 नशीली टेबलेट्स और 724 नशीले इंजेक्शन भी नष्ट किए गए।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी, सहायक आबकारी आयुक्त एस.एस. साहू, संबंधित थाना प्रभारी और डीसीआरबी शाखा के अधिकारी मौजूद रहे।

यह कार्रवाई मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे अभियान का हिस्सा है।

# कुड़मी समाज का प्रदर्शन-40 स्टेशनों पर ट्रेनें रोकीं

रांची, 20 सितंबर (एजेंसियां)। झारखंड में शनिवार यानी 20 सितंबर को कुड़मी समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल करने की मांग को लेकर रेल टेका आंदोलन चलाया गया। इससे रेल यात्रियों और परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्रों को काफी परेशान होना पड़ा।

राज्य के 40 रेलवे स्टेशन पर आंदोलन किया गया। प्रदर्शनकारी सुबह से ही पारंपरिक परिधान में ढोल-मांदर के साथ रेलवे ट्रैक पर उतर गए। गिरिडीह, चक्रधरपुर, जामताड़ा, बोकारो में प्रदर्शनकारी रेलवे ट्रैक पर बैठ गए और ट्रेनों को रोका। प्रदर्शन को देखते हुए रांची के 4 रेलवे स्टेशन पर धारा 144 लगाई है। झारखंड में राजधानी रांची से सटे मुरी, टाटीसिल्वे, मेसरा जैसे स्टेशन पर भी प्रदर्शनकारी ट्रैक पर उतरे। आंदोलन को देखते हुए मुरी स्टेशन पर 500 आरपीएफ जवानों की तैनाती की गई। इस आंदोलन को आजसू सहित कई पार्टियों ने समर्थन दिया है। आंदोलनकारियों का प्रदर्शन सुबह से जारी रहा।

इस आंदोलन का असर ट्रेनों के परिचालन पर पड़ा है। लगभग एक दर्जन से अधिक ट्रेनों पर इस आंदोलन का असर हुआ है। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कइयों की यात्रा समाप्त कर दी गई। वहीं कई ट्रेनों की यात्रा ही स्थगित कर दी गई है।

# नकली लॉटरी गिरोह का किया भंडाफोड़

## चिकन व्यवसायी के गोदाम से मिला प्रिंटर-कटर मशीन, लॉटरी छपाई के कई सामान जब्त

देवघर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। मधुपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुनकली लॉटरी के बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया। पथरोल और मधुपुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बहादुरपुर और फतेहपुर गांव में छापेमारी की।

इस दौरान एबी चिकन व्यवसाय के मालिक आफताब के गोदाम से भारी मात्रा में नकली लॉटरी टिकट बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से प्रिंटर, कटर मशीन और पंचिंग मशीन समेत लॉटरी छापने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण भी जब्त किए। यह कार्रवाई मधुपुर थाना प्रभारी नईम अंसारी और पथरोल थाना प्रभारी दिलीप बिलूंग के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया गिरोह लंबे समय से नकली लॉटरी का कारोबार कर रहा था। इसकी खपत बिहार, बंगाल और झारखंड के कई जिलों में होती थी। गिरोह के सदस्य यहां नकली टिकट सप्लाई कर करोड़ों रुपए का मुनाफा कमा रहे थे।

शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से अवैध कारोबार चला रहे थे। पुलिस अब मकान मालिक और गोदाम उपलब्ध कराने वालों की भूमिका की भी जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में कई और लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है।

यह कोई पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पहले 10 जुलाई को मधुपुर पुलिस ने पनाहकोला स्थित एक निजी आवास में छापेमारी कर नकली लॉटरी छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। उस समय तिलैयाताड़ निवासी मोहम्मद नसीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

लगातार हो रही इन कार्रवाईयों से यह साफ है कि मधुपुर और आसपास के क्षेत्रों में नकली लॉटरी का कारोबार गहराई तक फैला हुआ है। पुलिस मान रही है कि यह गिरोह संगठित तरीके से काम कर रहा था और अलग-अलग जगहों से नेटवर्क संचालित कर रहा था। मधुपुर में अवैध लॉटरी का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। इससे खासकर युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। आसान पैसे के लालच में कई युवा इसमें फंस जाते हैं और पारिवारिक व आर्थिक संकट झेलते हैं। वहीं नकली लॉटरी छापने वाले गिरोह करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि ऐसे गिरोहों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध लॉटरी ने सामाजिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है।

# मां को कुल्हाड़ी से काटकर थाने पहुंचा बेटा

बिलासपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में जादू-टोने के शक में बेटे ने अपनी मां को कुल्हाड़ी से काट डाला। फिर थाने पहुंचकर खुद को सरेंडर कर दिया। पुलिसकर्मियों से कहा कि, मां जादू-टोना करती है। जिससे बच्चे बार-बार बीमार पड़ रहे हैं। इसलिए हत्या कर दी।

बच्चों के बीमार पड़ने से वो झाड़-फूंक कराने बैगाओं का चक्कर काट रहा था। इसी दौरान किसी बैगा ने उससे कहा था कि, तुम्हारे बच्चों पर किसी ने जादू टोना किया है। वो तुम्हारे परिवार का ही सदस्य है। इसलिए उसका शक मां पर ही था। पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। घटना चकरभाठा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, सरवानी गांव के रहने वाले विष्णु केंवट (38) अपनी पत्नी और 4 बच्चों (दो बेटा और दो बेटी) के साथ रहता है। उसकी मां मंटोरा बाई केंवट (55) अपने छोटे बेटे महेश केंवट के साथ रहती थी। शुक्रवार की शाम विष्णु अचानक कुल्हाड़ी लेकर थाने पहुंच गया।

उसने पुलिस को बताया कि, उसने इसी कुल्हाड़ी से अपनी मां की हत्या कर दी है। यह बात सुनकर पुलिस हैरान रह गई। जिसके बाद पुलिस आरोपी को लेकर उसके गांव पहुंची। तब उसकी मां की लाश खून से लथपथ उसके घर के पास सड़क पर पड़ी मिली।

**बेटा बोला- जादू टोना करने से मना किया, नहीं मानी तो मार डाला**

आरोपी विष्णु ने पुलिस को बताया कि, कुछ सालों से उसके बच्चों की तबीयत बार-बार खराब होने से वो परेशान और मानसिक तनाव में था। बच्चों को लेकर डॉक्टर के पास इलाज कराया। साथ ही वैद्य से भी इलाज करा रहा था। इसके बाद भी राहत नहीं मिली, तब वो झाड़-फूंक कराने बैगाओं का चक्कर काटने लगा।

इसी दौरान किसी बैगा ने उससे कहा कि, तुम्हारे बच्चों पर किसी ने जादू टोना किया है। इस कारण वे बार-बार बीमार पड़ रहे हैं। उसने कहा कि जादू टोना करने वाला तुम्हारे परिवार का ही सदस्य है। विष्णु उसकी बातों में आ गया। उसने जादू टोना करने वाले का नाम पूछा।

बैगा ने पहले तो उसे नाम बताने की बजाय टाल दिया।

इसके बाद भी विष्णु बार-बार उसके पास जाकर जादू-टोना करने वाले का नाम पूछता रहा। बार-बार पूछे जाने पर बैगा ने बताया कि तुम्हारी मां ही उसके बच्चों पर जादू-टोना कर रही है। विष्णु ने अपनी मां को जादू-टोना करने से मना किया। लेकिन, उसने जानू-टोना करने से साफ मना कर दिया।

# कपड़ा कारोबारी पर कर्मचारी ने किया हमला

जमशेदपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। जमशेदपुर के साकची बाटा लाइन में कपड़ा कारोबारी चिरंजीलाल एंड संस के मालिक विशाल अग्रवाल उर्फ बाबू पर उनके ही कर्मचारी ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना रात करीब नौ बजे की है। गंभीर रूप से घायल विशाल को टीएमएच में भर्ती कराया गया है। उनके पेट में तीन जगह चाकू के वार लगे हैं। पुलिस ने हमलावर कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार आरोपी शुभोजीत रॉय को तीन दिन पहले ही दुकान पर काम पर रखा गया था। लेकिन काम में लापरवाही और अनियमितता को देखते हुए मालिक ने उसे हटा दिया था। इसी बात से नाराज होकर शुभोजीत शुक्रवार रात दुकान पहुंचा और हिसाब की मांग करने लगा।

# धनबाद एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## रिश्वत लेते मनरेगा के दो जूनियर इंजीनियर को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

धनबाद, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए धनबाद एसीबी ने कसमार ब्लॉक कार्यालय से दो जूनियर इंजीनियरों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियंताओं में जूनियर इंजीनियर आशीष कुमार और जूनियर इंजीनियर राजीव रंजन शामिल हैं। दोनों मनरेगा के तहत चलाई जा रही बागवानी योजना में मजदूरों का पेमेंट पास करने के बदले दोनों अभियंताओं ने रिश्वत की मांग की थी। शिकायत दर्ज होते ही एसीबी की टीम ने त्वरित कार्रवाई की और उन्हें पांच हजार रुपए की घूस लेते मौके पर ही रंगेहाथ दबोच लिया गया।


**NOTICE FOR REGISTRATION OF NEW POLITICAL PARTY**

(Published as per the directions of Telangana State Election Commission)

Dated : 20.09.2025

Notice is hereby given to the general public that Smt.Vattam Himabindu, President intends to register a political party without reserved symbol with the State Election Commission, Telangana, under the name and style of **GONDWANA DANDAKARANYA PARTY** with location of its head office at H.No.12-20, Sapthagiri Colony, Near Siddartha Engg College, Narapally, Ghatkesar mandal, Medchal Malkajgiri District, Telangana State-500088 and under the Registration of Political parties and Allotment of Symbols Order, 2018. The main office bearers of the Party are **(1) Smt.Vattam Himabindu;President (2) Sri.Sode Ravikumar:General Secretary (3) Sri.Settipalli Srinu: Treasurer.** Objections, if any, for such registration from the general public, shall be sent to the Secretary, State Election Commission, Telangana, 1st Floor, DTCP Building, Opp: PTI Building, A.C. Guards, Hyderabad - 500 004 within 15 days from the date of publication of this notice. If no objections are received within the time stipulated, the Commission will process to register **GONDWANA DANDAKARANYA PARTY** as a Political Party to contest elections to Local Bodies (Sthanika Samsthalu) held on party basis in Telangana State.

**Sd/-. Smt.Vattam Himabindu, President**
**GONDWANA DANDAKARANYA PARTY**



# 'कल तक अमेरिका वापस लौट आएं...'

## वीजा शुल्क बढ़ाए जाने के बाद माइक्रोसॉफ्ट की कर्मचारियों को सलाह




नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच1-बी वीजा के शुल्क में भारी बढ़ोतरी के फैसले ने उद्योग जगत में खलबली मचा दी है। ट्रंप के एलान के बाद कई अमेरिकी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को जल्द वापस लौटने के लिए कहा है। माइक्रोसॉफ्ट ने एच-1बी और एच-4 वीजा धारकों को निकट भविष्य में अमेरिका में ही रहने की सलाह दी है।

**कई कंपनियों ने कर्मचारियों को भेजे ईमेल**

माइक्रोसॉफ्ट ने अपने कर्मचारियों को एक एडवाइजरी ईमेल भेजा है। जिसमें इन वीजा धारकों को समयसीमा से पहले ही अमेरिका लौट आने के लिए कहा है। इसके अलावा कंपनी ने वर्तमान में अमेरिका से बाहर रहने वाले कर्मचारियों से भी वापस आने का आग्रह भी किया गया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा अपने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि हम एच-1बी और एच-4 वीजा धारकों को कड़े तौर पर सलाह देते हैं कि वे समय-सीमा से पहले कल ही अमेरिका लौट आएं। यह जानकारी रॉयटर्स ने एक आंतरिक ईमेल का हवाला देते हुए दी है। इसी बीच बिजनेस फर्म जेपी मॉर्गन के इमिग्रेशन काउंसल ने भी एच-1बी वीजा धारकों को अमेरिका में ही बने रहने और अगली सूचना तक अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचने की सलाह दी है।

**ट्रंप के फैसले का भारतीयों पर होगा सबसे अधिक असर**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत एच1बी वीजा शुल्क को सालाना 100,000 अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि देश इस राशि का इस्तेमाल करों में कटौती और कर्ज चुकाने में करेगा। ट्रंप ने कहा, हमें लगता है कि यह बहुत सफल होगा। ट्रंप के इस कदम से अमेरिका में काम करने वाले भारतीय पेशेवरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2023 के बीच स्वीकृत वीजा में 73.7 फीसदी वीजा भारतीयों के थे। चीन 16 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर था। कनाडा 3% के साथ तीसरे स्थान पर, उसके बाद ताइवान (1.3%), दक्षिण कोरिया (1.3%), मैक्सिको (1.2%) और नेपाल, ब्राजील, पाकिस्तान और फिलीपींस (सभी 0.8%) हैं।

**शुल्क बढ़ाने के पीछे दिया ये तर्क**

व्हाइट हाउस के स्टाफ सचिव विल शार्फ ने कहा कि एच1बी गैर-प्रवासी वीजा कार्यक्रम देश की वर्तमान आव्रजन प्रणाली में सबसे अधिक दुरुपयोग की जाने वाली वीजा प्रणालियों में से एक है। उन्होंने कहा कि इससे उच्च कुशल कामगारों को अमेरिका में आने की अनुमति दी जाती है जो उन क्षेत्रों में काम करते हैं जहां अमेरिकी काम नहीं करते। ट्रंप प्रशासन ने कहा कि 100000 डॉलर का शुल्क यह सुनिश्चित करने के लिए लगाया गया है कि देश में लाए जा रहे लोग वास्तव में अत्यधिक कुशल हों और अमेरिकी कामगारों का स्थान नहीं लें। ट्रंप ने वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक की मौजूदगी में ओवल ऑफिस में घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करते हुए कहा, हमें कामगारों की जरूरत है, हमें बेहतरीन कामगारों की जरूरत है और इससे यह सुनिश्चित होगा की ऐसा ही हो। लुटनिक ने कहा कि रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत प्रति वर्ष 281000 लोगों को प्रवेश मिलता है, वे लोग औसतन प्रति वर्ष 66000 अमेरिकी डॉलर कमाते हैं, तथा सरकारी सहायता कार्यक्रमों में शामिल होने की उनकी संभावना पांच गुना अधिक होती है।

# 'नए जीएसटी सुधारों से बढ़ेगी आमदनी-खपत'

## वित्त मंत्री बोलीं– जनता तक पहुंचेंगे दो लाख करोड़ रुपये



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। देशभर में नए जीएसटी दरों को लेकर चर्चा तेज है। 22 सितंबर से लागू होने वाले इन दरों को लेकर लोगों ने अपनी मिली जुली प्रतिक्रियाएं भी दी है। ऐसे में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक बार फिर इन नए दरों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से लागू होने वाले नए जीएसटी सुधारों के कारण देश के लोगों के हाथ में लगभग दो लाख करोड़ रुपये बचेंगे, जिससे घरेलू खर्च और खपत बढ़ेगी। तमिलनाडु फूडग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन के 80वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि जीएसटी की दरों को चार स्लैब से घटाकर अब केवल दो स्लैब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि इससे खासकर गरीब, मध्यम वर्गीय परिवार और छोटे-मध्यम उद्योग को फायदा मिले।

**सामान की कीमतें होंगी कम- सीतारमण**

सीतारमण ने कहा कि इस सुधार के बाद सामान की कीमतें कम होंगी, जिससे लोग ज्यादा खरीदारी करेंगे। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई साबुन ज्यादा मात्रा में खरीदता है, तो निर्माता उत्पादन बढ़ाएगा, जिससे रोजगार बढ़ेंगे और सरकार को अधिक टैक्स मिलेगा। यह एक सकारात्मक चक्र है जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा। इस दौरान वित्त मंत्री ने ये भी बताया कि जीएसटी लागू होने से पहले टैक्स देने वाले उद्यमियों की संख्या 65 लाख थी, जो अब बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है।

**कांग्रेस की आलोचना पर भी दिया जवाब**

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स कहकर आलोचना करने की बात पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है, बल्कि इसने टैक्स आधार बढ़ाया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले आठ वर्षों में सरकार ने किसी उत्पाद पर ज्यादा टैक्स नहीं लगाया है और अब जो कटौती हो रही है वह सही और लोगों के हित में है। निर्मला सीतारमण का कहना है कि जीएसटी सुधारों से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और गरीब, मध्यम वर्ग व एमएसएमई को राहत मिलेगी।

# दुश्मन के दोस्त से सुधरने लगे हमारे रिश्ते : अजरबैजान ने भारत को फिर शुरू किया कच्चा तेल बेचना



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दोस्त अजरबैजान से भारत के रिश्ते अब मधुर होते नजर आ रहा है। दरअसल, अजरबैजान ने भारत को कच्चे तेल का निर्यात फिर से शुरू कर दिया है। यह 10 महीने पहले बंद हो गया था। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, तेल की कीमत को लेकर कुछ समस्या थी, जिसे अब सुलझा लिया गया है। अजरबैजान के कस्टम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में अजरबैजान ने भारत को 1,747.07 टन कच्चा तेल भेजा। इसकी कीमत 7,81,520 डॉलर थी। ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग, दोनों देशों के बीच आर्थिक रिश्तों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार साल 2024 में भारत, अजरबैजान से पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा खरीदार था। भारत ने लगभग 729 मिलियन डॉलर के 1.17 मिलियन टन सामान खरीदे थे। साल 2022 और 2023 में भारत तीसरा सबसे बड़ा खरीदार था। भारत ने हर साल 2 मिलियन टन से ज्यादा सामान खरीदा था, जिसकी कीमत क्रमशः 1.6 बिलियन डॉलर और 1.2 बिलियन डॉलर थी। पेट्रोलियम उत्पादों का बड़ा खरीदार होने के साथ-साथ, भारत अजरबैजान में एक बड़ा निवेशक भी है। बाकू स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) ने अजेरी-चिराग-गुनाशली (एसीजी) तेल और गैस क्षेत्रों और बाकू-त्बिलिसी-सेहान (बीटीसी) तेल पाइपलाइन में हिस्सेदारी खरीदने के लिए 1.2 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। साल 2024 में ओवीएल ने इक्विनोर से एसीजी तेल और गैस क्षेत्र में 0.615% अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदने का काम पूरा किया। इसके लिए ओवीएल ने 60 मिलियन डॉलर का निवेश किया। इस समझौते में बीटीसी पाइपलाइन में इक्विनोर की 0.737% शेयर भी शामिल थे। इक्विनोर से खरीदने के बाद एसीजी तेल और गैस क्षेत्र में ओवीएल की हिस्सेदारी 2.925% और बीटीसी पाइपलाइन में 3.097% हो गई है। इस साल मई में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की थी। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया था। यह कार्रवाई अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के जवाब में थी।


# 50% छूट, 80% छूट... कपड़े और जूते की दुकानों पर अब नहीं दिखेंगे ऐसे ऑफर! जीएसटी कटौती से है कनेक्शन



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। कई बार हम कपड़ों और जूतों की दुकानों पर तरह-तरह की छूट के ऑफर देखते रहे हैं। दुकानदार सामानों पर 50%, 80% आदि तक की छूट ऑफर करते हैं। लेकिन 22 सितंबर से शायद ऐसे ऑफर देखने को न मिलेंगे। इसका कारण जीएसटी दर में हुआ बदलाव है। दरअसल, कपड़ा और जूते बनाने वाली कंपनियां और दुकानदार जीएसटी की दर कम होने का पूरा फायदा ग्राहकों को दे रहे हैं। यह फायदा 2,500 से कम कीमत वाले सामान पर मिल रहा है। लेकिन अब कंपनियां अपने मुनाफे से जो छूट देती हैं, वह कम हो जाएगी। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि टैक्स कम होने से सामान सस्ता होगा और बिक्री बढ़ेगी। इससे उनके पास बिना बिका सामान कम हो जाएगा। इसलिए वे अपनी तरफ से दी जाने वाली छूट को कम कर सकते हैं। पिछली दस तिमाहियों से इन कंपनियों का काम छूट और सेल के भरोसे ही चल रहा था, क्योंकि मांग बहुत कम थी। यानी अब आपको 50% छूट, 80% छूट जैसे ऑफर देखने को बहुत कम मिलेंगे।डिपार्टमेंटल रिटेल चेन लाइफस्टाइल इंटरनेशनल के चीफ एग्जीक्यूटिव देवरंजन अय्यर ने कहा कि ब्रांड जीएसटी का 7% फायदा (12% से 5%) ग्राहकों को देंगे।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे, ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

सूर्योदय 06-06, सूर्यास्त 18-10

**ग्रह स्थिति**

| ग्रह | राशि |
|---|---|
| सूर्य | कन्या |
| चन्द्र | सिंह |
| मंगल | तुला |
| बुध | कन्या |
| गुरु | मिथुन |
| शुक्र | सिंह |
| शनि | मीन |
| राहु | कुंभ |
| केतु | सिंह |

| लग्न | समय |
|---|---|
| कन्या | 05-51 बजे |
| तुला | 07-57 बजे |
| वृश्चिक | 10-07 बजे |
| धनु | 12-20 बजे |
| मकर | 14-26 बजे |
| कुंभ | 16-17 बजे |
| मीन | 17-55 बजे |
| मेष | 19-31 बजे |
| वृष | 21-16 बजे |
| मिथुन | 23-16 बजे |
| कर्क | 01-29 बजे |
| सिंह | 03-41 बजे |

दिशाशूल- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- अमावस्या 01-23 तक उपरान्त प्रतिपदा
मास- आश्विन कृष्ण ,रविवार 21 September
नक्षत्र- पूर्वाफाल्गुनी 09-32 तक उपरान्त उ.फाल्गुनी
योग - शुभ 19-52 तक शुक्ल
करण- चतुष्पाद 12-47 तक उप नाग
विशेष:- देवपितृकार्ये सर्वपितृ अमावस्या
व्रत -त्योहार तर्पणंच श्राद्ध पक्ष पूर्ण

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 16-41 से 18-12 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| उत्पात | 06-06 - 07-37 | अशुभ |
| चंचल | 07-37 - 09-07 | शुभ |
| लाभ | 09-07 - 10-38 | शुभ |
| अमृत | 10-38 - 12-09 | शुभ |
| काल | 12-09 - 13-40 | अशुभ |
| शुभ | 13-40 - 15-10 | शुभ |
| रोग | 15-10 - 16-41 | अशुभ |
| उत्पात | 16-41 - 18-20 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| शुभ | 18-20 - 19-41 | शुभ |
| अमृत | 19-41 - 21-11 | शुभ |
| चंचल | 21-11 - 22-40 | शुभ |
| रोग | 22-40 - 00-09 | अशुभ |
| काल | 00-09 - 01-38 | अशुभ |
| लाभ | 01-38 - 03-08 | शुभ |
| उत्पात | 03-08 - 04-37 | अशुभ |
| शुभ | 04-37 - 06-06 | शुभ |

# न मंदी न महामारी, फिर सेंसेक्स का रिटर्न 0% कैसे? 1 साल ठन-ठन गोपाल

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। पिछले 12 महीनों में सेंसेक्स ने 0% रिटर्न दिया है। ऐसा कई पॉजिटिव फैक्टर्स के बावजूद हुआ है। मसलन, आईटी और जीएसटी में राहत, ब्याज दरों में कटौती और घरेलू फंड का लगातार इनफ्लो। इस दौरान न तो कोरोना महामारी जैसी कोई समस्या थी। न ही भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने मंदी की चुनौती थी। विश्लेषकों के अनुसार, कमजोर बुनियादी बातें शेयर बाजार में तेजी के लिए एक बड़ी बाधा हैं। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय बाजार का प्रदर्शन कमजोर रहा है। खुदरा निवेशकों में उत्साह था। कुछ सेक्टरों और थीमों को समय-समय पर बढ़ावा मिला। सरकार ने वित्तीय और मौद्रिक मदद भी दी। रुपया भी कमजोर था, जो कमाई के लिए अच्छा है। लेकिन, कमाई और वैल्यूएशन के मुकाबले यह प्रदर्शन कम आश्चर्यजनक है। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी गिरावट आई है। विदेशी निवेशकों की निकासी और कमजोर आय के कारण बाजार में सुस्ती छाई हुई है। हालांकि, घरेलू निवेशकों ने पैसा लगाया है। लेकिन, इससे बाजार में ज्यादा तेजी नहीं आई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह लंबी अवधि के निवेशकों के लिए अच्छा समय है। वे इस दौरान म्यूचुअल फंड में निवेश कर सकते हैं। पिछले एक साल में सेंसेक्स का प्रदर्शन फीका रहा है। इसकी कई वजहें हैं। एक तो कंपनियों की कमाई उम्मीद से कम रही है। दूसरा, कच्चे माल की लागत बढ़ने से भी कंपनियों को नुकसान हुआ है। तीसरा, विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकाल लिया है।



**ऊंचा बना हुआ है वैल्यूएशन**

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की रिपोर्ट के अनुसार, कई शेयरों के दाम स्थिर रहने या गिरने के बावजूद वैल्यूएशन ऊंचे बने हुए हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि लगातार कमाई के अनुमान को कम किया जा रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्राइम रिसर्च के प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा कि कंपनियों की कमाई कमजोर रही है। निफ्टी 50 की कंपनियों ने 8% की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह बाजार की उम्मीदों से कम है। शहरी मांग में देरी और कच्चे माल की लागत बढ़ने से कंपनियों का प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। कोरोना के बाद मांग में तेजी आई थी। इससे वैल्यूएशन में बढ़ोतरी हुई। आसित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स के संस्थागत अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ भामरे ने कहा कि 2022-24 के बीच कमाई की दर बढ़ गई। इससे बाजारों को हाई वैल्यूएशन प्रीमियम मिला। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी गिरावट आई है। पिछले 12 महीनों में दोनों में 4% से ज्यादा की गिरावट आई है।

**अमेरिका के साथ टेंशन के बीच अनिश्चितता**

अमेरिका के साथ व्यापार तनाव के कारण नीतिगत अनिश्चितता पैदा हुई है। इससे विदेशी निवेशक सतर्क हो गए हैं। वे अब सस्ते उभरते बाजारों की ओर रुख कर रहे हैं।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,) आज आपकी महत्वाकांक्षाओं को एक मजबूत बढ़ावा मिलेगा, और आप अपने करियर या पढ़ाई में साहसिक कदम उठाने के लिए तैयार हैं। नए विचार आसानी से आते हैं, और सकारात्मक बातचीत से समर्थन मिलता है, खासकर महिलाओं से। बदलाव क्षितिज पर हो सकते हैं, इसलिए उनका आत्मविश्वास के साथ स्वागत करें।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो) आज आपका कार्य जीवन गंभीर लग सकता है, जिससे आपको व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास आपकी महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करता है, जबकि जिज्ञासा आपको नए अवसरों की ओर ले जाती है। फिर भी, कार्यों या लोगों से अवास्तविक अपेक्षाएँ रखने से बचें। अपने पैर ज़मीन पर रखें, और आप बिना किसी निराशा के स्थिर प्रगति पाएंगे।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,) सूर्य के कर्क राशि में होने से आपका दिन भावनात्मक रूप से सहायक हो सकता है, जबकि मेष राशि में चंद्रमा आपको साहसपूर्वक कार्य करने का साहस देता है। आपकी रचनात्मकता उभर कर सामने आती है, हालाँकि शुक्र वर्ग मंगल के कारण भावनाएँ बदल सकती हैं। पढ़ाई में, आपकी गर्मजोशी टीमवर्क को बढ़ावा देती है।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,) आज आपका आत्मविश्वास बहुत मजबूत है, खासकर जब सीखने और बौद्धिक गतिविधियों की बात आती है। आप विषयों को और अधिक गहराई से जानने के लिए प्रेरित हैं, जिससे नई अंतर्दृष्टि सामने आती है। जबकि आपका आकर्षण आपको दूसरों से जुड़ने में मदद करता है, यथार्थवादी बने रहना महत्वपूर्ण है। स्थितियों को आदर्श बनाने से बचें, और कैरियर या शैक्षणिक मामलों को स्पष्टता और स्थिर ध्यान के साथ देखें।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,) आज आपको अपने कार्यालय पर संचार और बातचीत कौशल का विशेष उपयोग करने की जरूरत है। आपको सावधान रहना होगा की जोर से शिकायत या किसी के पैरो में गिरने की जरुरत नहीं है , इसके बजाय आपको कूटनीति और कुशलता से दबाव के समय में कार्य करने की आवश्यकता होगी ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आप कुछ मिलनसार नए लोगों या विदेशी प्रतिनिधियों से आज के दिन मिल सकते हैं ! स्वतंत्र रूप से उन लोगों के साथ संवाद करे और जितनी उपयोगी जानकारी इकट्ठा कर सके करे क्योकि यह आपकी परियोजना के पूरा होने में आप के लिए बहुत मददगार साबित होगा । किसी भी विचलित करने वाले परिदृश्य से परेशान न हो जो की आपके वरिष्ठ सहकर्मी ने आपके लिए बनाया हो ।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,) कर्क राशि में सूर्य के होने से आपके कार्य जीवन को लाभ मिलता है, जो विनम्रता और भावनात्मक अंतर्दृष्टि को प्रोत्साहित करता है। मिथुन राशि में चंद्रमा अनुकूलनशीलता और जिज्ञासा लाता है। सूर्य त्रिकोण शनि आपके दृढ़ संकल्प और ध्यान को बढ़ाता है। हालाँकि आपकी संवेदनशीलता एक कमजोरी की तरह लग सकती है।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,) आपके करियर और पढ़ाई में अंतर्ज्ञान और परिश्रम का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण देखने को मिल सकता है। कर्क राशि में सूर्य और चंद्रमा पोषण ऊर्जा और भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ाते हैं, आपकी बातचीत में सहानुभूति और संवेदनशीलता को गहरा करते हैं। आप कठिनाइयों को दूर करने और अपने सामाजिक अस्तित्व को बढ़ाने के लिए तैयार रहेंगे।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) आज आपको लगेगा की कुछ चीजों पर आपका नियंत्रण नहीं हैं और उनकी वजह से आप अपना सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन नहीं कर पा रहे है । लेकिन विश्वास रखे । आप ईमानदार और मेहनती है। यहां तक की आपके मालिक आपकी बाधा और परेशानी को समझते हैं, इसलिए आप ईमानदार रहे और हमेशा की तरह काम करते रहे ।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) आत्मविश्वास आपके दृष्टिकोण को आकार देता है क्योंकि आपकी महत्वाकांक्षाएँ केंद्र में आती हैं, और आपको रचनात्मकता और दृढ़ता के साथ नेतृत्व करने का मार्गदर्शन करती हैं। अंतर्ज्ञान आपके निर्णयों का समर्थन करता है, जिससे आपको शैक्षणिक और व्यावसायिक दोनों ही परिस्थितियों में सूक्ष्म समाधान खोजने में मदद मिलती है।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) आज आपको एक सुपर हीरो की तरह शक्तिया मिल सकती है । आपके लंबित कार्य और परियोजनाओं के पूरा होने के संकेत दिखाई देंगे। आप अपने करीबी लोगों के साथ आज मिल सकते है। अपनी टीम को प्रेरित और प्रोत्साहित करे । आपका सहयोगी अपनी जिम्मेदारियों से दूर भाग सकता है इसलिए चालाकी से काम ले ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) आज आप अपने काम में भावनात्मक रूप से तीव्र और दृढ़ निश्चयी महसूस कर सकते हैं। कार्यों को करते समय ज़मीनी और व्यावहारिक बने रहें। व्यक्तिगत इच्छाओं और पेशेवर ज़िम्मेदारियों के बीच टकराव पैदा हो सकता है, इसलिए संतुलन महत्वपूर्ण है। आप जो बनाते हैं, उसमें सुंदरता पर ध्यान दें और अनुशासन को स्थिर प्रगति और मान्यता की ओर ले जाने दें।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# इकोनॉमी के मोर्चे पर आई खुशखबरी

## बढ़ गया देश का विदेशी मुद्रा भंडार



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के लिए इन दिनों इकोनॉमी के लिहाज से अच्छी खबरें आ रही हैं। चाहे वह जीडीपी का आंकड़ा हो या फिर जीएसटी में रेट कट का फैसला हो।

अब के फॉरेन एसेट के डेटा में भी उछाल देखने को मिला है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे हफ्ते बढ़ा है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 12 सितंबर को खत्म हुए हफ्ते में फॉरेक्स रिजर्व में 4.698 अरब डॉलर की शानदार बढ़ोतरी हुई। इस वृद्धि के साथ 702.966 अरब डॉलर हो गया है, जो ऑल-टाइम हाई 705 अरब डॉलर के बहुत करीब है। इस बढ़ोतरी में सभी कंपोनेंट्स का योगदान रहा। फॉरेन करेंसी असेट्स (एफसीए), जो रिजर्व का सबसे बड़ा हिस्सा है, में 2.537 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और ये 587.014 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एफसीए में यूरो, पाउंड, येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर होता है। सबसे ज्यादा कमाल गोल्ड रिजर्व ने किया, जिसमें 2.12 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अब गोल्ड रिजर्व 92.419 अरब डॉलर हो गया है। ये उछाल ग्लोबल मार्केट में सोने की कीमतें बढ़ने और आरबीआई की गोल्ड रिजर्व बढ़ाने की स्ट्रैटेजी की वजह से आया।आईएमएफ से जुड़े कंपोनेंट्स में भी सुधार हुआ था। स्पेशन ड्रॉइंग राइट्स में 32 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई और ये 18.773 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आईएमएफ में भारत की रिजर्व पोजीशन भी 9 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.76 अरब डॉलर हो गई। 5 सितंबर को समात्त हुए हफ्ते में भी रिजर्व में 4.03 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी, जिससे ये 698.26 अरब डॉलर पर पहुंचा था। अब इस हफ्ते की बढ़ोतरी के बाद रिजर्व 702.966 अरब डॉलर हो गया है, जो देश की इकोनॉमी के लिए अच्छा संकेत है।भारत से एशिया कप में मिली करारी हार के बाद पाकिस्तान के लिए आर्थिक मोर्चे पर थोड़ी खुशहाली वाली खबर आई है। पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 21 मिलियन यूएस डॉलर बढ़ गया। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान की ओर से बीते गुरुवार को फॉरेन रिजर्व का डेटा जारी किया गया, जिसके मुताबिक, देश का कुल भंडार 14.35 बिलियन यूएस डॉलर हो गया है।

# फेड रिजर्व की मीटिंग से पहले सोने-चांदी की कीमत में गिरावट



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका का सेंट्रल बैंक आज रेट कट की घोषणा कर सकता है। उससे पहले सोने और चांदी की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में 500 रुपये से ज्यादा की गिरावट आई है जबकि चांदी 1,700 रुपये से अधिक गिरी है। 3 अक्टूबर को डिलीवरी वाला सोना सुबह 11.45 बजे 536 रुपये की गिरावट के साथ 1,09,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। पिछले सत्र में यह 1,10,156 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,09,956 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,09,956 रुपये तक हाई और 1,09,956 रुपये तक लो गया। इस बीच चांदी की कीमत में भी भारी गिरावट दिख रही है। एमसीएक्स पर 5 दिसंबर की डिलीवरी वाली चांदी 1,754 रुपये यानी 1.36 फीसदी की गिरावट के साथ 1,27,066 रुपये प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 1,28,820 रुपये पर बंद हुई थी और आज 1,27,486 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 1,26,780 रुपये तक लो और 1,27,660 रुपये तक हाई गई।

**सर्राफा बाजार का हाल**

इससे पहले कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। चांदी 570 रुपये चढ़कर 1,32,870 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी 1,32,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# तेजी से दौड़ रही है भारत के ग्रोथ की रफ्तार, आगे और आएगी बहार

नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन चुका है. हर कोई जानना चाहता है कि इतनी तेजी से विकास हो रहा है तो क्या आगे भी ये रफ्तार बनी रहेगी? क्या भारत आने वाले समय में सचमुच दुनिया का आर्थिक इंजन बन जाएगा? अगर हम वर्तमान आर्थिक संकेतकों पर नजर डालें, तो एक बड़ी उम्मीद नजर आती है कि भारत की आर्थिक तरक्की न सिर्फ जारी रहेगी बल्कि और भी मजबूत होगी. आइए इन पर एक नजर डालते हैं...हाल ही में सरकार ने जीएसटी दरों में बड़ा बदलाव किया है, जो 22 सितंबर 2025 से लागू होगा. जीएसटी परिषद ने 12% और 28% की दरों को खत्म कर 5% और 18% की दो मुख्य दरें लागू करने का फैसला किया है. इसका मतलब यह हुआ कि आम आदमी की जरूरत की वस्तुओं पर टैक्स कम हो जाएगा और टैक्स चुकाने का काम भी आसान होगा. लग्जरी और हानिकारक वस्तुओं पर 40% की उच्च दर रहेगी ताकि गैरजरूरी खर्चों पर अधिक टैक्स लगे. माना जा रहा है कि यह कदम न केवल लोगों की जेब पर बोझ कम करेगा बल्कि व्यापार को भी गति देगा. अगस्त 2025 में




जीएसटी कलेक्शन का आंकड़ा 1.86 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल यानी अगस्त 2024 से लगभग 6.5% अधिक है. हालांकि, अगर हम पिछले महीने यानी जुलाई 2025 की तुलना करें तो जुलाई में जीएसटी संग्रह 1.96 लाख करोड़ था, जो अगस्त से ज्यादा है. वहीं अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन अपने पूरे इतिहास के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था, जब सरकार ने 2.37 लाख करोड़ रुपये की कमाई की थी.

**बीएसई सेंसेक्स में बढ़त**

शेयर बाजार भी भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था का आइना है, बीएसई सेंसेक्स ने पिछले 6 महीनों में लगभग 9.5% की तेजी दिखाई है. आगे भी शेयर बाजार में तेजी को लेकर कई सकारात्मक संकेत देखने को मिल सकते हैं. जैसे अक्टूबर से दिसंबर तिमाही में पॉलिसी रेट कट में कटौती देखने को मिल सकती है, जिसका फायदा शेयर बाजार को मिल सकता है. वहीं दूसरी ओर अमेरिकी फेड भी नवंबर और दिसंबर के महीने में दो रेट कट का संकेत दे चुका है.

**बेरोजगारी में गिरावट, रोजगार के नए अवसर**

भारत में बेरोजगारी की दर भी लगातार घट रही है. अगस्त 2025 में कुल बेरोजगारी दर 5.1% पर आ गई, जो पिछले पांच महीनों में सबसे कम है. खासतौर पर पुरुषों में यह दर 5% तक नीचे आई है. भारत में पिछले एक दशक में 17 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं. यह संकेत है कि लोगों को काम भी मिल रहा है. रोजगार के बढ़ते अवसरों से देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती आती है और आम आदमी की जिंदगी बेहतर होती है.

**जीडीपी ग्रोथ ने बढ़ाई उम्मीदें**

पिछली तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8% रही है, जो पिछले पांच तिमाहियों में सबसे ऊंची दर है. यह तेज वृद्धि दर्शाती है कि देश की आर्थिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं. जीडीपी ग्रोथ में तेजी से भारत न केवल लगातार आगे बढ़ रहा है, बल्कि दुनिया की अर्थव्यवस्था में उसकी हिस्सेदारी भी मजबूत हो रही है.

# नवरात्रि में हरे-भरे जौ उगाने का आसान और सही तरीका





नवरात्रि में जौ या जवारे बोने की परंपरा प्राचीन समय से ही चली आ रही है। इस दौरान जिस समय कलश स्थापना की जाती है उसी समय साथ में जौ भी बोए जाते हैं। जौ को लेकर ऐसा कहा जाता है कि नवरात्रि में जितना हरा-भरा जौ उगता है उतना ही घर में धन-धान्य आता है। इसलिए हर कोई चाहता है कि नवरात्रि में उनके द्वारा बोए गए जौ खूब अच्छे से उगें। इसलिए हम आपको बताएंगे नवरात्रि में जौ बोने का सही तरीका और नियम क्या हैं।

नवरात्रि में जौ बोने का सही तरीका

जौ बोने के लिए आपको साफ मिट्टी, जौ के बीज, चौकोर या गोल पात्र, गंगाजल और शुद्ध पानी की जरूरत होगी।

अच्छे क्वालिटी के जौ लें और इन जौ को रातभर पानी में भिगोकर रख दें। अगर किसी कारण आप रात में जौ न भिगो पाएं तो सुबह भोर में इसे बो दें।

फिर नवरात्रि के पहले दिन सबसे पहले पूजा स्थल को साफ करें।

इसके बाद विधि विधान कलश स्थापना करें।

फिर साफ मिट्टी को एक पात्र में डालें और उसे थोड़ा दबा दें।

मिट्टी में जौ के दानों को समान रूप से छिड़कें।

फिर ऊपर से हल्की-सी मिट्टी डाल दें।

साथ ही उसमें थोड़ा सा गंगाजल या शुद्ध पानी छिड़क दें।

नवरात्रि के हर दिन जौ में थोड़ा-थोड़ा जल छिड़कते रहें ताकि जौ के दाने अच्छे से अंकुरित हो जाएं।

ध्यान रखें कि जौ में ज्यादा पानी नहीं डालना है।

इस विधि से बोए हुए जौ नवमी या दशमी तक अच्छी से उग जाएंगे।

नवरात्रि समाप्त होने पर उगे हुए जौ को किसी नदी या तालाब में विसर्जित कर दें। आप चाहें तो इन्हें पीपल या बरगद के पेड़ के नीचे भी रख सकते हैं।

# नवरात्रि में क्या करें और क्या नहीं? जान लें दुर्गा पूजन के जरूरी नियम



शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 22 सितंबर 2025 से हो रही है। माता के नौ स्वरूपों की पूजा इस दौरान माता के भक्तों के द्वारा की जाती है। इस पवित्र पर्व के दौरान भक्त व्रत, भजन, कीर्तन करके माता का आशीर्वाद अर्जित करते हैं। इसके साथ ही कुछ ऐसे नियम भी हैं जिनका पालन नवरात्रि के दौरान करना बेहद आवश्यक माना जाता है। आइए ऐसे में जान लेते हैं कि नवरात्रि के दौरान क्या करना चाहिए क्या नहीं।

**नवरात्रि में क्या करें**

नवरात्रि के दौरान व्रत रखने वालों को भी और व्रत न रखने वालों को भी कुछ नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। क्या कार्य करना नवरात्रि के दौरान सही माना जाता है, आइए जानते हैं।

स्वच्छता का रखें ख्याल- नवरात्रि के नौ दिनों में घर को स्वच्छ आपको रखना चाहिए। खासकर घर की रसोई और पूजा स्थल में गंदगी करने से आपको बचना चाहिए।

**भोजन से संबंधित नियम-** नवरात्रि के दौरान आपको सात्विक भोजन करना चाहिए। व्रत रख रहे हैं तो फल, मखाने, मेवे आदि का सेवन आप कर सकते हैं। वहीं व्रत न रखने वालों को भी प्याज-लहसुन खाने से बचना चाहिए।

**घटस्थापना-** नवरात्रि का व्रत रखने वालों को घटस्थापना नवरात्रि के पहले दिन अवश्य करनी चाहिए। माना जाता है कि घट में समस्त देवी-देवता निवास करते हैं।

**अखंड ज्योति-** नवरात्रि के नौ दिनों में अखंड ज्योति जलाना भी शुभ माना जाता है। व्रत रखने वाले भी और व्रत न रखने वले भी घर में अखंड ज्योति इस दौरान जला सकते हैं।

कन्या पूजन- व्रत रखने वालों को नवरात्रि की अष्टमी या फिर नवमी तिथि के दिन कन्या पूजन अवश्य करना चाहिए।

**स्त्रियों का सम्मान-** नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति का प्रतीक भी है। इसलिए नवरात्रि के दौरान नारी पक्ष का सम्मान करना चाहिए। आप माता, बहन या अपने जीवनसाथी को उपहार आदि इस दौरान दे सकते हैं।

माता की भक्ति- नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान माता की भक्ति में आपको लीन रहना चाहिए। नवरात्रि के दौरान कवक, किलक, अर्गला स्तोत्र का पाठ और माता के मंत्रों का जप करन से आपको सभी दुख दूर होते हैं।

**नवरात्रि में क्या न करें**

नवरात्रि के दौरान आपको बाल, नाखून और दाढ़ी कटवाने से बचना चाहिए। नवरात्रि में यह कार्य वर्जित माने जाते हैं।

नवरात्रि के नौ दिनों में आपको गुस्सा, अपशब्दों का इस्तेमाल और किसी का दिल दुखाने से बचना चाहिए।

अगर आपने नवरात्रि में कलश स्थापना की है या अखंड ज्योति जलाई है तो

नवरात्रि के दौरान आपको नींबू काटने से भी बचना चाहिए क्योंकि नींबू को नवरात्रि के दौरान काटना बलि के समान माना जाता है।

नवदुर्गा पूजन के दिनों में आपको काले वस्त्र पहनने से भी बचना चाहिए। इस दौरान पीले, लाल, महरून, हरे रंग के कपड़े धारण करने चाहिए।

पारिवारिक जीवन में वाद-विवाद इस दौरान न करें और झूठ बोलने से भी बचें।

नवरात्रि के दौरान आपको बेजुबान जानवरों पर अत्याचार नहीं करना चाहिए।

# सर्व पितृ अमावस्या पर इस दिशा में करें तर्पण, पूर्वज होंगे प्रसन्न



आश्विन अमावस्या को सर्व पितृ अमावस्या, पितृ अमावस्या या महालय अमावस्या कहते हैं। सर्व पितृ अमावस्या श्राद्ध का अंतिम दिन होने के साथ-साथ महत्वपूर्ण दिन भी होता है। इसी के साथ पितृ पूजन का महापर्व यानी कि पितृपक्ष समाप्त हो जाएगा। पितृपक्ष के बीते 14 दिनों में जो लोग अपने पितरों का श्राद्ध, तर्पण नहीं कर पाए होंगे या जिन्हें पितरों के निधन की सही तिथि की जानकारी नहीं होगी, ऐसे सभी लोग अपने भूले-बिसरे पितरों का श्राद्ध तर्पण आदि करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

मान्यता है कि श्राद्ध पक्ष में हमारे दिवंगत परिजन धरती पर विचरण करने आते हैं और आश्विन माह की अमावस्या के दिन पुनः परलोक चले जाते हैं। एक प्रकार से सर्व पितृ अमावस्या का दिन पितरों की विदाई का दिन है।

**सर्व पितृ अमावस्या पर यूं करें तर्पण**

तांबे के पात्र में गंगाजल लें। अगर गंगाजल उपलब्ध न हो तो शुद्ध जल भी ले सकते हैं। उसमें गाय का कच्चा दूध और थोड़े से काले तिल डालें। अब उस पात्र में कुशा डालकर उसे मिलाएं। स्टील का एक अन्य पात्र लें और उसे अपने सामने रखें। दक्षिणाभिमुख होकर खड़े हो जाएं। कुशा के साथ तांबे के पात्र के जल को स्टील के पात्र में धीरे-धीरे गिराएं। ध्यान रहे कि कुशा न गिरे। सर्व पितृ अमावस्या के दिन तर्पण के बाद श्रद्धा से जरूरतमंदों को भोजन कराना चाहिए। शास्त्रों में इसका बहुत महत्व बताया गया है। परम्परा के अनुसार श्राद्ध के बाद गाय, कौवा, अग्नि, चींटी और कुत्ते को भी भोजन अर्पित किया जाता है।

ब्राह्मणों को खाना खिलाने के लिए उत्तर दिशा का चयन करना अच्छा रहता है। सर्व पितृ अमावस्या पर भोजन में विशेष रूप से खीर, उड़द की दाल से बने भोज्य पदार्थ, पूड़ी, कद्दू, आलू, फल और दाल-चावल का प्रयोग किया जाता है। भोजन कराने से पहले उचित विधि-विधान का पालन करें और ब्राह्मणों का सम्मान करें।

# वास्तु अनुसार पितरों की तस्वीर के पास रखें ये सामान, तृप्त होगी उनकी आत्मा

पितृपक्ष का समय पूर्वजों को स्मरण करने और उनकी आत्मा की शांति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान लोग पितरों की तस्वीर के सामने कई सारी चीजें रखते हैं। कुछ खास चीजों को अपने पितरों की तस्वीर के सामने रखने से घर का वास्तु अच्छा बना रहेगा।

पितरों की तस्वीर के पास हमेशा जल से भरा हुआ तांबे या चांदी का छोटा पात्र रखना शुभ माना जाता है। यह जल पवित्रता का प्रतीक होता है और इससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसे आपको रोजाना बदलना चाहिए।

साथ ही अपने पितरों के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना करनी चाहिए कि आपके घर में किसी तरह की नेगेटिव एनर्जी न आए। हमेशा घर में सकारात्मकता बनी रहे।

वास्तु और शास्त्रों के अनुसार पितरों की तस्वीर या स्थान पर काले तिल और कुशा रखना अनिवार्य माना गया है। यह पितरों की आत्मा को तृप्त करता है और उनके आशीर्वाद से परिवार में सुख-समृद्धि आती है। साथ ही जीवन में आने वाली अड़चने कम होती हैं। इसलिए आपको इसे जरूर करना चाहिए। आप इसे रोजाना करें।

शयनकक्ष में पूजा घर और पूर्वजों के चित्र लगाना अपशगुन होता है।

पितरों की एक से अधिक तस्वीर घर में न लगाएं।

पूर्वजों की तस्वीर मंदिर में न लगाएं।

रसोई में भी मृत पितरों की फोटो न लगाएं।

पितरों की फोटो को घर के जीवित लोगों की तस्वीरों के साथ न लगाएं।

अपने पारिवारिक चित्रों को घर के पूर्व या उत्तर कोने में न लगाएं। दक्षिण पश्चिम की दिशा में पति-पत्नी की फोटो लगानी चाहिए।

# शारदीय नवरात्रि कलश स्थापना के लिए हैं 3 मुहूर्त

**कलश स्थापना शुभ मुहूर्त**

जिन लोगों को शारदीय नवरात्रि की कलश स्थापना करनी है, उनको नवरात्रि के पहले दिन 3 शुभ मुहूर्त प्राप्त होंगे।

2. कलश स्थापना का दूसरा मुहूर्तः कलश स्थापना के लिए शुभ-उत्तम मुहूर्त दिन में 09:11 ए एम से 10:43 ए एम तक है. इस समय में भी आप घटस्थापना करके पूजा कर सकते हैं.

3. कलश स्थापना का तीसरा मुहूर्तः जो लोग सुबह में कलश स्थापना नहीं कर सकते हैं, उनके लिए दोपहर में सबसे उत्तम मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त है. कलश स्थापना का अभिजीत मुहूर्त 11:49 ए एम से 12:38 पी एम तक है।



शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 22 सितंबर सोमवार को हो रहा है. इस साल की शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से लेकर 1 अक्टूबर तक है. उस दिन महानवमी को कन्या पूजा और हवन के साथ नवरात्रि का समापन होगा और अगले दिन दुर्गा विसर्जन और दशहरा मनाया जाएगा. शारदीय नवरात्रि का प्रारंभ आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि को कलश स्थापना के साथ होता है. कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा का आह्वान करते हैं और उनके आगमन के साथ नवदुर्गा की पूजा प्रारंभ हो जाती है. इस बार कलश स्थापना के लिए 3 शुभ मुहूर्त हैं. मिट्टी के कलश को घट बोलते हैं, इसके लिए घटस्थापना शब्द है. आइए महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन के ज्योतिषाचार्य डॉ मृत्युञ्जय तिवारी जानते हैं शारदीय नवरात्रि के कलश स्थापना मुहूर्त के बारे में.

**शारदीय नवरात्रि प्रथम दिन का मुहूर्त**

दृक पंचांग के अनुसार, शारदीय नवरात्रि की आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि 22 सितंबर को 01:23 ए एम से प्रारंभ हो रही है. इस तिथि का समापन 23 सितंबर को 02:55 ए एम पर होगा. उदयातिथि के आधार पर शारदीय नवरात्रि का पहला दिन 22 सितंबर को है।

**शुक्ल योग में कलश स्थापना**

नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना के समय शुक्ल योग बन रहा है. इस दिन शुक्ल योग प्रातःकाल से लेकर शाम 07 बजकर 59 मिनट तक रहेगा. इस दिन उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर 11:24 ए एम तक है. उसके बाद से हस्त नक्षत्र है।

कलश स्थापना के दिन ब्रह्म मुहूर्त 04:35 ए एम से 05:22 ए एम है, वहीं प्रातः सन्ध्या मुहूर्त 04:58 ए एम से 06:09 ए एम तक है, विजय मुहूर्त दोपहर में 02:15 पी एम से 03:03 पी एम तक है।

**कलश स्थापना विधि**

मां दुर्गा के विग्रह के दाहिनी ओर कलश स्थापना की जाती है। कलश स्थापना के लिए मिट्टी का घड़ा, स्टील, तांबे अथवा पीतल का लोटा भी लिया जा सकता है। कलश स्थापना करने से पहले भगवान गणेश का ध्यान करें। पात्र में पानी भरने के पश्चात उसके अंदर पांच प्रकार के सिक्के जैसे कि तांबे सोने चांदी पीतल के ही डालें। इसके पश्चात उसमें नौ लॉन्ग, पुंगी फल यानी सुपारी थोड़ा सा गंगाजल, केसर के कुछ पत्ते और अक्षत डाल कर पत्र के मुख्य को अशोक के पत्तों या आम के पत्तों से ढक दें। ध्यान रहे पत्तों का लकड़ी वाला भाग पानी के अंदर नुकीला भाग बाहर की तरफ रहे इसके ऊपर श्रीफल यानी कि नारियल को लाल सूती कपड़े में लपेटकर कलश के ऊपर रख दें और उस पर कलावा बांध दें। वरुण देवता एवं सभी नदियों का ध्यान करते हुए उनका आवाहन करते हुए कलश स्थापना करें।

# घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में कभी न करें ये गलतियां

वास्तु शास्त्र में घर की हर दिशा से जुड़े नियमों के बारे में बताया गया है। दिशाओं से जुड़े नियमों का अगर आप पालन करते हैं तो कई लाभ आपको प्राप्त होते हैं। वहीं दिशाओं से जुड़ी गलतियां आपको धन हानि और मानसिक तनाव दे सकती हैं। ऐसे में आज हम आपको दक्षिण-पश्चिम दिशा जिसे नैऋत्य कोण से जुड़ी ऐसी गलतियों के बारे में बताएंगे जिनकी वजह से आपको आर्थिक हानि हो सकती है।

**आपको नैऋत्य कोण में कभी भी ये गलतियां नहीं करनी चाहिए।**

नैऋत्य कोण से जुड़ी सावधानियां




वास्तु में दक्षिण-पश्चिम दिशा को नैऋत्य कोण कहा जाता है। इस दिशा का संबंध क्रूर ग्रह राहु और केतु से माना जाता है। ये दोनों इस नैऋत्य कोण के स्वामी माने गए हैं। ऐसे में इस दिशा में की गई छोटी सी गलती भी आपको भारी नुकसान करवा सकती है। नीचे इसे बारे में विस्तार से जानें।

**इस दिशा में न बनाएं मंदिर-** नैऋत्य कोण में आपको गलती से भी कभी घर का मंदिर नहीं बनाना चाहिए। इस दिशा में बनाया गया मंदिर आपको मानसिक तनाव दे सकता है। इस दिशा में देवी-देवताओं को स्थापित करने से आप भ्रम की स्थिति में रहते हैं और साथ ही आपको आर्थिक नुकसान भी होता है। यहां मंदिर का जीवन के हर क्षेत्र में परेशानियों का कारण बन सकता है।

**यहां न बनाएं जल का स्थान-** नैऋत्य कोण में आपको कभी भी जल का स्थान जैसे कुआं, पानी की टंकी आदि नहीं बनवानी चाहिए। इस दिशा में पानी का स्थान होना वास्तु दोष का कारण बनता है। यहां पानी का स्थान होने से बार-बार आपके जीवन में परेशानियां आती हैं और न चाहते हुए भी आर्थिक नुकसान होता रहता है।

न बनाएं रसोई- इस दिशा में रसोई घर का होना भी अच्छा नहीं माना जाता है। नैऋत्य कोण में बनी रसोई घर के लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालती है। ऐसे लोगों के जीवन में खुशियों की हमेशा कमी रहती है जिनके घर की रसोई नैऋत्य कोण में होती है।

**इस दिशा में न हो अंधकार-** नैऋत्य कोण को आपको हमेशा रोशन रखना चाहिए। इस दिशा में अगर अंधकार अधिक रहता है तो ये भी आपके जीवन की परेशानियों का कारण बन सकता है।

नैऋत्य कोण में आप आलमारी, फर्नीचर या भारी सामान रख सकते हैं। भारी सामान को इस दिशा में रखना वास्तु में सही माना गया है।

# कुछ कहानियां कभी नहीं बदलतीं : शहनाज गिल



**फिल्म 'किसी** का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद से अब तक शहनाज ने 'थैंक यू फॉर कमिंग', 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में काम किया है। यलिटी शो 'बिग बॉस 13' से घर-घर में पहचान बनाने वाली शहनाज गिल अब किसी परिचय की मोहताज नहीं है । अपनी मासूमियत और बिंदास अंदाज से लोगों का दिल जीतने वाली शहनाज न केवल पंजाबी सिनेमा में बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी खास जगह बना चुकी है। सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के बाद से अब तक शहनाज 'थैंक यू फॉर कमिंग' के साथ ही 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में काम किया है।

उसकी अगली बॉलीवुड फिल्म 'सब फर्स्ट क्लास' है जिसमें वह वरुण शर्मा के साथ नजर आएगी। वैसे शहनाज इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'इक्क कुड़ी' को लेकर सुर्खियों में है ।

शहनाज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए 'शहनाज फिल्म का टीजर जारी कर गिल' कैप्शन में लिखा था, यह जानकारी देते हुए बहुत उत्सुकता हो रही है कि फिल्म 'इक्क कुड़ी' का टीजर जारी हो गया है। उम्मीद है कि आपको पसंद आएगा। दुनिया चाहे जितनी भी बदल जाए, कुछ कहानियां कभी नहीं बदलतीं । खास बात है कि शहनाज इस फिल्म से बतौर निर्माता डेब्यू भी कर रही है। यह एक पंजाब

### फिटनेस का राज

शहनाज एक समय काफी मोटी होती थी लेकिन उसने अब खुद को काफी फिट कर लिया है। उसने बताया कि वह अपने वजन को कंट्रोल में रखने के लिए दिनभर क्या खाती है। वह सुबह सबसे पहले उठकर पानी पीती है और फिर भीगे हुए मेवे खाती है। इसके बाद खुद को एक्टिव, फिट और हैल्दी रखने के लिए एक घंटा योग करती है जिससे उसकी बॉडी फ्लैक्सिबल बनी रहे और शरीर में एनर्जी बनी रहे ।

सुबह शहनाज हैल्दी ब्रेकफास्ट लेती है। वह नाश्ते में दही का भी सेवन करती है। शहनाज ने बताया कि वह रोजाना होममेड लंच करती है जिसमें वह प्रोटीन, हैल्दी कार्ब्स और फाइबर का खास ध्यान रखती है ताकि उसकी बॉडी को संतुलित डाइट मिल सके । शाम होते ही वह हैल्दी स्नैक्स जैसे कि घी में रोस्ट किए हुए मखानों का सेवन करती है। वह रात के खाने में हल्का भोजन करती है, जैसे खिचड़ी ।

### हाथ लगी एक और फिल्म

शहनाज ने बताया कि उसे एक और फिल्म मिली है । अब वह गिप्पी ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म 'सिंह वर्सेज कौर 2' में नजर आने वाली है।यह साल 2013 में रिलीज हुई सुपरहिट पंजाबी फिल्म 'सिंह वर्सेज कौर' का सीक्वेल होगी । शहनाज ने क्लैपबोर्ड के साथ एक तस्वीर शेयर की जिसमें उसके साथ पंजाबी सुपरस्टार गिप्पी ग्रेवाल भी नजर आ रहा था । शहनाज ने पोस्ट के साथ लिखा, "नया सफर, नई शुरुआत।

### पंजाब में बाढ़ की वजह से टाली फिल्म की रिलीज

शहनाज सोशल मीडिया पर पंजाब में आई बाढ़ को लेकर लगातार पोस्ट कर रही है और अपनी मदद पहुंचा रही है। अब उसने अपनी फिल्म 'इक्क कुड़ी' की रिलीज टाल दी है। 19 सितम्बर को आने वाली यह फिल्म अब अगले महीने रिलीज हो सकती है।

यह जानकारी देते हुए उसने सोशल मीडिया पर लिखा, फिल्म 'इक्क कुड़ी' की पूरी टीम ने इसकी रिलीज को 31 अक्तूबर तक पोस्टपोन करने का फैसला किया है। पंजाब के कई क्षेत्रों में गंभीर बाढ़ को देखते हुए हमें लगता है कि इस मुश्किल समय में हमें अपने लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए और वही हमारी जिम्मेदारी है। फिल्म की टीम ईश्वर की कृपा से पंजाब को सहयोग देने की पूरी कोशिश करेगी।''

# अक्षय-अरशद ने दिया कॉमेडी का डबल डोज इस बार कोर्टरूम में मुद्दे की भी बात



मूवी रिव्यूः जॉली एलएलबी 3

ऐक्टरःअक्षय कुमार,अरशद वारसी,हुआं कुरैशी,अमृता राव,सौरव शुक्ला,सीमा बिस्वास,गजराज राव, श्रेणीःहिन्दी, कॉमेडी, डायरेक्टर :सुभाष कपूर, अवधिः2 घंटे 37 मिनट

तमाम विवादों और कोर्ट से मिली राहत के बाद 'जॉली एलएलबी 3' आखिरकार सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। पहले और दूसरे पार्ट ने दर्शकों के बीच जिस कमाल का फैन बेस तैयार किया था, उसी की वजह से इस बार भी ऑडियंस थिएटर में उसी हास्य, व्यंग्य और मनोरंजन की धमाकेदार खुराक की उम्मीद लेकर पहुंचने वाली है। और कहना पड़ेगा कि कुछ एक खामियों के बावजूद यह फिल्म उन्हें हंसाती-गुदगुदाती ऐसी कॉमेडी राइड देती है, जो सिनेमा हॉल से बाहर निकलने के बाद भी चेहरे पर मुस्कान बनाए रखती है। हां, फर्क बस इतना है कि इस बार कोर्टरूम ड्रामा का मुद्दा न्याय व्यवस्था की खामियों से हटकर देश के उस वर्ग पर केंद्रित है, जिसे हम गर्व से अन्नदाता यानी किसान के रूप में जानते हैं।

### 'जॉली एलएलबी 3' की कहानी

इस तीसरे पार्ट में कहानी पिछली दो किस्तों की परंपरा को आगे बढ़ाती है। अब जगदीश्वर मिश्रा उर्फ जॉली (अक्षय कुमार) कानपुर से निकलकर दिल्ली की अदालत में अपनी प्रैक्टिस कर रहे हैं, वहीं जगदीश त्यागी उर्फ जॉली (अरशद वारसी) भी मेरठ की गलियों से आगे बढ़कर राजधानी की कोर्ट में हाथ-पैर मार रहे हैं। दोनों के बीच केस हथियाने की होड़ इस कदर बढ़ती है कि टकराव और मारपीट की नौबत तक आ जाती है।

इसी बीच, राजस्थान के परसौल गांव का एक किसान और कवि अपनी पुश्तैनी जमीन जाने-माने उद्योगपति हरीभाई खेतान (गजराज राव) की महत्वाकांक्षी परियोजना में खोकर मजबूरी में आत्महत्या कर लेता है। उसकी विधवा, जानकी राजाराम सोलंकी (सीमा बिस्वास), दिल्ली की अदालत का दरवाजा खटखटाती है। यही केस दोनों जॉली के बीच आमने-सामने की कानूनी लड़ाई का मैदान बन जाता है। यह मामला पहुंचता है जस्टिस सुंदरलाल त्रिपाठी (सौरभ शुक्ला) की अदालत में, जहां से शुरू होती है किसानों और इंडस्ट्रियलिस्ट की ऐसी टक्कर, जो सिर्फ कोर्टरूम तक सीमित नहीं रहती, बल्कि किसानों की जिंदगियों पर सीधा असर डालती है।

निर्देशक सुभाष कपूर 'जॉली एलएलबी' सीरीज के मूल स्वर को बरकरार रखते हैं। हां, फिल्म का पहला हिस्सा थोड़ा धीमा है - खासकर शुरुआती 15–20 मिनट, जिनमें प्रिमाइज को स्थापित करने में समय लगता है। लेकिन जैसे ही दूसरा भाग शुरू होता है, फिल्म रफ्तार पकड़ लेती है। इस बार चूंकि किसानों की जमीन हड़पने और उनकी आत्महत्या जैसे गंभीर मुद्दे को केंद्र में रखा गया है, इसलिए कई दृश्य गम्भीर हो जाते हैं। मगर निर्देशक हर बार उस गंभीरता को कॉमेडी के तड़के से हल्का कर देते हैं।

बेशक, कोर्टरूम ड्रामा में कुछ दृश्य ओवर-द-टॉप लगते हैं — जैसे जिला मजिस्ट्रेट का अस्पताल के बिस्तर पर गवाही देने आना या रेसिंग कारों के बीच ऊंटों का दौड़ना। लेकिन इन सबके लिए फिल्म की शुरुआत में डिस्क्लेमर दिया गया है कि मनोरंजन को सशक्त बनाने के लिए सिनेमैटिक लिबर्टी ली गई है। सुभाष कपूर इस बार न्याय व्यवस्था पर कटाक्ष करने की बजाय किसानों के हक की कहानी कहने पर जोर देते हैं और एक ठोस संदेश सामने रखते हैः 'मेरी जमीन, मेरी मर्जी।' यह संदेश साफ तौर पर इंगित करता है कि विकास के नाम पर किसानों से उनकी जमीन छीनना उचित नहीं है।

फिल्म का क्लाइमैक्स नाटकीय जरूर है, लेकिन दर्शकों को पूरी तरह बांधकर रखता है। गीत-संगीत कुछ जगहों पर कहानी की गति से ध्यान भटकाते हैं, लेकिन कुल मिलाकर फिल्म मनोरंजन का भरपूर पैकेज देती है।

परफॉर्मेंस की बात करें तो अक्षय कुमार अपनी कॉमिक टाइमिंग और नटखट अंदाज से बाजी मार ले जाते हैं। उनके साथी कलाकारों से उनकी चुहलबाजी और ठिठोली दर्शकों को खूब गुदगुदाती है। वहीं, अरशद वारसी 'जॉली नंबर वन' के रूप में जंचते हैं और दोनों जॉली की टक्कर पूरी फिल्म का मजा दोगुना कर देती है।

जज सुंदर लाल त्रिपाठी बने सौरभ शुक्ला फिल्म की रीढ़ की हड्डी साबित होते हैं। उनका चंचल चौटाला (शिल्पा शुक्ला) के साथ रोमांटिक ट्रैक उनके किरदार को मजेदार आयाम देता है। गजराज राव खलनायक की भूमिका में असरदार हैं, जबकि राम कपूर अपने अलग स्वैग के साथ स्क्रीन पर आते ही छा जाते हैं।

सीमा बिस्वास कम डायलॉग्स के बावजूद अपनी आंखों और सशक्त अभिनय से गहरी छाप छोड़ती हैं। कोर्टरूम में उनका रुदन दिल को छू जाता है। हुमा कुरैशी और अमृता राव भले ही छोटे किरदारों में हैं, लेकिन प्रभावशाली हैं। सहयोगी कास्ट अपना काम ईमानदारी से निभाती है। क्यों देखें- आप अगर 'जॉली एलएलबी सीरीज' के फैन नहीं हैं, तब भी इस फिल्म को देख सकते हैं।

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह के शो छोड़ते ही टूटा फैंस का दिल, इस वजह से 'राइज एंड फॉल' से ली विदा

भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार और सिंगर पवन सिंह हाल ही में जिस अंदाज में रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' में नजर आए थे, उसने दर्शकों का दिल जीत लिया था। लेकिन अब अचानक उन्होंने शो को अलविदा कहकर अपने चाहने वालों को बड़ा झटका दे दिया है। यह खबर आने के बाद से सोशल मीडिया पर फैंस लगातार सवाल कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि पवन सिंह ने शो बीच में ही छोड़ने का फैसला कर लिया।

### परिवार आया सेट पर, छुपा रखा था राज

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पवन सिंह को लेने खुद उनका परिवार सेट पर पहुंचा। उस दौरान उन्होंने बाकी प्रतियोगियों को यह कहकर चौंका दिया कि वो कभी शो में स्थायी कंटेस्टेंट नहीं थे, बल्कि केवल सीमित समय के लिए जुड़े थे। यानी वो हमेशा से ही शो में एक गेस्ट के तौर पर मौजूद थे। इसके बाद ना सिर्फ दूसरे कंटेस्टेंट्स को हैरानी हुई बल्कि पवन सिंह के फैंस को भी झटका लगा।

### पवन सिंह के शो छोड़ने पर फैंस की प्रतिक्रियाएं

सोशल मीडिया पर फैंस लगातार अपनी नाराजगी और दुख जाहिर कर रहे हैं। किसी ने लिखा – 'मेरा दिल टूट गया है' तो किसी ने कहा- 'उनकी एनर्जी ही अलग थी, अब शो में मजा कम आएगा।'

### शो में पवन सिंह की मौजूदगी बनी थी आकर्षण

जब 'राइज एंड फॉल' का नया सीजन शुरू हुआ था तो दर्शकों की नजरें खासकर पवन सिंह पर टिकी थीं। उनका देसी अंदाज,



बेबाक बयान और को-कंटेस्टेंट नयनदीप रक्षित के साथ की मजेदार नोकझोंक ने काफी सुर्खियां बटोरीं। पवन की एंट्री से शो की टीआरपी में जबरदस्त इजाफा हुआ। लेकिन जिस तरह से उनकी विदाई हुई, उसने सभी को अचंभित कर दिया।

### संगीता फोगाट पहले ही छोड़ चुकीं शो

पवन सिंह से पहले मशहूर कोच महावीर सिंह फोगाट की बेटी संगीता फोगाट भी शो से विदा ले चुकी हैं। संगीता के ससुर के निधन के बाद पारिवारिक इमरजेंसी के चलते उन्होंने शो छोड़ दिया था। संगीता का शो से अचानक निकलना भी दूसरे कंटेस्टेंट्स के लिए बड़ा झटका था।

### धनश्री ने भी बटोरीं खूब सुर्खियां

शो में यूट्यूबर और डांसर धनश्री वर्मा ने भी अपनी निजी जिंदगी से जुड़े कई राज साझा करते हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से तलाक की अफवाहों पर खुलकर बात की और साफ कहा कि अब वे जीवन में आगे बढ़ चुकी हैं।

# बेटे आर्यन के लिए वकील की पत्नी से मिले थे शाहरुख ऑफर किया था प्राइवेट जेट, खुद तैयार किए थे नोट्स



शाहरुख खान के लिए साल 2021 बहुत ही मुश्किल भरा रहा था। उस साल अक्टूबर में बेटे आर्यन खान को क्रूज ड्रग्स केस में गिरफ्तार कर लिया गया था। आर्यन को तब 28 दिनों की जद्दोजहद के बाद जेल से रिहाई और क्लीन चिट मिली थी। बेटे को बाहर लाने के लिए शाहरुख ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। अब चार साल बाद इस मामले में एक खुलासा हुआ है। पता चला है कि शाहरुख ने पूर्व अटॉर्नी जनरल और सीनियर वकील मुकुल रोहतगी की पत्नी से गुहार लगाई कि वह उन्हें केस लड़ने के लिए मना लें। उन्होंने उन्हें एक प्राइवेट जेट भी ऑफर किया था। यही नहीं, शाहरुख उसी होटल में भी ठहरे थे, जिसमें मुकुल रोहतगी थे।

आर्यन खान के वकील मुकुल रोहतगी ने हाल ही खुद एक इंटरव्यू में यह खुलासा किया। मुकुल ने बताया कि उन्होंने शुरुआत में केस लेने से इनकार कर दिया था क्योंकि वह लंदन में छुट्टियां मना रहे थे, पर शाहरुख उनकी पत्नी को मनाने में कामयाब रहे। इसके बाद मुकुल को उनकी पत्नी ने मुंबई आने और आर्यन के केस को लेने के लिए राजी कर लिया था।

### रेगुलर जमानत का मामला पर शाहरुख के कारण बड़ा बन गया

'रिपब्लिक टीवी' से बातचीत में मुकुल रोहतगी ने कहा, 'मेरे लिए यह एक रेगुलर जमानत का मामला था और मैंने हजारों ऐसे मामले डील किए हैं। लेकिन यह शाहरुख खान की वजह से बड़ा बन गया था। पर्सनैलिटी बहुत अहम होती है। और फिर आप जानते हैं कि सबकी नजरें इस पर होती हैं। और मैं तब छुट्टियों पर यूके में था और वो कोविड का समय था।'

### शाहरुख किया फोन तो केस लेने से किया इनकार, पत्नी से की थी बात

मुकुल रोहतगी ने बताया कि उन्हें शाहरुख के एक करीबी सहयोगी ने उन्हें फोन किया पर उन्होंने तुरंत केस लेने से इनकार कर दिया क्योंकि वह छुट्टी में खलल नहीं डालना चाहते थे। फिर उन्हें खुद शाहरुख ने फोन किया, लेकिन मुकुल ने तब भी मना कर दिया। मुकुल बोले, 'मिस्टर खान को मेरा नंबर मिला और उन्होंने मुझे फोन किया। तो मैंने उनसे भी यही कहा कि मैं ये नहीं करना चाहता। वो एक बेहतरीन एक्टर हैं। तो उन्होंने मुझसे कहा कि क्या मैं आपकी पत्नी से बात कर सकता हूं? तो मैंने कहा कि हां, जरूर।'

### मुकुल रोहतगी पत्नी को सुनाई थी दुखभरी कहानी

मुकुल रोहतगी ने आगे बताया, 'फिर शाहरुख ने उन्हें दुखभरी कहानी सुनाई और कहा कि इसे एक मुवक्किल की तरह मत लो, मैं एक पिता हूं।... आप जानते हैं, ऐसी ही बातें। और जाहिर है, वो इसे महसूस कर रहे थे। तो मेरी पत्नी ने भी कहा कि अरे चले जाओ। तो मैंने उनसे कहा कि वैसे तो मुझे कोविड के दौरान ध्यान रखने को कहती हो और अब खुद मुझसे कह रही हो कि पूरी कोशिश करो और इस केस को खत्म करो।'

### मुकुल रोहतगी को पत्नी ने आर्यन का केस लेने के लिए मनाया

मुकुल रोहतगी के मुताबिक, शाहरुख ने उन्हें प्राइवेट जेट भी ऑफर किया था, पर उन्होंने इनकार कर दिया। मुकुल बोले, 'मिस्टर खान काफी उदार थे। उन्होंने मुझे प्राइवेट जेट ऑफर किया, जो मैंने नहीं लिया। मुझे छोटे जेट विमानों का ज्यादा शौक नहीं है। इसलिए मैं मुंबई आ गया और शाहरुख ने खुद उसी होटल में चेक-इन किया, जहां मैं आमतौर पर रुकता हूं, ट्राइडेंट, नरीमन पॉइंट।'

### 'शाहरुख ने केस पर पॉइंट्स और नोट्स बना रखे थे'

'मैंने देखा कि वह उत्सुक और बुद्धिमान हैं। उन्होंने वकीलों के अलावा बहुत सारे नोट्स और पॉइंट्स वगैरह बनाए थे। उन्होंने मेरे साथ इस पर चर्चा की और फिर हमने इस पर बहस की। इस पर ढाई दिन या तीन आधे दिन या ऐसा ही कुछ समय तक बहस हुई और आखिरकार जमानत मिल गई। और मैं तुरंत अपनी बाकी छुट्टियां बिताने के लिए इंग्लैंड वापस चला गया।'

### आर्यन खान ने 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में' ड्रग्स केस पर कसा तंज

आर्यन खान इस वक्त अपनी डेब्यू सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' को लेकर चर्चा में हैं, जिसकी तारीफ हो रही है। इसमें आर्यन ने अपनी गिरफ्तारी से लेकर ड्रग्स केस और समीर वानखेड़े पर तंज कसा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई इस सीरीज में दर्जनों फिल्म स्टार्स हैं।

# जब करिश्मा ने संजय कपूर को बताया 'परफेक्ट पार्टनर' थे बचपन के साथी, होने वाली सास संग था 35 साल पुराना कनेक्शन

करिश्मा कपूर ने एक बार संजय कपूर को अपने लिए परफेक्ट पार्टनर बताया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि करिश्मा और संजय बचपन के दोस्त थे और उनके परिवारों के बीच भी 35 साल पुराना कनेक्शन था। इस कनेक्शन में कपल के तलाक के बाद दरार आ गई, पर कहीं न कहीं जुड़ा रहा

करिश्मा कपूर इस समय पूर्व पति संजय कपूर की 30 हजार करोड़ की संपत्ति को लेकर सुर्खियों में हैं। फिलहाल, मामला कोर्ट में है। संजय की 12 जून 2025 को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी, और उसके बाद से उनकी संपत्ति पर विवाद शुरू हो गया। कुछ समय बाद ही संजय की वसीयत सामने आई, जिसे करिश्मा के बच्चों ने नकली बताया और दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की। करिश्मा ने साल 2003 में संजय कपूर से शादी की थी। शादी के बाद वह एक बेटे और एक बेटी की मां बनीं। पर शादी चल नहीं पाई और 2016 में उनका तलाक हो गया था। करिश्मा और संजय ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि, करिश्मा ने कभी संजय को अपने लिए एक परफेक्ट पार्टनर और सही इंसान बताया था।

### तलाक, एलिमनी और एक-दूसरे की छीछालेदर, फिर सुधरे रिश्ते

करिश्मा का तलाक हुआ तो पति संजय ने उन्हें एलिमनी के तौर पर 70 करोड़ रुपये और पिता का पुश्तैनी घर दिया था। इसके अलावा उन्होंने दोनों बच्चों के नाम पर 14 करोड़ के बॉन्ड लिए थे। तलाक के बाद करिश्मा और संजय ने एक-दूसरे पर कई आरोप लगाए और खूब छीछालेदर भी



हुई, पर वक्त के साथ सब ठीक हो गया। करिश्मा और संजय के बीच रिश्ते सौहार्दपूर्ण हो गए थे। तलाक के बाद भी संजय और करिश्मा मिलकर बच्चों का ख्याल रखने लगे।

### करिश्मा बोली थीं- संजय संग लव कम अरेंज मैरिज

करिश्मा की जब 2003 में संजय कपूर से शादी होने वाली थी, तो उससे कुछ समय पहले उन्होंने एक इंटरव्यू में होने वाली पति को परफेक्ट पार्टनर बताया था। साथ ही कहा था कि यह उनकी लव कम अरेंज मैरिज है।

### करिश्मा की मॉम थीं होने वाली सास की दोस्त, उनके घर 57 साल पहले की थी शूटिंग

करिश्मा बोली थीं, 'दिलचस्प बात यह है कि मेरी मॉम की दोस्ती उनकी मॉम से हुई, जो रौनक सिंह की बेटी हैं। दरअसल, मेरी मॉम ने अपनी एक फिल्म 'हसीना मान जाएगी' की शूटिंग मेरी होने वाली सास के घर में की थी।' करिश्मा की मॉम की यह फिल्म साल 1968 में आई थी। वहीं, करिश्मा साल 1974 में पैदा हुई थीं।

### साथ पले-बढ़े थे करिश्मा और संजय कपूर, फिर हो गई शादी

करिश्मा ने आगे कहा था, 'तब से वो दोस्त हैं। हम दोनों घरों के बच्चे साथ-साथ पले-बढ़े हैं। उनकी बहनें मेरे बहुत करीब हैं। हम एक साथ स्कूल में थे। तो यह कुछ ऐसा था कि लव को अरेंज (लव कम अरेंज मैरिज) किया गया हो।'

### तलाक के बाद उछाला आरोपों का कीचड़

करिश्मा और संजय की शादी हो गई, पर कुछ ही वक्त बाद उनके बीच मतभेद शुरू हो गए। तलाक के बाद दोनों ने कई आरोप लगाए थे। करिश्मा ने जहां संजय पर घरेलू हिंसा और मारपीट के आरोप लगाए थे, वहीं संजय का कहना था कि करिश्मा ने उनसे सिर्फ पैसों के लिए शादी की थी।

### संजय कपूर ने कर ली थी दूसरी शादी

करिश्मा से तलाक के एक साल बाद संजय कपूर ने प्रिया सचदेव से शादी कर ली थी और 2018 में वो एक बेटे के पैरेंट्स बने। प्रिया की पहली शादी से भी एक बेटी है। अब संजय की मौत के बाद करिश्मा, उनके बच्चे, प्रिया सचदेव और संजय की मां प्रॉपर्टी विवाद को लेकर आमने-सामने हैं।



# 'पानी मांगने पर तोड़े पैर, 25 से अधिक फ्रैक्चर'

## गहलोत ने बीजेपी विधायक पर लगाए आरोप; कपासन जाने का किया ऐलान

जयपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन में पानी की मांग उठाने वाले युवक सूरज माली पर हुए जानलेवा हमले ने प्रदेश में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस घटना के लिए बीजेपी विधायक अर्जुनलाल जीनगर पर सीधा हमला बोला है। गहलोत ने इसे 'लोकतंत्र की हत्या' करार दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि वह 21 सितंबर को कपासन जाकर पीड़ित सूरज माली और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे।





**गहलोत का बीजेपी पर निशाना**

अशोक गहलोत ने एक्स पर लिखा कि राजस्थान में चारों ओर अराजकता का माहौल बन चुका है। बलात्कार, हत्या, चोरी, डकैती जैसे क्राइम आम हो गए हैं। चिंताजनक ये है कि अब भाजपा विधायक ही गुंडागर्दी में शामिल हो रहे हैं। चित्तौड़गढ़ के कपासन में भाजपा विधायक अर्जुनलाल जीनगर को पानी के लिए किया गया चुनावी वादा याद दिलाने पर युवक सूरज माली पर जानलेवा हमला भाजपा राज में लोकतंत्र की हत्या की नई तस्वीर है।

पूर्व सीएम ने कहा कि पीड़ित युवक के 25 से अधिक फ्रैक्चर आए हैं। युवक की स्थिति ऐसी है कि अभी तक डॉक्टर ऑपरेशन नहीं कर पा रहे हैं। क्या भाजपा विधायकों से सवाल पूछने पर आमजन की जान लेने का प्रयास किया जाएगा? क्या पुलिस ऐसे विधायक पर कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा पाएगी? पुलिस ने अभी तक इस घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। गहलोत ने कहा कि कल मैं कपासन पहुंचकर पीड़ित के परिजनों से मुलाकात करूंगा।

दरअसल, चित्तौड़गढ़ के धोबी खेड़ा गांव का 20 वर्षीय सूरज माली अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए कपासन तालाब में मातृकुंडिया बांध का पानी लाने की मांग कर रहा था। उसने बीजेपी विधायक अर्जुनलाल जीनगर को संबोधित करते हुए कई वीडियो पोस्ट किए, जिसमें वह उनके चुनावी वादों को याद दिला रहा था। सूरज का कहना था कि क्षेत्र में पानी की गंभीर समस्या है और तालाब में पानी लाने से स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

इन वीडियो के बाद सूरज को लगातार धमकियां मिल रही थीं। यहां तक कि उसकी फैक्ट्री के प्रबंधन ने भी उसे वीडियो पोस्ट न करने की सलाह दी थी।

इसके बाद 15 सितंबर की शाम सूरज अपने दोस्त के साथ काम से लौट रहा था, नकाबपोश हमलावरों ने उसे रोककर लोहे की सरियों और पाइपों से बेरहमी से पीटा। हमलावरों ने उसके पैरों पर कई वार किए, जिससे दोनों पैर टूट गए। गंभीर हालत में सूरज को पहले चित्तौड़गढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे उदयपुर रेफर किया गया। यहां से अब अहमदाबाद रैफर कर दिया गया है।

**कांग्रेस का चल रहा प्रदर्शन**

कांग्रेस पार्टी का इस घटना के खिलाफ कपासन में धरना-प्रदर्शन चल रहा है। इससे पहले भी कांग्रेस पार्टी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सूरज के लिए न्याय की मांग की थी। कांग्रेस नेताओं ने सरकार से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद कपासन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और सूरज का बयान दर्ज किया था। सूरज ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया और विधायक पर हमला करवाने का शक जताया है।

**अब तक 3 आरोपी गिरफ्तार**

कपासन थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों की जांच कर रही है। घटना के चार दिन बाद पुलिस ने तीन आरोपियों मदनलाल गुर्जर (23), राधेश्याम गुर्जर (27) और कैलाश गुर्जर (23) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल बिना नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि हमले के पीछे की वजह और अन्य आरोपियों का पता लगाया जा सके।

# नगर निकाय चुनावों में देरी पर चुनाव आयोग को हाईकोर्ट की फटकार

## तुरंत कदम उठाने के निर्देश

जयपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग को नगर निकाय चुनावों में लगातार हो रही देरी को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चुनावों में टालमटोल स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को कमजोर कर रहा है और यह संविधान के विपरीत है। साथ ही आयोग को तुरंत आवश्यक कदम उठाकर लंबित चुनाव कराने के निर्देश दिए गए हैं।




जस्टिस अनूप धंड की एकल पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि निर्वाचन आयोग आंखें मूंदकर ₹मूकदर्शक₹ की भूमिका नहीं निभा सकता। चुनावों में देरी से स्थानीय स्तर पर लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है, जो संविधान के तहत दिए गए अधिकारों के खिलाफ है।

कोर्ट ने कहा कि प्रदेश के कई नगरीय निकायों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यकाल समाप्त होने के छह माह के भीतर चुनाव कराना अनिवार्य है लेकिन अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। इससे स्थानीय निकायों की व्यवस्था चरमराने लगी है और लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ रहा है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य निर्वाचन आयोग तत्काल कदम उठाए और सुनिश्चित करे कि लंबित नगर निकाय चुनाव जल्द से जल्द कराए जाएं। कोर्ट ने कहा कि चुनावों में देरी से न केवल जनता का भरोसा कमजोर होता है, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की साख भी प्रभावित होती है।

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई, तहसीलदार 80 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



भरतपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के भरतपुर के नदबई में एसीबी की 12 घंटे में दूसरी बड़ी कार्रवाई। नदबई तहसीलदार 80 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार। एसीबी ने नदबई तहसीलदार विनोद मीणा को ट्रैप किया। तहसीलदार को 80 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। तहसीलदार विनोद मीणा को अपने सरकारी निवास से गिरफ्तार किया गया। एसीबी की इस बड़ी कार्रवाई से बाद राजस्व विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया है। तहसीलदार पर आरोप है कि उसने यह रिश्वत एक जमीन के नामांतरण (म्यूटेशन) को खोलने के लिए मांगी थी।

धौलपुर एसीबी एडिशनल एसपी अमित सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई हुई। परिवादी ने बताया कि वह कई दिनों से तहसीलदार के चक्कर काट रहा था, पर काम नहीं हो रहा था। जब तहसीलदार से इसकी वजह पूछी तो तहसीलदार ने दाखिला खोलने की एवज में परिवादी से एक लाख रुपए की राशि मांगी थी। परेशान होकर परिवादी ने एसीबी में शिकायत दर्ज की। जांच के बाद एसीबी ने शिकायत सही पाया।

# राजघराना फिर सुर्खियों में, मोती महल पर झंडे को लेकर छिड़ा विवाद

भरतपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भरतपुर राजघराना फिर सुर्खियों में। पूर्व राजपरिवार के मोती महल पर रियासत का ध्वज हटाने व उसके स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के बाद अब पूर्व राजपरिवार के सदस्य एवं पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज को सभी के लिए सर्वोपरि बताते हुए 21 सितम्बर को जनता से नहीं आने की अपील सोशल मीडिया के माध्यम से की। वहीं पुरातन धरोहर संरक्षण सेवा समिति ने कहा है कि 21 सितम्बर का कार्यक्रम किसी एक संगठन या जाति का नहीं है, बल्कि सभी समाजों का है, जो कि भरतपुर की प्राचीन रियासत के ध्वज को सम्मान मानते हैं। इससे पूर्व गुरुवार को इस झंडे को उतारकर तिरंगा फहरा दिया गया। इसकी जानकारी पूर्व राजपरिवार सदस्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के बेटे अनिरुद्ध सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट करके दी थी। 26 अगस्त को यह विवाद शुरू हुआ था।





पूर्व मंत्री विश्वेंद्र ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि पिछले दिनों मोती महल परिसर में हमारे रियासतकालीन झंडे को बदलकर किसी अन्य झंडे को वहां स्थापित करने की घटना को लेकर सर्वसमाज एवं 36 कौम की सरदारी और कमेटी की ओर से एकजुट होकर विरोध करने के कारण मोती महल परिसर में उस झंडे को बदलकर हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, जिसका हम समस्त देशवासी सम्मान करते हैं, और तिरंगा हम सभी के लिए सर्वोपरि हैं, उस तिरंगे को मोती महल परिसर में स्थापित कर दिया गया है। मैं आग्रह करता हूं कि 21 सितंबर को भरतपुर आने का कष्ट न करें।

वहीं दूसरी ओर पुरातन धरोहर संरक्षण सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिनसिनी ने कहा कि 21 सितम्बर का कार्यक्रम सभी समाजों का है। इसमें भी विभिन्न स्थानों पर बैठक हुई हैं। लोगों ने फोन कर कहा है कि 21 सितम्बर को भरतपुर आएंगे। उस दिन जहां लोग एकत्रित होंगे, वहां पर ही सरदारी की ओर से आगामी निर्णय लिया जाएगा।

कुछ दिन पहले पूर्व केबिनेट मंत्री व पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए मोतीमहल पर रियासतकालीन ध्वज हटाकर नया ध्वज लगाए जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद सक्रिय हुए संगठनों ने गांव पैंघोर की चामड़ पर महापंचायत कर 21 सितम्बर को खुद ही रियासतकालीन ध्वज लगाने का निर्णय किया था। राष्ट्रीय ध्वज हमारा सम्मानीय है। उसे लगाने से हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन रियासतकालीन झंडा हमारी पहचान और अस्तित्व है। उस पहचान को हम मिटने नहीं देंगे। वर्ष 1947 में राजतंत्र के बाद जब लोकतंत्र आया था। हमारा रियासतकालीन झंडा जवाहर बुर्ज पर लगा हुआ था। उस झंडे को हटाते समय लोगों ने विरोध किया था। जब यह बात गृह मंत्री व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल तक पहुंची तो उन्होंने कहा कि भरतपुर राज्य कभी किसी के अधीन नहीं रहा और कोई इसे नहीं जीत पाया है। उनका ध्वज उतारा नहीं जाए और साथ में राष्ट्रीय ध्वज लगाया।

# रबर पाइप से तोड़ी जयपुर जेल की सिक्योरिटी, सेंट्रल जेल से 2 कैदी फरार




जयपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो रहे है। जयपुर सेंट्रल जेल से आज 2 कैदी दीवार फांदकर फरार हो गए। कैदी फरार होने की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

जेल प्रशासन ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों कैदी जेल के अंदर लगे रबर पाइप के सहारे दीवार फांदकर भागने में सफल हो गए।

जयपुर सेंट्रल जेल से दो कैदियों के भागने पर एडीजी (जेल) रूपेंद्र सिंह ने कहा कि एक कैदी करौली जिलों का और दूसरा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। यह घटना शनिवार सुबह करीब 3 बजे हुई। कैदी जेल के बाथरूम से मुख्य दीवार फांदकर भाग गए। उन्होंने बताया कि जेल प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और जांच पूरी होने के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी।

# उदयपुर की यूनिवर्सिटी में पुलिस से भिड़े छात्र

## *प्रशासनिक भवन में घुसने से रोकने पर धक्कामुक्की*

उदयपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। उदयपुर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी की कुलगुरु प्रो. सुनीता मिश्रा के बयान पर विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार को बेकनी पुलिया से सर्व समाज के लोगों और युवाओं ने रैली निकालकर मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन तक मार्च किया। वहां एनएसयूआई के कार्यकर्ता भी नारेबाजी करते हुए कुलगुरु को हटाने की मांग पर अड़े रहे। जब प्रदर्शनकारियों की भीड़ प्रशासनिक भवन की ओर बढ़ने लगी, तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। जिसके कारण पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया। सर्व समाज, एबीवीपी और एनएसयूआई आदि के पदाधिकारी और कार्यकर्ता वहां जुटे रहे। पुलिस ने प्रशासनिक भवन के चैनल गेट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी।

इधर, प्रदर्शनकारियों में से कुछ वीसी आवास पर चले गए और वहां वीसी आवास की नेम प्लेट पर कालिख पोतने की तैयारी कर रहे थे। वहां पर पुलिस का घेरा पहले ही था। स्टूडेंट और पुलिस उलझ गई थी। इस बीच वहां पूर्व डिप्टी मेयर महेंद्र सिंह शेखावत ने समझाइश कराई। इस बीच कुछ युवा आक्रोशित हो गए जिनको पुलिस ने हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया। वैसे वीसी उदयपुर से बाहर होने की वजह से आवास पर नहीं थी। इससे पहले सर्व समाज की और से बाद में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। सर्व समाज ने ज्ञापन में आक्रोश प्रकट कर कहा कि प्रो.सुनीता मिश्रा द्वारा दिये इस बयान पर तुरंत प्रभाव से विश्वविधालय से बर्खास्त किया जाए। प्रदर्शन के छात्र सुखाड़िया यूनिवर्सिटी की कुलपति के आवास पर पहुंच गए और अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें पीछे धकेल दिया। प्रशासनिक भवन के बाहर सर्व समाज और एनएसयूआई ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक कुलपति को नहीं हटाया जाएगा, यह आंदोलन जारी रहेगा।

# विधायक को धमकाने वाला अहमदाबाद से गिरफ्तार

## क्यों दी जान से मारने की धमकी?


सिरोही, 20 सितंबर (एजेंसियां)। रेवदर पुलिस ने विधायक मोतीराम कोली को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को अहमदाबाद (गुजरात) से दस्तयाब किया है। आरोपी ने शराब के नशे में विधायक को फोन कर धमकी दे दी। सीआई सीताराम ने बताया कि गत 15 सितम्बर को रेवदर विधायक मोतीराम कोली को दोपहर में फोन कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। मामले को लेकर विधायक ने थाने में रिपोर्ट दी।

पुलिस ने कॉल डिटेल निकलवाई। जानकारी जुटाने के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अहमदाबाद (गुजरात) से डबानी (रेवदर) निवासी हितेश प्रजापत को दस्तयाब किया है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

सीआई ने बताया कि कॉल डिटेल के आधार पर एक टीम अहमदाबाद भेजी गई थी, जहां से आरोपी युवक को गिरफ़्तार किया गया। युवक ने पूछताछ में बताया कि उसकी विधायक से कोई व्यक्तिगत रंजिश नहीं है। युवक के परिवार के लोगों ने बताया कि वह आदतन शराबी है। उसने शराब के नशे में विधायक को फोन कर दिया।

# पूर्व विधायक का निधन, अचानक खराब हुई थी तबियत, दो बार रह चुके हैं एमएलए

झुंझुनू, 20 सितंबर (एजेंसियां)। झुंझुनूं जिले में नवलगढ़ क्षेत्र के पूर्व विधायक और किसान नेता नवरंग सिंह जाखड़ का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनकी मौत की खबर फैलते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 11 बजे पैतृक गांव घोटू जाखड़ के धमोरा में किया जाएगा।



बता दें कि नवरंग जाखड़ का जन्म 7 जून 1942 को गनपत सिंह जाखड़ और घोटी देवी के घर हुआ। गांव से शिक्षा प्रारंभ कर उन्होंने जयपुर में पढ़ाई की। इतिहास में एमए और बीएड की डिग्री हासिल किए थे, जबकि एलएलबी की डिग्री अधूरी रह गई। छात्र जीवन से ही वे राजनीति और आंदोलनों में सक्रिय हो गए थे। नवलगढ़ और जयपुर के छात्रसंघों में रहते हुए उन्होंने जागीरदारी उन्मूलन और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष किया। जाखड़ दो बार नवलगढ़ से विधायक चुने गए थे। 1977 में जनता पार्टी और 1985 में लोकदल से वे विधानसभा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विशेषाधिकार समिति, सरकारी आश्वासन समिति और गृह समिति जैसे अहम पदों की जिम्मेदारी निभाई। 1979-80 में वे मुख्य सचेतक भी रहे। कांग्रेस (संगठन), जनता पार्टी और लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति में उनकी सक्रिय भूमिका रही। राजस्थान किसान मंच के अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने किसानों की आवाज बुलंद की।

सिर्फ राजनीति ही नहीं, सामाजिक आंदोलनों में भी उनकी भूमिका निर्णायक रही। 1979 में विधानसभा के सामने आमरण अनशन कर उन्होंने शराबबंदी लागू करवाई।

# सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट के बाद मचा बवाल

## सड़कों पर उतरे लोग

टोंक, 20 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में टोंक जिले के बहिर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के बाद माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। पोस्ट के वायरल होते ही एक समुदाय विशेष के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए और जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि यह पोस्ट उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली है और इसके जिम्मेदार व्यक्ति पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। हालांकि, इस मामले में किसी की ओर से कोई मामला थाने में दर्ज नहीं करवाया गया है। लेकिन, पुलिस विवादित पोस्ट की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। दरअसल, एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डाला। जिसके वायरल होते ही बहीर क्षेत्र के लोग सड़कों पर उतर आए। विरोध-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एएसपी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने काफी समझाइश के बाद मामला शांत करवाया।

# ईडी की कार्रवाई में 20 बैंक खातों और धर्म परिवर्तन नेटवर्क का खुलासा, करोड़ों का लेन-देन उजागर

बीकानेर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। बीकानेर में दो दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि धार्मिक ट्रस्टों के माध्यम से हवाला कारोबार, मनी लॉन्ड्रिंग और गैर-कानूनी धर्म परिवर्तन जैसी गतिविधियां चलाई जा रही थीं।

ईडी ने धोबी तलाई निवासी मोहम्मद सादिक खान और उसके सहयोगियों के ठिकानों पर छापा मारकर कई अहम दस्तावेज और डिजिटल सबूत बरामद किए। शुरुआती जांच में पता चला कि सादिक जमीयत अहले हदीस का प्रमुख है और अल फुरकान एजुकेशनल ट्रस्ट तथा मस्जिद-ए-आयशा ट्रस्ट के संचालन से जुड़ा हुआ था। इन ट्रस्टों के बैंक खातों में करोड़ों रुपये का लेन-देन सामने आया है।

जांच में करीब 20 बैंक अकाउंट्स सामने आए, जिन्हें सादिक सीधे नियंत्रित करता था। उसके पास कोई वैध और बड़ी पर्सनल इनकम नहीं थी लेकिन उसने कई विदेशी यात्राएं कीं और बांग्लादेश सहित कई देशों में आर्थिक लेन-देन के सबूत मिले। ईडी को संदेह है कि इन फंड्स का इस्तेमाल राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में किया गया।

छापेमारी में ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे पता चलता है कि सादिक ने बांग्लादेश के एक संगठन को आर्थिक मदद दी। डिजिटल सामग्री से यह भी सामने आया कि वह सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी वीडियो और उकसाने वाला कंटेंट साझा करता था। हथियारों की सप्लाई और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप भी उसके ऊपर हैं।

ईडी का कहना है कि मोहम्मद सादिक और उसके नेटवर्क की गतिविधियां देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। शुरुआती जांच में उसके तार प्रतिबंधित संगठनों और कट्टरपंथी उद्देश्यों का समर्थन करने वाले नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। एजेंसी अब हवाला चैनल, विदेशी फंडिंग और संदिग्ध एनजीओ के वित्तीय लेन-देन की गहन जांच कर रही है। जांच एजेंसियों का मानना है कि आने वाले दिनों में इस मामले से जुड़े और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# पीएम मोदी के दौरे से पहले अमित शाह आएंगे जोधपुर

जोधपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज 21 सितंबर को जोधपुर का दौरा करेंगे। इस दौरान वह पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नए भवन का शिलान्यास करेंगे। यह कार्यक्रम जोधपुर के रामराज नगर चोखा में आयोजित होगा, जिसमें नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल सहित कई सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 सितंबर को दोपहर 3:50 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद 3:55 बजे वह एयरपोर्ट से रामराज नगर चोखा के लिए रवाना होंगे, जहां शाम 4 बजे से पारसमल बोहरा नेत्रहीन महाविद्यालय के नए भवन का शिलान्यास समारोह शुरू होगा। इस दौरान वह नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए बनाए जा रहे हॉस्टल और अन्य सुविधाओं की आधारशिला रखेंगे। यह महाविद्यालय नेत्रहीन और अन्य विशेष जरूरतों वाले बच्चों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# पूर्व सरपंच की हत्या, कुल्हाड़ी से वार करके दी दर्दनाक मौत

बीकानेर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। बीकानेर श्रीडूंगरगढ़ के धीरदेसर चोटियान गांव में खौफनाक वारदात सामने आई। गांव के पूर्व सरपंच मेघराज की उसके ही भाई-भतीजों ने कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर सीओ निकेत कुमार और थानाधिकारी जितेंद्र कुमार स्वामी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

मृतक सरपंच की फाइल फोटोः पत्रिका

दरअसल गुरुवार रात विवाद के बाद मेघराज अपने घर की चौकी पर चारपाई पर सो रहे थे। उनकी पत्नी घर के अंदर सो रही थी। रात 11 से 12 बजे के बीच सोते समय सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर उनकी हत्या कर दी गई। सुबह पत्नी ने चौकी पर खून से लथपथ शव देखा तो बदहवास हो गई। परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया।

**बेटे ने दर्ज कराया मामला**

मृतक के पुत्र रामनिवास ने चाचा पूर्णाराम, चाची गीतादेवी सहित बलबीर, ओमप्रकाश, शंकरलाल, किशनाराम और बजरंगलाल के खिलाफ षड्यंत्रपूर्वक हत्या करने का मामला दर्ज कराया।

सीओ निकेत पारीक और थानाधिकारी जितेंद्र स्वामी के निर्देशन में पांच टीमें गठित की गईं। तकनीकी अनुसंधान और सतत कार्रवाई के बाद पुलिस ने घटना के सात घंटे में ही सभी आरोपियों को डिटेन कर लिया। इस कार्रवाई में हवलदार देवाराम, रामस्वरूप, लेखराम, नरेन्द्रसिंह, पुनीत, राजेश, भगवानाराम, अनिल मील, चन्द्रप्रकाश और बबली ने अहम भूमिका निभाई।

**पुरानी रंजिश बनी वजह**

पुलिस के अनुसार, मृतक और आरोपियों के बीच पहले से ही विवाद चला आ रहा था। लूट और मारपीट का मुकदमा भी दर्ज था। गुरुवार रात को हुए झगड़े और जान से मारने की धमकी के बाद पुरानी रंजिश ने हत्या का रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी बलबीर पॉक्सो मामले में सजायाफ्ता भी है।

# अमृतधाम आश्रम में सत्संग गौसेवा आज

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व जागृति मिशन, हैदराबाद मंडल, सभी भक्तों को रविवार, 21 सितंबर को सर्वपितृ अमावस्या के पावन अवसर पर अमृतधाम आश्रम में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम में आमंत्रित करता है। इस दिन सद्गुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज का साप्ताहिक वीडियो सत्संग सुबह 11:31 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक होगा, जिसके बाद गौसेवा और भंडारा (महाप्रसाद) का आयोजन किया जाएगा। विश्व जागृति मिशन, हैदराबाद मंडल के सत्संग व मीडिया प्रभारी राजकुमार दायमा ने बताया कि भक्तों को इस पावन अवसर पर गौमाता की सेवा हेतु हरा-चारा, हरी सब्जियां और फल अर्पित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा, जिससे वे पुण्य और आशीर्वाद अर्जित कर सकेंगे। सत्संग से आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलेगी, वहीं गौसेवा से पितरों को श्रद्धांजलि, जीवन में सुख-समृद्धि और ग्रहों के नकारात्मक प्रभावों को कम करने का अवसर प्राप्त होगा। मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेम सिंह राठौर ने कहा, सत्संग और गौसेवा का यह 'सुनहरा अवसर' आध्यात्मिक ज्ञान के साथ-साथ गौमाता की सेवा से पुण्य और आशीर्वाद के प्राप्त करने का माध्यम है। गौसेवा यश, कीर्ति और सौभाग्य का द्वार खोलती है। उन्होंने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि गौमाता को यज्ञ का स्वरूप माना गया है। भगवान श्रीकृष्ण और अनेक ऋषियों ने गौसेवा को यज्ञ के समान पुण्यदायी बताया है। महाभारत में गौसेवा की महिमा का वर्णन है कि जो परिवार गौमाता की सेवा करता है, उसे दुर्लभ आशीर्वाद और सौभाग्य प्राप्त होता



है। वैज्ञानिक शोध भी भारतीय गायों की नस्लों को ग्लोबल वार्मिंग से निपटने, पर्यावरण संरक्षण और जैव-विविधता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण मानते हैं। राठौर ने कहा, गौमाता का हमारे जन्म, जीवन और मरण से गहरा संबंध है। गौ संरक्षण से ही देश समृद्ध और सुसंस्कृत रह सकता है। आज पुनः गौसेवा और संरक्षण की आवश्यकता है, जिससे समाज सुरक्षित और समृद्ध हो सके।

पूज्य महाराजश्री द्वारा स्थापित सात विशाल गौशालाएं : गौसेवा को बढ़ावा देने के लिए पूज्य सद्गुरुदेव ने आनंदधाम आश्रम, नई दिल्ली सहित पानीपत, लालसोट, बैंगलोर, कानपुर, मुरादाबाद और हैदराबाद में सात विशाल गौशालाएं स्थापित की हैं। आनंदधाम की कामधेनु गौशाला में भक्त गीर जैसी पवित्र नस्ल की गायों की सेवा करते हैं और दिव्य ऊर्जा का अनुभव करते हैं। कई भक्त अपने जन्मदिन पर गौमाता के लिए चारा दान करते हैं, तो कुछ पूरे वर्ष के लिए एक गाय की जिम्मेदारी लेकर पुण्य और सौभाग्य अर्जित करते हैं। स्वयं पूज्यवर भी प्रतिदिन गौसेवा अपने हाथों से करते हैं।

लोक परंपराओं में गौ संरक्षण : सद्गुरुदेव ने अपने करोड़ों भक्तों को गौसेवा अभियान में सहभागी बनने की प्रेरणा दी है। घर-घर गौ ग्रास निकालने, पर्व-त्योहारों पर गोबर के दीपक जलाने, गौ आधारित कृषि और औषधीय जड़ी-बूटियों से युक्त गौ उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। इससे गौसेवा, संरक्षण और पोषण का युग पुनः लौटेगा, जो आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

गौशाला की गायों को गोद लें : जो भक्त घर पर गाय नहीं पाल सकते, वे मिशन की गौशालाओं में गायों को गोद लेकर उनके भरण-पोषण की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। यह गौसेवा का अवसर भक्तों के लिए गुरु, गौमाता और पितरों के आशीर्वाद प्राप्त करने का सुयोग है। मिशन के महामंत्री अशोक कुमार अग्रवाल और शंकरलाल अग्रवाल ने सभी भक्तों से इस पावन आयोजन में शामिल होकर सत्संग, गौसेवा और महाप्रसाद का लाभ उठाने की अपील की है।

## गांव में आधी रात यूरिया पहुंचाते पकड़ा गया व्यापारी

**वैध बिल होने के बावजूद पुलिस ने ट्रक किया जब्त**

कुमराम भीम आसिफाबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने शुक्रवार रात सिरपुर (टी) मंडल के भूपालपट्टनम गांव में किसानों को कथित तौर पर घर-घर यूरिया पहुंचाने वाले एक व्यापारी को पकड़ा। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और किसानों को यूरिया बांटते व्यापारी को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने यूरिया से भरे ट्रक को कागजनगर डीएसपी कार्यालय पहुंचा दिया। अधिकारियों ने व्यापारी से पूछा कि वह आधी रात में खाद क्यों पहुंचा रहा था, जिससे ग्रामीण भी हैरान रह गए। वाहन की जांच करने वाले कृषि अधिकारियों ने बताया कि व्यापारी के पास यूरिया से संबंधित वैध बिल और दस्तावेज मौजूद थे। इसके बावजूद, अधिकारियों ने कहा कि आधी रात को घर-घर खाद बांटने के मामले में व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदू टू हिंदू बिजनेस आयोजित

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदू टू हिंदू बिजनेस नेटवर्किंग परंपरा और एच2एच 6 सशक्त ने सनातनी हिंदू व्यापारियों के लिए एक बिजनेस मीट का आयोजन किया। यह मीटिंग भाग्यनगर में हिंदू व्यापारियों की मदद और उन्हें बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी।

यह मीटिंग होटल एसवीएम ग्रैंड नागोल में आयोजित की गई थी और इस मीटिंग के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी गोपाल बल्दवा थे। अध्यक्ष किरण वेमुला और अजय सिंह के साथ-साथ जेवी गोपीचंद, उषा श्री, नरसिंह राव और शिव कुमार जैसे अन्य सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाया। मीटिंग अध्यक्ष किरण वेमुला के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर एच2एच के संस्थापक गीतेश काटे भी उपस्थित थे।

## विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में 3 किलोमीटर दौड़

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में, खान एवं श्रम मंत्री विवेक वेंकटस्वामी ने शनिवार को हैदराबाद के सन सिटी स्थित ग्लेनडेल इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित 3 किलोमीटर दौड़ का उद्घाटन किया। इस अवसर पर, मंत्री ने याद दिलाया कि गौरैया पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि गौरैया की संख्या में गिरावट हमारे समाज और पर्यावरण के लिए एक चेतावनी संकेत है। मंत्री ने लोगों से पेड़ लगाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने की आदत डालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है। मंत्री महोदय ने इस कार्यक्रम के माध्यम से एक अच्छा संदेश देने के लिए ग्लेनडेल स्कूल के आयोजकों को बधाई दी। मंत्री विवेक वेंकटस्वामी की पत्नी सरोजना भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

## मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी जल्द ही नरमेट्टा पाम ऑयल फैक्ट्री का उद्घाटन करेंगे : तुम्मला

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव ने घोषणा की है कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी जल्द ही नवनिर्मित नरमेट्टा पाम ऑयल फैक्ट्री का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे। शनिवार को, मंत्री ने अधिकारियों के साथ सिद्दीपेट जिले के नरमेट्टा गांव में स्थित फैक्ट्री का दौरा किया। यह फैक्ट्री तेलंगाना राज्य सहकारी तिलहन उत्पादक संघ (टीएस-ऑयलफेड) द्वारा 300 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित की गई है। निरीक्षण के दौरान, फैक्ट्री का सफल परीक्षण किया गया। अपने संबोधन में, तुम्माला नागेश्वर राव ने इस बात पर जोर दिया कि नरमेट्टा पाम ऑयल फैक्ट्री की स्थापना मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह फैक्ट्री उन्नत तकनीक का उपयोग करने वाली देश में अपनी तरह की पहली फैक्ट्री है। उन्होंने कहा, इस पाम ऑयल फैक्ट्री की शुरुआत से किसानों के लिए समृद्धि का एक नया युग शुरू होगा। पाम ऑयल की खेती से निरंतर लाभ मिलता है, और अंतर-फसलों की खेती से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि तेलंगाना पाम ऑयल की खेती में देश का नेतृत्व करेगा। उन्होंने स्वीकार किया कि राज्य पर वित्तीय दबाव के बावजूद, किसानों को सहयोग देने की मुख्यमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए निर्माण कार्य पूरा किया गया है। तुम्माला नागेश्वर राव ने कहा, यहां न केवल फलों से तेल निकाला जाता है, बल्कि बीजों से भी तेल का उत्पादन किया जाता है। तेल उत्पादन से उत्पन्न अपशिष्ट का उपयोग करके फैक्ट्री की ऊर्जा आवश्यकताओं को मौके पर ही पूरा किया जाएगा। अपने दौरे के दौरान, मंत्री ने स्थानीय किसानों से उनकी चुनौतियों और कृषि पद्धतियों पर चर्चा की। जब किसानों ने परिवहन भुगतान में देरी के बारे में चिंता व्यक्त की, तो तुम्माला नागेश्वर राव ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने सद्गुरु की शरण ग्रहण करने का आवाह्न किया



हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सौजन्य से अत्तापुर के श्री चिन्ना अनंतगिरि शिवालयम में आयोजित श्रीकृष्ण कथा के सप्तम एवं समापन दिवस पर दिव्य गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज की परम शिष्या साध्वी सुश्री आस्था भारती ने द्रौपदी के गरिमामय चरित्र का विवेचन किया। सम्पूर्ण जीवन विकट परिस्थितियों से जकड़ा रहा लेकिन फिर भी द्रौपदी इन सबसे मुक्त रही। इसका कारण था, उसके परम सखा जगद्गुरु भगवान श्रीकृष्ण!

आज हम कहते हैं कि युगल भगवान है न, उससे पूछ लो। लेकिन युगल भगवान हर चीज का समाधान नहीं दे सकता। इसके लिए आपको एक परफेक्ट मास्टर चाहिए। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने सभी श्रद्धालुओं से सद्गुरु की शरण ग्रहण करने का आवाह्न किया।

साध्वी जी ने बताया- एक मरीज स्वयं एक अच्छे डॉक्टर का पता लगाता है और फिर अपने खर्च पर उनसे उपचार करवाता है। साथ ही, उपचार हेतु अच्छा खासा शुल्क भी प्रदान करता है। परन्तु, जब किसी रोग की महामारी फैलती है, तो यह क्रम बिल्कुल उलट हो जाता है। तब रोगी डॉक्टर को ढूंढकर उसके पास नहीं जाते, बल्कि डॉक्टर खुद प्रभावित क्षेत्र में पहुंचता है। स्थान-स्थान पर कैंप लगाता है। घर-घर जाकर रोगियों का निशुल्क इलाज करता है। सारी व्यवस्था स्वयं संभालता है।

ठीक इसी प्रकार आज कलियुग में भी अज्ञानता की महामारी फैली हुई है। ऐसे में, हम यह प्रतीक्षा नहीं कर सकते कि अज्ञान, विकारों या माया से ग्रस्त समाज, ज्ञान या प्रभु-प्राप्ति के लिए, स्वयं आगे बढ़कर आएगा। यही कारण है कि आज दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान स्थान-स्थान पर सत्संग कार्यक्रम व कथाएं आयोजित कर रहा है।

दुंदुभि बजा-बजा कर, जन-जन का आह्वान कर रहा है। घर-घर जाकर ब्रह्मज्ञान का संदेश दे रहा है तथा बिल्कुल निःशुल्क रूप से ब्रह्मज्ञान की दीक्षा भी प्रदान कर रहा है। अतः इस प्रकार आज यह ज्ञान बहुत सुलभ कर दिया गया है। यह वही सनातन-शाश्वत, विशुद्ध ब्रह्मविद्या है, जो एक जीव को परब्रह्म का साक्षात्कार कराती है व जिसका पूर्ण अभ्यास उसे साक्षात् ब्रह्मस्वरूप ही बना देता है।

संस्थान के चेन्नई आश्रम से पधारे आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी प्रदीपानंद ने बताया कि रविवार, 21 सितंबर को पूर्णाहुति एवं यज्ञ होगा तथा सोमवार, 22 सितंबर को सायं 8 बजे से रात्री 12 बजे तक माता की चौकी का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में साध्वी भावना भारती, साध्वी साक्षी भारती के साथ मुख्य यजमान बगदाराम कुमावत के साथ दैनिक यजमान पंकेश चौरसिया, सचिन गुप्ता, प्रफुल्ल जी, श्रीमती सरिता महेश्वरी, मुख्य अतिथि औगडराम कुमावत, भंवर लाल कुमावत, ताना जी, श्याम मित्र मंडल के पवन भारती, सुरेश कुमार मोदी, सोहन लाल नेहरा जी, बृजेश नालपुरिया, कीर्ती सिंह, योगेश जैन (अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, तेलंगाना), बालु सुब्रमण्यम, श्रीकांत, महावीर पटेल, राजुराम पटेल, कर्ण सिंह जोधा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया। तदुपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

# अग्रसेन बैंक ने बैंकिंग फ्रंटियर्स अवार्ड 2025 में शानदार प्रदर्शन किया



हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बैंकिंग फ्रंटियर्स ने नैफकब के सहयोग से गोवा में एनसीबीएस 2025 (राष्ट्रीय सहकारी बैंकिंग शिखर सम्मेलन) और एफसीबीए 2025 (फ्रंटियर्स इन सहकारी बैंकिंग अवार्ड्स) नामक एक पुरस्कार समारोह का आयोजन किया।

सुभाष शिरोडकर कैबिनेट मंत्री, सहकारिता, भारत सरकार, इस पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने विजेता बैंकों को ट्रॉफी प्रदान की। जिनमें डीसीसीबी, बड़े बैंक, मध्यम और छोटे सहकारी बैंक सहित लगभग 500 बैंक शामिल थे।

अग्रसेन को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड को बैंकिंग फ्रंटियर्स और नैफकब के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रमुख जूरी सदस्यों द्वारा सर्वश्रेष्ठ निवेश परिवर्तन और सर्वश्रेष्ठ अनुपालन परिवर्तन की श्रेणियों में 2 ट्रॉफी प्रदान की गईं। 18 सितंबर को गोवा में आयोजित कार्यक्रम में बैंक की ओर से ये पुरस्कार अध्यक्ष प्रमोद कुमार केडिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीए नवीन कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष नारायण दत्त और निदेशक सीए पंकज कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती अंजू केडिया और सीईओ सी वी राव, डीजीएम आनंद अग्रवाल, एजीएम गोपाल कृष्ण, आईटी प्रमुख और प्रबंधक जी प्रसाद द्वारा प्राप्त किए गए।

## 1तेलंगाना बटालियन एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न



हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद ग्रुप एनसीसी की 1 तेलंगाना बटालियन एनसीसी ने 19 सितंबर को मेहदीपट्टनम स्थित सैन्य गैरिसन में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया। 10 सितंबर को शुरू हुए इस शिविर में हैदराबाद ग्रुप के लगभग 600 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया।

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेटों को एसडीएमए प्रतिनिधियों द्वारा अग्निशमन और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया और बसंतर ब्रिगेड द्वारा आयोजित सैन्य हथियारों का प्रदर्शन भी दिखाया गया। उन्होंने एनसीसी कैंप प्रशिक्षण भी लिया, जहां उन्हें एनसीसी विषयों और हथियारों की लाइव फायरिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के एनसीसी निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने वाले और पुरस्कार जीतने वाले कैडेटों का भी हर्षोल्लास और धूमधाम से स्वागत किया गया। तीन दिनों की अवधि में, उन्हें हैदराबाद शहर का भ्रमण कराया गया और फिल्म दिखाई गई। एनसीसी निदेशालय के उप-महानिदेशक, एयर कमोडोर नरसिंह सैलानी ने निदेशालय में इन मेधावी कैडेटों के साथ चाय पर बातचीत की।

एनसीसी कैडेटों ने शिविर के दौरान उन्हें मिले अनुभव की सराहना की। टीएससी और एनएससी कैडेटों के साथ उनकी बातचीत ने उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया और एसडीएमए और बसंतर ब्रिगेड, दोनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों से पर्याप्त रूप से अवगत कराया। शिविर के समापन पर, उन्होंने सभी एजेंसियों के प्रति हार्दिक और उत्साहजनक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें दिए गए कुशल और ज्ञानवर्धक अनुभव का सभी पर गहरा प्रभाव डाला।

# 53वां रामायण मेला कल से नुमाइश मैदान में





हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी प्रगति समाज एवं एग्जिबिशन सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 53वां रामायण मेला का आयोजन 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नुमाइश मैदान में आयोजित किया जाएगा।


उपरोक्त जानकारी रामायण मेला के प्रधान संयोजक गोविंद राठी ने देते हुए बताया कि विभिन्न समितियों का गठन हो चुका है एवं उनको कार्य सौंपा जा चुका है। उन्होंने बताया कि राजस्थानी प्रगति समाज के अध्यक्ष कमल नारायण अग्रवाल के नेतृत्व में 22 सितंबर को 6:00 बजे घट स्थापना से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिसमें अतिथि के रूप में समाजसेवी और गौ सेवक जसमत भाई पटेल, बृज गोपाल असावा एवं मुरलीधर लोहिया होंगे।

घट स्थापना के पश्चात 53वां रामायण कवि सम्मेलन प्रारंभ होगा। जिसमें कवि सम्मेलन की अध्यक्षता हास्य व्यंग के अंतर्राष्ट्रीय कवि वेणुगोपाल भट्टड़ एवं मुख्य अतिथि अजीत गुप्ता तथा कवि सम्मेलन का संचालन पं. रामकृष्ण पांडेय करेंगे। कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले कवि नरेंद्र राय, सरदार बलबीर सिंह, पुरुषोत्तम कड़ेल, सीताराम माने, पुष्पा वर्मा, उमा देवी सोनी, तुलजा प्रसाद विमल, अंजनी कुमार गोयल, ज्योति नारायण, अहिल्या मिश्रा, चंपालाल बैद, दीपक चिंडालिया, डॉ. राजू कुमार सिंह, कैलाश भट्टड़, प्रीति जैन आमंत्रित होंगे। कवि सम्मेलन की संयोजिका रूबी मिश्रा व सह संयोजिका सविता सोनी ने सभी काव्य प्रेमियों से भाग लेने की अपील की है।

उपरोक्त कार्यक्रमों में एग्जिबिशन समिति के उपाध्यक्ष के. निरंजन एवं मंत्री बी. सुरेंद्र रेड्डी के अतिरिक्त एक्सिबिशन सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य भी भाग लेंगे।

गोविंद राठी ने बैठक में जानकारी दी कि आगामी कार्यक्रमों में रामायण प्रश्न मंच, तेलंगाना का बतुकम्मा उत्सव, गरबा डांडिया कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। आगामी 2 अक्टूबर को भव्य रूप से दशहरा मेला का आयोजन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व मानव झांकियों सहित, रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशालकाय पुतलों को गगनभेदी आतिशबाजी के साथ दहन किया जाएगा। उपरोक्त बैठक में रामायण मेला कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल डागा, शकुंतला नावंदर, नंद गोपाल भट्टड़, प्रेमलता कांकाणी, सविता सोनी, रामदेव नगला, भगत सिंह सोलंकी, मनोज जायसवाल, पवन कुमार मिश्रा, रूबी मिश्रा, लक्ष्मीकांत पांडेय, जुगल किशोर सोनी, श्यामा नावंदर, दामोदर तिवारी आदि उपस्थित थे।

## बेहतर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाएं : पुलिस आयुक्त



हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा पुलिस आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और चोरी, डकैती और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों जैसे अपराधों को रोकने के लिए, पुलिस आयुक्त सुधीर बाबू ने आज राचकोंडा पुलिस आयुक्तालय कार्यालय में वेलफेयर एसोसिएशन (गेटेड और विला समुदाय) के प्रतिनिधियों के साथ सुरक्षा विषय पर एक विशेष बैठक बुलाई। बैठक के दौरान, आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि विला और कॉलोनी के निवासियों को सुरक्षा के जरूरी उपायों को अनिवार्य रूप से लागू करना चाहिए। उन्होंने जनता से अपराध पर अंकुश लगाने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया और स्विगी, जोमैटो आदि जैसे प्लेटफॉर्म से डिलीवरी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अपराध की सूचना मिलने के छह मिनट के भीतर, हमारी टीमें घटनास्थल पर पहुंच जाएंगी। इस दौरान मुख्य दिशानिर्देश दिया गया कि सीसीटीवी निगरानीघर के प्रवेश द्वारों, आंतरिक परिसर, द्वारों और मुख्य सड़कों के सामने हाई-डेफिनिशन (एचडी) सीसीटीवी कैमरे लगाएं।

कैमरों में रात्रि दृष्टि सुविधाएं होनी चाहिए। इन सीसीटीवी प्रणालियों का पुलिस कमांड एवं नियंत्रण कक्ष के साथ एकीकरण सुनिश्चित करें। दरवाजों और खिड़कियों को सेंसर-आधारित अलार्म सिस्टम से सुसज्जित करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या जबरन प्रवेश पर अलार्म तुरंत बजने चाहिए।

# अग्रसेन जयंती पर गौ सेवा कार्यक्रम

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराजाश्री अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती पर इस वर्ष अग्रवाल समाज, तेलंगाना की ओर से गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पांच दिनों तक लगातार समाज की विभिन्न शाखाओं और सदस्यों के सहयोग से लगभग 10000 गौ वंशों को चारा और विभिन्न औषधिया प्रदान किए जा रहे है। जयंती समारोह के प्रचार-प्रसार और मीडिया समिति के चेयरमैन डॉ. दिलीप पंसारी के अनुसार गौ सेवा से संबंधित प्रमुख कार्यक्रम रविवार, 21 सितंबर के दिन दोपहर 3:30 से 5:00 बजे तक जियागुडा क्षेत्र में स्थित श्री सामर्थ गौशाला में संपन्न होगा जिसमें मुख्य अतिथि प्रमुख समाज सेवी ओमप्रकाश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि सेवा निवृत्त पशु चिकित्सक डॉ.पी. अनिल कुमार होंगे।

17 सितंबर से प्रारंभ हुए इस गौ सेवा कार्यक्रम में नारायणी गौशाला- दिलसुखनगर में रानी मित्तल, श्री गोपाल गौशाला इब्राहिमपटनम में संजय गोयल, श्री भाग्यनगर गौशाला लोअर टैंक बैंड में पूजा गुप्ता, ध्यान फाउंडेशन और ओम फाउंडेशन शमशाबाद में मनीष अग्रवाल, श्री कृष्णा गौशाला अत्तापुर में अशोक जालान, इमलीबन गौशाला में रिंकू गर्ग, रोटी बॉक्स जनप्रिया एर्रागड्डा में सुमन अग्रवाल तथा मां का दूध का कर्ज गौशाला पुरानापुल में बरखा अग्रवाल के नेतृत्व में जारी है।

जयंती की प्रमुख संयोजिका और समाज की सह सचिव डॉ. सीमा जैन के अनुसार गोवंशों को मल्टी विटामिन, लीवर और कैल्शियम की औषधियां रोज के चारे में मिलाकर दिया जाता है। समाज की अत्तापूर शाखा, सत्य शक्ति टीवी टावर मलकपेट महिला शाखा, अशोक नगर शाखा, रानी सती दादी शाखा, चेक कॉलोनी सनत नगर शाखा, मोतीनगर शाखा और अन्य शाखाओं के सहयोग से तथा अंकुर बंसल, गोविंदराज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, लोकेश पित्ती एवं अन्य के सहयोग से संचालित उक्त गौ सेवा कार्यक्रम में समाज बंधु सहर्ष भाग ले रहे है।

समाज अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, उपाध्यक्ष- रूपेश अग्रवाल, सचिव- विकास केशान, कोषाध्यक्ष और जयंती सह संयोजक- आंचल गुप्ता, परामर्शदाता बद्री विशाल बंसल और हरीश गुप्ता तथा अन्य ने जयंती के अवसर पर आयोजित गौ सेवा के इस कार्यक्रम पर प्रसंशा व्यक्त करते हुए आयोजन समिति को बधाई दी है।

## नाले में बहे 2 लोगों में से एक का शव नहीं मिला

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अफजलसागर नाले की तेज धाराओं में बह गए रामू के परिवार के लिए उसके शव का इंतजार एक पीड़ादायक अनुभव बना हुआ है। हाइड्रा और एसडीआरएफ की टीमें तलाशी अभियान जारी रखे हुए हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। रविवार को भारी बारिश के दौरान अफजलसागर नाले में अर्जुन और रामू नामक दो व्यक्ति बह गए। अर्जुन का शव गुरुवार को शहर से 70 किलोमीटर दूर मिला, जबकि रामू का शव अभी तक नहीं मिला है।

रामू, जो दिहाड़ी मजदूरी करता था और अपनी पत्नी व चार बच्चों के साथ रहता था, अपने भतीजे अर्जुन को बचाने की कोशिश में पानी में गिर गया। उस समाहांत में बारिश शुरू होने पर अर्जुन घर के बाहर रखा सामान लेने गया, तभी उसका पैर फिसला और वह तेज पानी में डूबने लगा।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# बीसीसीआई अध्यक्ष चुनाव में आया नया मोड़

## सौरव गांगुली से भी आगे चल रहा किरण मोरे का नाम !

मुंबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सालाना आम बैठक 28 सितंबर को मुंबई में होने जा रही है। ऐसे में बोर्ड के अध्यक्ष पद की दौड़ अब कुछ नामचीन शख्सियत तक ही सिमटती नजर आ रही है। पहले सबसे आगे पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का नाम सबसे आगे चल रहा था, लेकिन अब पूर्व क्रिकेटर और चयनकर्ता किरण मोरे के आने की चर्चा से बीसीसीआई अध्यक्ष पद के चुनाव में नया मोड़ आ गया है।





**शीर्ष पद की दौड़ में थे सबसे आगे**

बता दें कि निर्वाचन अधिकारी एके जोति की ओर से 19 सितंबर को मतदाता सूची जारी की गई थी। सौरव गांगुली (बंगाल क्रिकेट संघ), हरभजन सिंह (पंजाब क्रिकेट संघ), रघुराम भट्ट (कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ) और जयदेव शाह (सौराष्ट्र क्रिकेट संघ) को शीर्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माने जा रहे थे। इनकी मौजूदगी ने दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट निकाय का नेतृत्व मजबूत होता दिख रहा है।

**किरण मोरे के आने से नया मोड़!**

वहीं, पूर्व भारतीय विकेटकीपर और पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता किरण मोरे ने इसमें नया मोड़ ला दिया है। वह वर्तमान में बड़ौदा क्रिकेट संघ के सचिव हैं। हालांकि, उन्हें रोल में राज्य प्रतिनिधि के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उनकी नामांकन की संभावना बनी हुई है। किरण मोरे ने मुंबई इंडियंस के साथ भी काम किया है। वह वर्तमान में विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस विमेंस टीम के जनरल मैनेजर हैं। मोरे को क्रिकेट और प्रशासन दोनों में अनुभव और विशेषज्ञता रखने वाला माना जाता है।

ज्ञात हो कि कुछ समय पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर इस पद में रुचि ले सकते हैं, लेकिन इस दिग्गज क्रिकेटर ने तमाम अटकलों को खारिज कर दिया।

**28 सितंबर को मतदान**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, शीर्ष पद के लिए एक अनौपचारिक बैठक शनिवार शाम को नई दिल्ली में होने की संभावना है। चुनाव प्रक्रिया 20 सितंबर को नामांकन के साथ शुरू होगी, 23 सितंबर को नामांकन की जांच और अंतिम सूची जारी की जाएगी। वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान 28 सितंबर को मतदान होगा। इस बैठक में नए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की भी घोषणा की जाएगी।

# अक्षर पटेल के पाकिस्तान मैच में खेलने पर संशय

## ओमान के खिलाफ मैच में चोटिल हो गए थे, सिर-गर्दन में चोट लगी

दुबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय टीम के ऑलराउंडर अक्षर पटेल एशिया कप 2025 के आखिरी लीग मैच में ओमान के खिलाफ चोटिल हो गए. अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के दौरान अक्षर ने कैच पकड़ने की कोशिश में संतुलन खो दिया. गेंद उनके हाथ से फिसल गई और इसी दौरान उनका सिर जमीन पर टकराय गया. इसके बाद उन्हें इलाज के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा.

एशिया कप 2025 के आखिरी ग्रुप मुकाबले में भारत ने ओमान को 21 रनों से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की. टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 188 रन बनाए, जिसके जवाब में ओमान की टीम 167 रन ही बना सकी. टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही रहा भारत अब 21 सितंबर को सुपर-4 चरण में पाकिस्तान से भिड़ेगा. लेकिन इस अहम मैच से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा. टीम के ऑलराउंडर अक्षर पटेल एशिया कप 2025 के आखिरी लीग मैच में ओमान के खिलाफ चोटिल हो गए. अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले के दौरान



अक्षर ने कैच पकड़ने की कोशिश में संतुलन खो दिया. गेंद उनके हाथ से फिसल गई और इसी दौरान वे खुद भी चोटिल हो बैठे. इसके बाद उन्हें इलाज के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा.

यह घटना ओमान की पारी के 15वें ओवर में हुई. शिवम दुबे की बैक-ऑफ-लेंथ गेंद को हामद मिर्जा ने कट करने की कोशिश की, लेकिन गलत टाइमिंग के कारण गेंद ऊंची चली गई. मिड-ऑफ से दौड़ते हुए अक्षर ने कैच पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन दो बार प्रयास करने के बावजूद गेंद हाथ से छूट गई. इसी दौरान उनका सिर जमीन से टकरा गया, उन्हें सिर और गर्दन के पास दर्द से परेशान दिखे और फिजियो की मदद से मैदान से बाहर गए. ओमान की पारी के बाकी हिस्से में वह दोबारा मैदान पर नहीं लौटे.

अक्षर ने इस मैच में सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 4 रन दिए. चोटिल होने से पहले अक्षर ने बल्ले से अहम योगदान दिया था. उन्होंने 13 गेंदों पर 26 रन ठोककर भारत की पारी को शुरुआती झटकों के बाद संभालने का काम किया. नंबर-5 पर खेलते हुए उन्होंने 13 गेंदों पर 26 रन बनाए और संजू सैमसन (56 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए तेजतर्रार 45 रनों की साझेदारी निभाई. भारत ने इस साझेदारी की बदौलत 188/8 का स्कोर खड़ा किया.

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा कि अक्षर अभी "ठीक" हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले सुपर-4 मैच में उनकी उपलब्धता को लेकर संशय बना हुआ है. चूंकि मैच के बीच रिकवरी के लिए 48 घंटे से भी कम का समय है, इसलिए उनकी फिटनेस पर सवाल खड़े हो रहे हैं. अगर अक्षर पाकिस्तान मैच से बाहर हो जाते हैं, तो भारत अब तक दुबई में अपनाए गए तीन स्पिनरों के कॉम्बिनेशन को शायद नहीं अपना पाएगा, जब तक कि टीम कोई अतिरिक्त विकल्प नहीं बुलाती.

# आईसीसी ने पीसीबी मीडिया मैनेजर की रिकॉर्डिंग पर आपत्ति जताई

## पीसीबी ने कहा- मीडिया मैनेजर टीम का हिस्सा और कैमरा इस्तेमाल मान्य

दुबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 में पाकिस्तान ने अपना आखिरी लीग मैच यूएई के खिलाफ 17 सितंबर को खेला था। इस मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट और नो हैंडशेक विवाद को मुद्दा बनाया था। इस वजह से मैच निर्धारित समय से 1 घंटे देरी से शुरू हुआ। आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की इस हरकत को प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना है।

**सोशल मीडिया पर शेयर की वीडियो**

यूएई के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो डाला था। वीडियो में मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट और पाकिस्तानी टीम प्रबंधन के बीच मीटिंग को दिखाया गया है। वीडियो के माध्यम से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 'नो हैंडशेक' विवाद के लिए एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा माफी मांगने का दावा किया था। वीडियो रिकॉर्ड करने और उसे शेयर करने पर आईसीसी ने आपत्ति जताई है।



पीसीबी को आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने वीडियो रिकॉर्डिंग मामले पर मेल भेजा है। मेल के माध्यम से उन्होंने बताया है कि खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के क्षेत्र में, जहां मीटिंग हुई थी, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए बातचीत की रिकॉर्डिंग प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। मीटिंग में पाइक्रॉफ्ट के अलावा, पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा, मुख्य कोच माइक हेसन, टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा और मीडिया मैनेजर नईम गिलानी के अलावा आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान भी मौजूद थे।

**मीटिंग की रिकॉर्डिंग भी की**

गिलानी ने मीटिंग का वीडियो बनाने की कोशिश की, तो उन्हें बताया गया कि भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के अनुसार पीएमओए के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं है। पीसीबी मीटिंग का वीडियो बनाने पर अड़ा रहा। बोर्ड का कहना था कि बिना वीडियो रिकॉर्ड किए पाकिस्तान यूएई के खिलाफ मैच नहीं खेलेगा। इसके बाद गिलानी को बिना ऑडियो रिकॉर्डिंग की अनुमति दी गई। गुप्ता ने अपने ईमेल में वीडियो रिकॉर्डिंग को गलत बताया है और कहा कि पीसीबी ने कई प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया।

मीटिंग में, पाइक्रॉफ्ट ने पाकिस्तान टीम प्रबंधन को बताया था कि वह नो हैंडशेक संबंधित निर्देश के संदेशवाहक थे। गलतफहमी से उन्हें निर्देश देने वाला समझा गया। मीटिंग के बाद पीसीबी ने पाइक्रॉफ्ट द्वारा माफी मांगने वाला बयान जारी कर दिया। आईसीसी को पीसीबी की यह हरकत नागवार गुजरी है।

पीसीबी का दावा था कि पाइक्रॉफ्ट ने आचार संहिता और एमसीसी की क्रिकेट भावना का उल्लंघन किया था, जब उन्होंने आगा को सूर्यकुमार से हाथ न मिलाने के लिए कहा था। आईसीसी ने इस घटना की जांच की है और पाइक्रॉफ्ट को मामले से बरी कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाइक्रॉफ्ट को एशिया कप से बाहर करने की मांग की थी, इसे भी आईसीसी ने खारिज कर दिया। पाकिस्तान-यूएई मैच में पाइक्रॉफ्ट ही रेफरी थे।

# स्मृति मंधाना ने तो गजब कर दिया

## *चौके-छक्कों की बरसात से ठोकी ऐसी सेंचुरी*



नई दिल्ली, 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में भिड़ रही है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 412 रन टांग दिए। जिसके बाद ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया मैच में काफी पीछे छूट चुकी है। लेकिन टीम इंडिया की स्टार ओपनिंग बल्लेबाज स्मृति मंधाना अकेले ही पूरी कंगारू टीम से भिड़ गईं और उन्होंने भारत के लिए वनडे में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड चित कर दिया है। उन्होंने सिर्फ 50 गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना शतक पूरा किया।

**भारत के लिए सबसे तेज शतक**

स्मृति मंधाना ने भारत के लिए पुरुष और महिला दोनों में मिलाकर सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मंधाना ने सिर्फ 50 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर लिया और वे अभी भी 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बैटिंग कर रही हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की टीम को ऐसे धुना जैसे कोई क्लब की टीम उनके सामने गेंदबाजी कर रही हो। सबसे तेज शतक लगाकर मंधाना ने विराट कोहली के रिकॉर्ड को चित किया है, जिन्होंने साल 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 52 गेंद पर शतक ठोका था।

# वैभव सूर्यवंशी को मिला गुरुमंत्र

## वीवीएस लक्ष्मण ने ऑस्ट्रेलिया को बताया बड़ा मौका

मुंबई, 20 सितंबर (एजेंसियां)। वैभव सूर्यवंशी के ऑस्ट्रेलिया में पहली बार खेलने की उलटी गिनती शुरू है. बस कुछ घंटे और फिर ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर शुरू हो जाएगा वैभव सूर्यवंशी के बल्ले का जोर दिखना. वैभव सूर्यवंशी भारत की अंडर 19 टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं, जिसे वहां पर व्हाइट बॉल और रेड बॉल की सीरीज खेलनी है. भारत की अंडर 19 टीम और वैभव सूर्यवंशी के ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस यानी NCA के हेड वीवीएस लक्ष्मण ने उन्हें गुरुमंत्र दिया. लक्ष्मण ने वैभव समेत सभी खिलाड़ियों से ऑस्ट्रेलिया दौरे को उनके लिए बड़ा मौका बताया है.





**वीवीएस लक्ष्मण ने दिया गुरुमंत्र**

भारत के पूर्व क्रिकेटर रहे वीवीएस लक्ष्मण का खुद भी ऑस्ट्रेलिया फेवरेट शिकार रहा है. उन्हें ऑस्ट्रेलिया में और ऑस्ट्रेलिया की टीम के खिलाफ खेलना हमेशा पसंद रहा है. और, अब अपनी उसी पसंदीदा टीम के खिलाफ कैसे खेलना है, ये बात वीवीएस लक्ष्मण ने वैभव सूर्यवंशी और भारत की अंडर 19 टीम को बतलाई है.

भारत की अंडर 19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में जी-तोड़ मेहनत की थी. पसीना बहाया था. उनके उसी एफर्ट को देखने के बाद वीवीएस लक्ष्मण ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया में खेलने के महत्व और तरीके के बारे में बताया.

वीवीएस लक्ष्मण ने पहले तो ऑस्ट्रेलिया में सीरीज के लिए वैभव सूर्यवंशी और अंडर-19 टीम को मुबारकबाद दी. फिर कहा कि ऑस्ट्रेलिया में खेलना एक बड़ा मौका है, जहां चुनौती बड़ी होगी और जिनका सामना आपको पूरे विश्वास के साथ करना होगा. ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर सिर्फ आपका इम्तिहान नहीं होगा बल्कि वो आपको आगे बढ़ने और अपने खेल को नई ऊंचाई तक ले जाने में भी मदद करेगा. वीवीएस लक्ष्मण ने आखिर में 3 बातें और कही. उन्होंने कहा कि अपनी काबिलियत को बैक करो, एक दूसरे पर भरोसा करो, और जो सफर चल रहा है उसके पूरे मजे लो. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की अंडर 19 टीम के सीरीज की शुरुआत 21 सितंबर से होनी है. पहले वनडे सीरीज होगी, जिसके 3 मुकाबले 21, 24 और 26 सितंबर को खेले जाएंगे. जबकि उसके बाद 30 सितंबर से मल्टी डे मैच खेले जाएंगे. भारत की अंडर 19 टीम को ऑस्ट्रेलिया में 2 मल्टी डे मैच खेलने हैं.

वैभव सूर्यवंशी के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रेड बॉल सीरीज यानी मल्टी डे मैच खेलने का तो अनुभव है, जो कि उन्होंने पिछले ही साल अपनी जमीन पर खेला था. मगर वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना पहली बार करते दिखेंगे.

# सीपीएल 2025: *48 घंटे में टूटा प्रीति जिंटा का सपना*

## टीम को मिले 2 मौके, फिर भी हो गई बाहर

खेल डेस्क, 20 सितंबर (एजेंसियां)। कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के क्वालिफायर-2 में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सेंट लूसिया किंग्स को 56 रनों से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली. प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में सेंट लूसिया किंग्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा. प्रीति जिंटा की मालिकाना हक वाली सेंट लूसिया किंग्स की टीम को कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिले, लेकिन वह दोनों ही मौकों पर फाइनल तक पहुंचने में नाकाम रही.

इस मुकाबले में सेंट लूसिया किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन ट्रिनबागो की आक्रामक बल्लेबाजी ने उन्हें 194 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद की. हालांकि, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की बल्लेबाजी की शुरुआत खराब रही, जब कॉलिन मुनरो सिर्फ 6 रनों पर आउट हो गए. इसके बाद निकोलस पूरन ने 32 गेंदों पर 50 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल रहे. एलेक्स हेल्स ने भी 58 रन की पारी खेली. इसके बाद काइरन पोलार्ड ने 26 गेंदों पर 35 रन ठोके, जिसमें चार छक्कों का कमाल था. आंद्रे रसेल ने आखिरी ओवरों में 12 गेंदों पर 28 रन बनाए, लेकिन वह रन आउट हो गए. जिसके चलते ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 194 का स्कोर बनाया. सेंट लूसिया किंग्स की ओर से गेंदबाजी में रोस्टन चेस ने तीन ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट लिया. वहीं, खरी पियरे और अल्जारी जोसेफ ने भी एक-एक विकेट हासिल किया. हालांकि, डेविड वीज काफी महंगे साबित हुए, उन्होंने दो ओवरों में 42 रन खर्च किए.




**138 रन की बना सकी सेंट लूसिया किंग्स**

जवाब में सेंट लूसिया किंग्स की ओर से काफी खराब बल्लेबाजी देखने को मिली. टिम सेफर्ट ने 40 गेंदों पर 57 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल रहे. लेकिन उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सका. ओपनर जॉनसन चार्ल्स 24 गेंदों पर सिर्फ 17 रन बना सके. टिम डेविड ने भी सिर्फ 28 रन बनाए. रोस्टन चेज ने 16 रन और आरोन जोन्स ने 12 रन की पारी खेली. जिसके चलते सेंट लूसिया किंग्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 138 रन ही बना सकी. बता दें, इससे पहले क्वालिफायर 1 में भी सेंट लूसिया किंग्स को हार का सामना करना पड़ा था.

# मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स ने पुनेरी पल्टन को हराया, दर्ज़ की सीजन की पांचवी जीत



जयपुर, 20 सितंबर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग के 12वें सीजन के 41वें मुकाबले में हरियाणा स्टीलर्स ने सांस रोक देने वाले रोमांच के बाद पुनेरी पल्टन को 34-30 के अंतर से हरा दिया। परिणाम चाहें जो भी रहा लेकिन इसमें कबड्डी की जीत हुई। हरियाणा की यह सात मैचो में पांचवीं जीत है जबकि पल्टन को नौ मैचों में तीसरी हार मिली।


सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हरियाणा की जीत में विनय (13) और शिवम (8) का अहम योगदान रहा। यह शिवम ही हैं, जिन्होंने दो अंक की रेड के साथ हरियाणा की जीत पक्की की। डिफेंस में कप्तान जयदीप ने चार और राहुल सेतपाल ने तीन शिकार किए। पल्टन के लिए पंकज मोहिते (14) ने अपना श्रेष्ठ खेल दिखाया और एक समय 10 अंक से पिछड़ रही टीम की वापसी कराई लेकिन वह उसे जीत नहीं दिला सके।

दो अच्छी टीमों के बीच मुकाबला जोरदार तरीके से शुरू हुआ। 2-0 से लीड लेने के बाद हरियाणा ने ग्रिप खोया लेकिन फिर भी पांच मिनट के बाद उसे 5-2 की लीड मिली हुई थी। इसके बाद गुरदीप का शिकार कर शिवम पल्टन को सुपर टैकल की स्थिति में ले आए। शिवम ने अगली रेड पर अबिनेश को आउट कर पल्टन को आलआउट की ओर धकेल दिया। जयदीप ने असलम को डैश कर पल्टन को आलआउट कर हरियाणा को 11-2 की लीड दिला दी।

आलइन के बाद हरियाणा ने दो के मुकाबले चार अंक लेकर 14-4 के स्कोर पर ब्रेक पर गई। ब्रेक के बाद पल्टन ने चार अंक लेकर वापसी की राह पकड़ी। इस दौरान हालांकि उसने एक अंक गंवाया भी। फासला अब 7 का रह गया था। आदित्य लगातार अंक ले रहे थे। हरदीप को आउट कर वह हरियाणा को सुपर टैकल की स्थिति में ले आए लेकिन विनय ने उसे इस स्थिति से निकाल लिया। अगली रेड पर हालांकि सेतपाल ने आदित्य को लपक लिया।

# विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में सूरज की क्वार्टर फाइनल में हार

## भविष्य के लिए उम्मीद जगाई



जागरेब, 20 सितंबर (एजेंसियां)। युवा सूरज वशिष्ठ ने सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के साथ 60 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया लेकिन आगे नहीं जा सके जबकि अमन शुरुआती दौर से ही बाहर हो गए। ग्रीको रोमन में अन्य पहलवान एक भी स्कोरिंग मूव नहीं बना सके लेकिन अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और अंडर 20 एशियाई चैंपियन सूरज ने दो मुकाबले जीते। सूरज ने एंजेल टेलेज को 3-1 से हराया और मोलदोवा के विक्टर सियोबानू को 3-1 से मात दी। वह क्वार्टर फाइनल में सर्बिया के जॉर्जिज तिबिलोव से 1-4 से हार गए।

72 किलोवर्ग में अंकित गूलिया क्वालिफिकेशन मुकाबले में कोरिया के योंगहुन नोह से तकनीकी श्रेष्ठता पर हार गए। नोह के क्वार्टर फाइनल में हारने से रेपचेज की उम्मीदें भी खत्म हो गई। नितेश ने 97 किलोवर्ग में क्रोएशिया के फिलिप स्मेटको को 3-2 से हराया, लेकिन दुनिया के नंबर एक ईरान के मोहम्मदहादी सारावी से 0-4 से हार गए। अमन को 77 किलो रेपचेज में यूक्रेन के इहोर बाइचकोव ने तकनीकी श्रेष्ठता पर हराया। इस बार विश्व चैंपियनशिप में अभी तक भारत को एकमात्र पदक अंतिम पंघाल ने महिलाओं के 53 किलोवर्ग में कांस्य जीतकर दिलाया है।

# जॉन सीना की वजह से डब्ल्यूडब्ल्यूई हुआ मालामाल

## 1 दिन में 10 करोड़ कमाकर कायम किया बड़ा रिकॉर्ड

खेल डेस्क, 20 सितंबर (एजेंसियां)। डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलपलूजा 2025 का आयोजन कुछ ही घंटों बाद होने वाला है. यह इंडियानापोलिस के गेनब्रिज फील्डहाउस से लाइव आएगा. इससे पहले डब्ल्यूडब्ल्यूई ने ऑफिशियल तौर पर एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है. यह खबर ट्रिपल एच और उनकी टीम के लिए बहुत ही शानदार है. हाल ही में 15 सितंबर को हुआ रा का एपिसोड स्प्रिंगफील्ड, मैसाचुसेट्स के मासम्यूचुअल सेंटर में हुआ था. शो में जॉन सीना ने भी एंट्री की. उनकी वजह से कंपनी को जबरदस्त फायदा हुआ है.



**डब्ल्यूडब्ल्यूई रामें जॉन सीना को देखने के लिए उमड़ी भीड़**

जॉन सीना का अभी रिटायरमेंट टूर चल रहा है. अपने 23 साल के करियर में उन्होंने खूब फैंस बनाए. पूरी दुनिया में उनके चाहने वाले हैं. कई लोग उन्हें रोल मॉडल मानते हैं. आपको बता दें कि सीना मैसाचुसेट्स के रहने वाले हैं. उन्होंने स्प्रिंगफील्ड कॉलेज से ग्रेजुशन किया है. सीना की यहां से कई यादें जुड़ी हैं. मासम्यूचुअल सेंटर में हुए रा के एपिसोड में जॉन को देखने के लिए भारी भीड़ लगी थी. कई लोग अपने लोकल हीरो को देखने आए.

15 सितंबर को हुए रा ने एक ही दिन में 1.1 मिलियन डॉलर (करीब करोड़) की इकोनॉमिक इनकम अर्जित की है. ऐसा कंपनी में पहले कभी नहीं हुआ. सीना की वजह से कंपनी ने खूब कमाई की और नया रिकॉर्ड कायम किया. अधिकारियों ने बताया कि सभी होटल और रेस्टोरेंट फुल थे. यह सबसे अधिक कमाई वाला दिन था क्योंकि एरीना में खाने-पीने की चीजों की बिक्री बहुत ज्यादा हुई. इस एरीना में पहली बार सबसे ज्यादा दर्शक इसी हफ्ते मौजूद थे.

रेसलपलूजा 2025 में जॉन सीना का मुकाबला ब्रॉक लैसनर के साथ होने वाला है. दोनों के बीच एक अंतिम मैच देखने के लिए फैंस बहुत ज्यादा उत्साहित हैं. सीना और लैसनर की टक्कर 11 साल बाद होने वाली है. लैसनर को हराकर सीना अपने करियर में इतिहास रच सकते हैं. सीना अगर द बीस्ट को मात देते हैं तो यह उनकी प्रीमियम लाइव इवेंट में 100वीं जीत होगी. हालांकि, लैसनर को हराना उनके लिए आसान काम नहीं होगा. इस हफ्ते स्मैक डाउनमें लैसनर ने सीना की हालत खराब करने की धमकी दी है.

# तेलंगाना में कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय पार्टियां कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों और रोजगार एवं शिक्षा क्षेत्रों में पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर आमने-सामने हैं। स्थानीय निकाय चुनावों से पहले दोनों दलों ने पिछड़े वर्गों का विश्वास जीतने के लिए बड़ी योजनाएं बनाई थीं, लेकिन वे जमीन पर नहीं उतर सकीं। इससे पिछड़े वर्गों में नाराजगी फैल गई और दलों की प्रतिबद्धता पर सवाल उठने लगे।

कांग्रेस सरकार का कहना है कि इस साल 17 और 18 मार्च को विधानसभा और विधान परिषद में दो विधेयक पारित कर राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजे गए थे। मंजूरी न मिलने पर अध्यादेश भी जारी किया गया और पंचायत राज अधिनियम 2018 व नगर पालिका अधिनियम 2019 में संशोधन भी किया गया, लेकिन कोई कदम सफल नहीं हुआ। 15 सितंबर को कामारेड्डी में जनसभा करने की योजना भी बारिश के कारण टल गई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार करेगी। अब यह साफ नहीं है कि सरकार 30 सितंबर तक उच्च न्यायालय द्वारा तय समय सीमा के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव करा पाएगी या नहीं। वहीं भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि पिछड़े वर्गों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने की आड़ में वह पिछड़े मुसलमानों को अधिक आरक्षण देना चाहती है। लेकिन भाजपा का यह अभियान अपेक्षित असर नहीं डाल पाया। बताया जा रहा है कि राज्य भाजपा नेताओं ने उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान नई दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व के सामने यह मुद्दा उठाया था, लेकिन कोई स्पष्ट आश्वासन न मिलने से वे निराश हो गए।

# मुख्य न्यायाधीश ने मुख्यमंत्री से अदालती सुविधाओं को उन्नत करने का आग्रह किया



हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश उज्ज्वल कुमार सिंह ने राज्य सरकार से राज्य भर की अदालतों में बुनियादी ढांचे और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने का आग्रह किया। शनिवार को एमसीआरएचआरडी में मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ बैठक के दौरान, उन्होंने राज्य की न्यायिक व्यवस्था की आवश्यकताओं की एक सूची प्रस्तुत की। उन्होंने न्यायिक व्यवस्था से संबंधित आवश्यक सुविधाओं के आवंटन और कर्मचारियों की नियुक्ति पर चर्चा की। मुख्य न्यायाधीश ने सरकार को नए जिलों में न्यायालय भवन और आवश्यक सुविधाएं स्थापित करने और कर्मचारियों की भर्ती पर भी चर्चा करने का सुझाव दिया। न्यायमूर्ति सिंह ने मुख्यमंत्री के विचारार्थ कई प्रस्तावों पर प्रकाश डाला। इसके जवाब में, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्राथमिकता आवश्यकताओं के अनुसार, विभिन्न जिलों (जिनमें नव स्थापित अदालतें भी शामिल हैं) में बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने और कर्मचारियों की नियुक्ति करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुख्य सचिव के. रामकृष्ण राव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. शेषाद्रि, विधि सचिव पापी रेड्डी, न्यायमूर्ति पी. सैम कोशी, न्यायमूर्ति अभिनंद कुमार शाविली और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नई पार्टी बनाने पर फैसला अभी विचाराधीन : कविता

हैदराबाद, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष कविता ने घोषणा की है कि नई पार्टी के गठन पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान, उन्होंने बताया कि बीआरएस की स्थापना से पहले, इसके नेता के. चंद्रशेखर राव ने किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कई लोगों से बातचीत की थी। उन्होंने कहा, मैं भी इसी तरह का रुख अपना रही हूं। मैं अपने पिता की पार्टी से निलंबित होने वाली पहली बेटी हूं। कालेश्वरम परियोजना के संदर्भ में, कविता ने बताया कि बीआरएस नेता हरीश राव ने पीसी घोष आयोग को सूचित किया था कि सभी फैसले केसीआर द्वारा लिए गए थे। उन्होंने आगे कहा, कालेश्वरम मुद्दे के अलावा, मुझे हरीश राव से कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं है। पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण बीआरएस से निष्कासित होने के बाद, कविता ने जोर देकर कहा कि उनकी कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का कोई भी नेता मुझसे संपर्क नहीं कर रहा है और न ही मैंने पार्टी में किसी से संपर्क करने की कोशिश की है। मैं हैरान हूं कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी बार-बार मेरा नाम क्यों ले रहे हैं। क्या वह कांग्रेस छोड़ने पर विचार कर रहे हैं? तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष ने किसी खास समूह के बजाय सभी के लिए काम करने की इच्छा जताई। पिछड़े वर्गों से जुड़ा मुद्दा मेरे दिल को छूता है। इस समय, मैं खुद को बोझिल महसूस कर रही हूं। मेरे दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और कई लोग मुझसे मिलने आ रहे हैं। मेरे पास बीआरएस नेताओं की एक बड़ी सूची है जो मुझसे संपर्क में हैं। इससे पहले एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में, कविता ने बताया कि कर्नाटक सरकार 100 टीएमसी पानी संग्रहित करने के उद्देश्य से अलमट्टी बांध की ऊंचाई 5 मीटर बढ़ाने के लिए 1.30 लाख एकड़ जमीन अधिग्रहित करने की तैयारी कर रही है।




# रियल एस्टेट व्यवसायी की गला रेतकर हत्या

### आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

राजन्ना सिरसिल्ला, 20 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिरसिल्ला के रियल एस्टेट व्यवसायी सिरिगिरी रमेश की हत्या कर दी गई। अज्ञात लोगों ने उनका गला रेतकर कत्ल किया। शव शनिवार को वेमुलावाड़ा मंदिर नगर के बाहरी इलाके नंदीकामन के पास एक कार में पाया गया। अभी तक हत्या का सटीक कारण सामने नहीं आया है, लेकिन जमीन विवाद को इस हत्या का संभावित कारण माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि एक आरोपी वेंकटेश ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।







Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.